www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान
करे हर सीमा पार

| सूर्योदय 7:18 | सूर्यास्त 5:23 | |
|---|---|---|
| **आज का तापमान** | | |
| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
| शिमला | 7.08 | 16.00 |
| धर्मशाला | 9.02 | 18.00 |
| **बाजार** | | |
| सेंसेक्स | | 71106.96 |
| निफ्टी | | 21349.40 |



धर्मशाला | रविवार, 24 दिसंबर 2023 | 9 पौष, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 6 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

मीरा चोपड़ा की कजिन्स परिणीति और प्रियंका ने फिल्म इंडस्ट्री में नहीं की मदद...पेज 16

# तीन फुट ऊंचे, आठ फुट लंबे सिंहासन पर विराजेंगे रामलला

अनंत ज्ञान विशेष




**भगवान** श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या संवर रही है। पौराणिक कथाओं में जैसा अयोध्या नगरी का उल्लेख है, बिलकुल वैसा ही मंदिर तैयार किया जा रहा है। रामलला का सिंहासन तीन फुट ऊंचा और आठ फुट लंबा बनाया गया है। यह सिंहासन राजस्थान के कारीगरों ने तैयार किया है। राम मंदिर के भूतल में लगे खंभों पर भगवान शंकर की मूर्तियां उकेरी गई हैं।

मंदिर के हर कोने को नक्काशीदार पत्थरों से तैयार किया है। राम मंदिर के भीतर से की नक्काशी की तस्वीरें लोगों को भाव-विभोर कर रही हैं। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले शिखर पर पांच मंडपों का निर्माण किया गया है। वहीं, प्राण-प्रतिष्ठा के लिए होने वाले अनुष्ठान को लेकर दो मंडपों का निर्माण किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट ने भव्य मंदिर की अनोखी तस्वीर जारी की है।

**3500** वर्गमीटर क्षेत्र का चबूतरा

**19** फुट 11 इंच हर स्तंभ की ऊंचाई

**5** मंडपों का मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले शिखर पर किया निर्माण

**2** मंडपों का निर्माण प्राण-प्रतिष्ठा के लिए होने वाले अनुष्ठान के लिए

**25** दिसंबर तक अयोध्या पहुंचेगा सिंहासन

**9** दिन में तैयार होगा पहला फ्लोर

नई और भव्य अयोध्या को देश और दुनिया देखेगी



**25** दिसंबर तक सांस्कृतिक सुरों में बहेगी भक्ति की रसधार

### संगमरमर व सोने की प्लेट लगे सिंहासन पर विराजेंगे रामलला

**अयोध्या** राम मंदिर के गर्भगृह का निर्माण पूरा हो चुका है। फिनिशिंग का काम चल रहा है। प्रभु रामलला संगमरमर और सोने की प्लेट लगे सिंहासन पर विराजमान होंगे। यह सिंहासन राजस्थान के कारीगरों ने बनाया है। सिंहासन 25 दिसंबर तक अयोध्या पहुंच जाएगा।

### राम की होगी राज्य वृद्धि

**मेष** लग्न के गुरु होने से राम की राज्य वृद्धि होगी। मेष लग्न का गुरु इस मुहूर्त का प्राण है। भगवान राम का जन्म भी अभिजीत मुहूर्त में 12 बजे के बाद ही हुआ था। 22 जनवरी को मेष लग्न में बैठे गुरु की पंचम, सप्तम और नवम भाव पर दृष्टि है।

- 20 मिनट मुहूर्त की शुद्धि का समय
- 19 जनवरी की शाम छह बजे से शुरू होकर छह बजकर 20 मिनट तक
- 20 जनवरी को सूर्योदय से पहले मुहूर्त शुद्धि का संकल्प होगा

### प्राण-प्रतिष्ठा का मुहूर्त

- एक मिनट 24 सेकंड के मुहूर्त में काशी के पंडितों ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का मुहूर्त तय किया।
- 12 बजकर 29 मिनट आठ सेकंड से मूल मुहूर्त होगा, जो 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक चलेगा यानी एक मिनट 24 सेकंड का ही प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त होगा।

### संपूर्ण भारत को एकसूत्र में पिरोएगा 'अयोध्या उत्सव'

**श्रीराम** जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी अयोध्या ही नहीं बल्कि विश्वभर में है। श्री अयोध्या न्यास एवं प्रज्ञा की ओर से शनिवार को तीन दिवसीय अयोध्या उत्सव का शुभारंभ हो गया। उत्सव की कड़ी में 25 दिसंबर तक रंगारंग मंच पर सांस्कृतिक सुरों की शाम सजेगी और भक्ति की रसधार बहेगी। अयोध्या उत्सव में लोक संस्कृति और कला की झलक भी दिखेगी। रामकथा और रामायण परंपरा पर आधारित प्रवचनों की श्रृंखला देखने को मिलेगी। अयोध्या उत्सव का उद्देश्य संपूर्ण देश को एकसूत्र में पिरोने का प्रयास है। श्रीराम सत्संग भवन (श्री मणिराम दास छावनी परिसर) अयोध्या उत्सव का साक्षी बना। अयोध्या उत्सव में लोक में राम विषय पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की ओर से प्रदर्शनी लगेगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जम्मू के अखनूर में घुसपैठ की कोशिश, एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अखनूर के खौर इंटरनेशनल बॉर्डर पर सेना ने आतंकी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर एक आतंकी को ढेर कर दिया। सेना के अधिकारी ने बताया कि निगरानी कैमरे में चार आतंकियों को देखा गया था। तीन आतंकी एक शव को घसीटते हुए इंटरनेशनल बॉर्डर के पार ले जाते दिखे। वहीं, पुंछ और राजौरी जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी है। उधर, पुंछ में एनकाउंटर के बाद तीन नागरिकों की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है।

### अब गूंगा पहलवान भी लौटाएंगे पद्मश्री अवॉर्ड

**रेवाड़ी।** रेसलर बजरंग पूनिया के बाद अब वीरेंद्र सिंह (गूंगा पहलवान) ने भी पद्मश्री अवॉर्ड लौटाने का ऐलान किया है। वीरेंद्र सिंह को 2021 में पद्मश्री सम्मान मिला था। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रेसिडेंट इलेक्शन में संजय सिंह की जीत के बाद रेसलर बजरंग पूनिया शुक्रवार को पीएम मोदी के घर के बाहर फुटपाथ पर अपना पद्मश्री अवॉर्ड रख आए थे। गूंगा पहलवान ने एक्स पर लिखा कि देश की बेटी के लिए पीएम मोदी को पद्मश्री लौटा दूंगा।

### कांग्रेस ने बदले प्रभारी: प्रियंका की जगह अविनाश को यूपी का जिम्मा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रियंका गांधी की जगह अविनाश पांडे को यूपी का प्रभारी बनाया है। सचिन पायलट को छत्तीसगढ़, रमेश चेन्निथला को महाराष्ट्र का एआईसीसी प्रभारी नियुक्त किया है। रणदीप सुरजेवाला को कर्नाटक, जयराम रमेश प्रवक्ता, मुकुल वासनिक महासचिव और माणिकराव ठाकरे गोवा का प्रभार सौंपा है।

## टॉप स्टोरीज

सोलन पुलिस ने ध्वस्त किया नशे का एक और नेटवर्क ...पेज 2

कर्मचारियों-पेंशनरों को दो साल बाद मिलेगा छठे वेतन आयोग का बकाया ...पेज 3

छह जनवरी को नियत स्थान पर पहुंचेगा आदित्य एल-1 ...पेज 16

**एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर**

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634

ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065



विधानसभा शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन तीन विधेयक पास, एक बिना चर्चा के पारित

# खनन पट्टे की लीज पर लगेगा स्टांप शुल्क

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

**धर्मशाला** के तपोवन में प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शनिवार को तीन विधेयक ध्वनिमत से पारित किए गए। भारतीय स्टांप (हिमाचल प्रदेश द्वितीय संशोधन) विधेयक 2023 व प्रदेश जल विद्युत उत्पादन पर जल उपकर संशोधित विधेयक को सदन में पारित कर दिया। वहीं, प्रदेश जीव अनाशित कूड़ा-कचरा नियंत्रण संशोधन विधेयक 2023 को बिना चर्चा के पारित कर दिया गया। अब खनन पट्टे की लीज पर स्टांप शुल्क लगाया जाएगा।

**वाटर सेस आयोग का नाम बदलकर जल आयोग होगा**

प्रदेश में अब जल उपकर आयोग का नाम बदलकर जल आयोग होगा। इस विधेयक पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। विपक्ष की ओर से रणधीर शर्मा ने विधेयक में संशोधन पर सवाल खड़े किए। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्र सरकार में भी जल आयोग स्थापित है और राज्य के जल आयोग भी उसी तर्ज पर काम करते हैं। केंद्र के जल आयोग के साथ तालमेल बिठाने के लिए इस संशोधन बिल को लाया गया है। (अनंत ज्ञान)



तपोवन में विस शीत सत्र में विपक्ष के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री सुक्खू।

### कंपनी हस्तांतरण पर लगेगा आठ फीसदी स्टांप शुल्क

**पारित** स्टांप विधेयक 2023 के अनुसार, पहली बार खनन पट्टे की लीज और कंपनी हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क का भुगतान करना होगा। अब तक इस अधिनियम में कंपनियों की ओर से संपत्ति के हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क लगाने का प्रावधान नहीं था। इस कारण कई केस सामने आते थे। इस समस्या के समाधान के लिए दूसरा संशोधन विधेयक लाया गया। कंपनी हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क बाजार मूल्य का आठ फीसदी और खनन पट्टे पर बाजार मूल्य या वार्षिक रॉयल्टी का छह फीसदी स्टांप शुल्क लगाना प्रस्तावित किया है।

### 20 हजार नौकरियां देगी सरकार: सुक्खू

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि 31 मार्च से पहले सरकारी क्षेत्र में 20 हजार युवाओं को नौकरियां दी जाएंगी। राज्य सरकार आउटसोर्स प्रचलन को कम करेगी।

**आउटसोर्स प्रचलन होगा कम**

सदन में लगाए प्रस्ताव सरकारी नौकरियां देने में असमर्थ और आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाने, भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की जांच और कार्यालयों के पुनः स्थापित करने के प्रश्न के जवाब में सीएम ने कहा कि सरकार आउटसोर्स कर्मचारियों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार में संरक्षण देने पर विचार कर रही है। पेपर लीक भर्ती मामले पर सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आयोग को भंग किया। सीएम ने कहा कि नए आयोग के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। ऑपरेशन थियेटर सहायक समूह के 162 पदों की लिखित परीक्षा को पायलट आधार पर करवाने के लिए मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दे दी है। पदों को भरने की अगली प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। ओपीएस लागू करके सरकारी नौकरियों के साथ संरक्षण दिया गया है।

### प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात, ठंड बढ़ी

**शिमला।** प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ। शुक्रवार रात से लाहौल-स्पीति व किनौर की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। वहीं, शनिवार को निचले व मध्य क्षेत्रों में बादल छाए रहे। इससे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। लाहौल-स्पीति के लोसर में ताजा हिमपात के बाद स्थानीय लोग स्केटिंग का मजा ले रहे हैं। ताजा हिमपात के बाद इन क्षेत्रों में सैलानियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, शिमला में अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को कई क्षेत्रों में दिनभर बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में धुंध ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि 25 दिसंबर को व्हाइट क्रिसमस की संभावना नहीं है। प्रदेशभर में मौसम के साफ रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 29 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा। -संबंधित खबर पेज दो पर

**25 दिसंबर को व्हाइट क्रिसमस की संभावना नहीं**

# सनवारा टोल प्लाजा पर युवक ने चलाईं गोलियां

## एक युवक हिरासत में, रिवॉल्वर और वाहन को कब्जे में लिया

तेजपाल नेगी, सोलन

**चंडीगढ़**-शिमला हाई-वे पर स्थित सनवारा टोल प्लाजा पर शनिवार को एक गाड़ी के अंदर से गोली चलने से हड़कंप मच गया। दो राउंड फायर किए जाने की पुष्टि हुई है। प्लाजा कर्मियों ने गाड़ी को रुकवाकर एक युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। बताया जा रहा है कि गाड़ी में अन्य लोग भी सवार थे। गाड़ी से बरामद पिस्तौल बरामद हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच के लिए सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम को सनवारा टोल प्लाजा के पास चंडीगढ़ की ओर से आई एक गाड़ी ने वीआईपी गेट से निकलने का प्रयास किया। प्लाजा कर्मियों ने जब गाड़ी में बैठे लोगों से उनका परिचय लेना चाहा, तो उन्हें बताया कि यह गाड़ी चंडीगढ़ के एक न्यायिक अधिकारी की है। कर्मियों ने कहा कि न्यायिक अधिकारी के गाड़ी में बैठे होने पर ही वीआईपी गेट से अनुमति मिल सकेगी। इस पर गाड़ी में बैठे एक युवक ने प्लाजा कर्मियों पर पिस्तौल से फायर कर दिया। प्लाजा कर्मियों ने युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेते हुए वाहन को कब्जे में ले लिया है। गाड़ी में सवार एक युवक न्यायिक अधिकारी का बेटा बताया जा रहा है। हिरासत में लिए गए युवक का नाम अखिलेश्वर बताया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**गोली चलाने वाला युवक बताया जा रहा चंडीगढ़ के न्यायिक अधिकारी का बेटा**

> **इस** मामले की जांच की जा रही है। एक युवक को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में ले लिया है। पूछताछ जारी है। वाहन से रिवॉल्वर बरामद हुआ है। आरोपी ने दो राउंड फायर किए हैं। आरोपी के खिलाफ जान से मारने का प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।
>
> **-गौरव सिंह, एसपी, सोलन।**

## कोरोना से चार की मौत, 752 नए मामले आए

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना के जेएन-1 वेरिएंट के पिछले 24 घंटे में 752 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि चार लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, केरल में सबसे ज्यादा 565 केस मिले हैं। दो लोगों की मौत हुई है और 297 ठीक हुए हैं, जबकि 266 लोगों का इलाज चल रहा है। एक्टिव केस के मामले में केरल के बाद कर्नाटक 70 केस के साथ दूसरे नंबर पर है। कर्नाटक और राजस्थान में एक-एक मौतें दर्ज की गई हैं।

### हिमाचल में भी अलर्ट जारी

**शिमला।** कोरोना के नए जेएन-1 वेरिएंट को लेकर हिमाचल प्रदेश में भी अलर्ट जारी कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लक्षण दिखाई देने पर कोरोना टेस्ट करवाने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों में अब कोरोना के टेस्ट लेने फिर से शुरू हो गए हैं। लोगों को सावधानी बरतने को कहा है।




**ताकत** ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, तेजस विमान समेत कई हथियारों की विदेशों में बढ़ी डिमांड

# 23 गुना बढ़ा भारत का रक्षा निर्यात

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत रक्षा के क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है बल्कि वैश्विक रक्षा निर्यात में एक प्रमुख खिलाड़ी बनता जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया का विस्तार करते हुए भारत का रक्षा निर्यात अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा निर्यात का आंकड़ा लगभग 16,000 करोड़ रुपए को छू गया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा निर्यात में 23 गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। रक्षा उपकरणों के भारतीय डिजाइन और विकास क्षमताएं अब 85 से अधिक देशों तक पहुंच रही है। रक्षा मंत्रालय ने उन हथियारों की सूची का खुलासा किया जिनकी डिमांड सबसे ज्यादा हो रही है। इनमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक कृन्त मिसाइल और मिसाइल रक्षा प्रणाली भी शामिल है। इसके अलावा तेजस विमान पिनाका रॉकेट लॉन्चर और 155 मिमी एडवांस्ड टोड आर्टिलरीन शामिल है।




### ये हथियार निर्यात

**निर्यात** किए जाने वाले प्रमुख हथियारों में डोर्नियर 228, 155 मिमी. एडवांस्त टोड आर्टिलरी गन, ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश मिसाइल सिस्टम, रडार, सिमुलेटर, माइन प्रोटेक्टेड वाहन, बख्तरबंद वाहन, पिनाका रॉकेट, लॉन्चर, गोला बारूद, थर्मल इमेजर्स, बॉडी आर्मर्स शामिल हैं। इसके अलावा लाइन रिप्लेसेबल यूनिट्स और एवियोनिक्स और स्मॉल आर्म्स के हिस्से और घटक भी निर्यात होने वाले सैन्य समाग्री में शामिल है।

### तेजस हल्का विमान

मंत्रालय की ओर से कहा गया कि भारत में निर्मित हल्का जेट लड़ाकू विमान तेजस की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह कई तरह की भूमिकाओं वाला लड़ाकू विमान है, जिसे हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड की ओर से विकसित किया गया है। यह एक सीट और एक जेट इंजन वाला हल्का युद्धक विमान है। तेजस के अलावा लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर, एयरक्राफ्ट कैरियर की भी विदेशों में काफी डिमांड है। भारतीय हथियारों की मांग सबसे ज्यादा लैटिन अमेरिकी देशों, अफ्रीकी देशों और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में हो रही है।

## राम जी का अयोध्या धाम



**देवभूमि** कुल्लू में भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में जो मूर्तियां हैं, उनका अयोध्या से अटूट बंधन है। भगवान श्रीराम चंद्र की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, जिससे राम आंदोलन के सभी बलिदानियों के साथ-साथ पूरे देशवासियों का सपना पूरा होने जा रहा है।

**महेश्वर सिंह,**
**मुख्य छड़ीबरदार भगवान रघुनाथ जी**




**अयोध्या** में भगवान श्रीराम चंद्र की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। श्रीराम मंदिर निर्माण की शुभ घड़ी आ गई है। भारत ही नहीं अपितु दुनिया भर में बसे समस्त हिंदू समाज के लोगों में इसको लेकर खुशी का माहौल है।

**दानवेंद्र सिंह**
**मुख्य कारदार भगवान रघुनाथ जी।**



**अयोध्या** में अगले साल राम लला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई। इस कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य अगर मिलेगा तो अवश्य शामिल होंगे। श्रीराम मंदिर निर्माण बलिदान के बाद संभव हो पाया है।

**पंकज सहोड़,**
**निवासी, रायपुर सहोड़ा, ऊना।**



**राम लला** के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और अयोध्या धाम में भव्य मंदिर के शुभारंभ मौके पर सभी देशवासियों को अनंत कोटी बधाई। रामलला को भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित करवाने वाले हजारों लाखों कार्यकर्ताओं को इस दिन की बधाई।

**विवेक भारद्वाज**
**नगर परिषद मैहतपुर बसदेहड़ा, ऊना।**



**मैं** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर बहुत उत्साहित हूं। भगवान राम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर बनने से प्रभु को उनका मान प्राप्त होगा। इससे सनातन धर्म को संबल मिलेगा। प्राण प्रतिष्ठा में जाने के इच्छा है। भविष्य में अवश्य जाऊंगा।

**जेपी वर्मा**
**हाउसिंग कॉलोनी सपरून।**




**अयोध्या** में श्रीराम की जन्म भूमि पर उनका भव्य मंदिर बनने से देश का हर नागरिक गौरवान्वित होना चाहिए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर धार्मिक पर्यटन के रूप में भी जाना जाएगा। अवसर मिलते ही अयोध्या नगरी में बने श्री राम मंदिर में प्रभु राम के दर्शन के लिए जाना है।

**मनीष ठाकुर**
**टैंक रोड, सोलन**



**श्रीराम** मंदिर अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना राम आंदोलन के तमाम बलिदानियों का सपना पूरा होना है। श्रीराम मंदिर निर्माण की शुभ घड़ी आ गई है। भारत ही नहीं, अपितु दुनिया भर में बसे समस्त हिंदू समाज के लोगों में इसको लेकर खुशी व्याप्त है।

**गीताराम ठाकुर**
**अधिवक्ता, उपमंडलीय न्यायालय सुंदरनगर।**



**हमने** पूर्वजों से सुना था कि 1525 में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को बाबर के सेनापति मीर बांकी ने ध्वस्त करवाया था। बाबरी मस्जिद और राम जन्मभूमि मंदिर पर सालों चले विवाद के बाद अब राम मंदिर फिर से बन गया है। हम भी श्रीराम के दर्शनों के लिए जाएंगे।

**प्रकाश भारद्वाज**
**निवासी सुंदरनगर।**

### मनाली में पर्यटन कारोबार ने पकड़ी रफ्तार, तीन दिन में पहुंचीं साढ़े चार हजार पर्यटक गाड़ियां

# अटल टनल के साउथ और नॉर्थ पोर्टल में बर्फ के फाहे, पर्यटक झूमे

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

अटल टनल रोहतांग के दोनों छोर पर शनिवार को बर्फ के फाहे गिरे। बर्फ देखने गए पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों से हुआ। आसमान से गिरे बर्फ के फाहों को देखकर पर्यटक झूम उठे। पर्यटकों ने कोकसर से सिस्सू तक हिमपात का आनंद लिया। शनिवार सुबह हिमपात होता देख पुलिस ने पर्यटकों को सोलंगनाला में रोक दिया, जिससे मनाली तक जगह-जगह लंबा जाम लग गया। हालांकि फोर व्हील ड्राइव वाहनों में पर्यटक अटल टनल के उस पार सिस्सू जा पहुंचे, लेकिन अधिकतर पर्यटकों ने सोलंगनाला से अटल टनल के बीच ही बर्फ के फाहों का आनंद लिया।

पहाड़ों पर हुए हिमपात से मनाली में पर्यटन कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। तीन दिन के भीतर बाहरी राज्यों से साढ़े चार हजार पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे हैं। शुक्रवार को 1800 पर्यटक वाहन बाहरी राज्यों से, जबकि पांच सौ पर्यटक वाहन शिमला, धर्मशाला, डलहौजी सहित विभिन्न शहरों से मनाली पहुंचे। वाहन चालक सुरेश, प्यारू, पूरण, सुरेंद्र व रवि ने बताया कि शनिवार को सोलंगनाला में पर्यटकों का जमावड़ा लग गया। कुछ पर्यटक अटल टनल के दोनों ओर जा पहुंचे। सभी पर्यटकों ने बर्फ के फाहों का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि स्नो प्वाइंट पर आए पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों से हुआ। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि क्रिसमस पर्व पर हो रहे हिमपात से पर्यटन कारोबार गति पकड़ेगा। उन्होंने बताया कि क्रिसमस के चलते रौनक दो गुना हुई है। (अनंत ज्ञान)



अटल टनल के साउथ और नॉर्थ पोर्टल में बर्फ के फाहे गिरे। इस दौरान बर्फबारी में मौज-मस्ती करते पर्यटक।

### क्रिसमस व न्यू ईयर के लिए मनाली के होटल 70 प्रतिशत एडवांस में पैक

**क्रिसमस** व न्यू ईयर के लिए मनाली के होटलों के 70 प्रतिशत कमरे एडवांस में पैक हो गए हैं। क्रिसमस के बजाय न्यू ईयर को लेकर एडवांस बुकिंग का रिस्पांस अच्छा है। सप्ताहांत के चलते पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। मनाली का मालरोड पर्यटकों से गुलजार हो गया। पर्यटन कारोबारियों की मानें तो क्रिसमस और नववर्ष पर पर्यटकों संख्या और बढ़ेगी। ट्रैवल एजेंट बुद्धि प्रकाश, सुरेश, प्रीतम व राहुल ने बताया कि क्रिसमस व न्यू ईयर को लेकर मनाली के स्तरीय होटलों के 70 प्रतिशत एडवांस में बुक हैं। उन्होंने बताया कि क्रिसमस के बजाय न्यू ईयर में अधिक भीड़ उमड़ेगी। होटल संचालक रोशन, हैपी, सुशील व रवि ने बताया कि सप्ताहांत के चलते मनाली में पर्यटकों से चहलपहल बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि क्रिसमस व न्यू ईयर में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए डीजे व कुल्लवी नाटी की विशेष व्यवस्था की है। उधर, पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ सड़कों पर यातायात का दबाव भी बढ़ गया। सड़कों पर वाहनों की लाइनें लगनी शुरू हो गई हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि यातायात नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। क्रिसमस व न्यू ईयर को अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं।

### 13 ग्राम नशीला पाउडर बरामद, दो गिरफ्तार

**शाहपुरकंडी।** शाहपुरकंडी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो युवकों को 13 ग्राम नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। शाहपुरकंडी थाना प्रभारी शोहरत मान ने बताया कि एसआई बलजीत सिंह समेत पुलिस कर्मी बैंक चौक में मौजूद थे। पुलिस को मुखिबर ने सूचना दी कि राजकुमार उर्फ राजा निवासी विष्णु नगर लमीनी और अमित कुमार निवासी बमियाल हाल निवासी मोहल्ला काजीपुर, जो कि नशा बेचने और करने के आदी हैं। यह दोनों रानीपुर संधुआ मोड पर वाटर सप्लाई ट्यूबवेल पर नशीला पदार्थ बेचने के लिए बैठे हुए हैं, जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर रेड की, जहां वाटर सप्लाई ट्यूबवेल के कमरे में दो युवक बैठे थे। एक नौजवान ने पुलिस पार्टी को देखकर अपनी जेब से एक लिफाफा दूर फेंक दिया और दोनों ने वहां से भागने की कोशिश की। पुलिस पार्टी ने दोनों युवकों को काबू करके जब लिफाफे की तलाशी ली तो उसमें से 13 ग्राम नशीला पाउडर बरामद हुआ।

# कुफरी में घोड़ों के मामले में एक्शन रिपोर्ट न देने पर अफसर दिल्ली तलब

### कुफरी में घोड़ों के चलते पर्यावरण व देवदार के पेड़ों को हो रहा नुकसान, 12 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी ने मशहूर पर्यटन स्थल कुफरी से जुड़े घोड़ों के मामले में हिमाचल के अफसरों की लापरवाही पर संज्ञान लिया है।

एनजीटी ने दो महीने पहले के आदेशों की एक्शन टेकन रिपोर्ट नहीं देने और कोर्ट की सुनवाई में किसी के उपस्थित नहीं रहने पर नाराजगी जाहिर की है।

इस पर एनजीटी हिमाचल के सचिव फॉरेस्ट, वन विभाग के मुख्या पीसीसीएफ और डिप्टी कंजरवेटर ऑफ फोरेस्ट व्यक्तिगत तौर पर अदालत में पेश होने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में एनजीटी में अब अगली सुनवाई 12 फरवरी हो होगी। हालांकि अदालत में हुई सुनवाई में डीएफओ शिमला वर्चुअली जुड़ें, लेकिन उन्होंने अपने आपको अनम्यूट नहीं किया। इससे पहले सरकार की ओर से एनजीटी को कोई एक्सप्लेन करने वाला नहीं था। एनजीटी ने दो माह पहले ऑर्डर किए थे, जिसमें कहा गया था कि कुफरी में घोड़ों की संख्या अनियंत्रित करना जरूरी है। एनजीटी ने अपने पिछले आदेशों में स्पष्ट किया है कि कुफरी में रोजाना 217 घोड़ों को चलाने की अनुमति दी जाए, जबकि वर्तमान में 700 से 1000 घोड़े चल रहे हैं।

एनजीटी के इन आदेशों से घोड़ा कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। कुफरी में घोड़ों के चलते हो रहे पर्यावरण व देवदार के जंगल को नुकसान को लेकर कमेटी गठित की गई थी, जिसकी रिपोर्ट एनजीटी को भेजी गई थी।



फाइल फोटो

# सोलन पुलिस ने ध्वस्त किया नशे का एक और नेटवर्क

### सोलन के रहने वाले चार पैडलर और चंडीगढ़ निवासी तस्कर किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए बनाई गई पुलिस की स्पेशल टीम ने चंडीगढ़ निवासी चिट्टा सप्लायर और सोलन के रहने वाले चार अन्य युवकों को दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। पुलिस इस मामले में अभी कुछ और गिरफ्तारियां भी कर सकती है। परवाणू के डीएसपी प्रणव चौहान ने बताया कि 17 दिसंबर को पुलिस की स्पेशल टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर परवाणू के भोजनगर एरिया में एक बोलेरो गाड़ी को इंटरसेप्ट करके उसमें सवार चार लोगों की तलाशी ली तो उनके पास से कुल 10.24 ग्राम चिचट्टा बरामद हुआ।

वे इस नशे के सामान को युवाओं को बेचने के लिए चंडीगढ़ की तरफ से मह्ला तो जोहड़जी सड़क से सोलन की तरफ ला रहे थे। पुलिस ने इस अभियान में चंबाघाट के बेरगांव निवासी 38 वर्षीय विकास ठाकुर ऊर्फ खौला, सलोगड़ा के शांबर गांव निवासी 40 वर्षीय देवेंद्र बत्ता, सोलन के रबौण निवासी 34 वर्षीय आशुतोष अत्रि और चंबाघाट के बेर गांव निवासी 34 वर्षीय राजेश कुमार ऊर्फ बातो को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अदालत में पेश करने के बाद आगे की पूछताछ के लिए अदालत से पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे 16 दिसंबर को चंडीगढ़ के सेक्टर 38 में रहने वाले अश्विनी कुमार से 24 हजार रुपए में यह चिट्टा खरीद कर लाए थे। इसके बाद परवाणू पुलिस ने 19 दिसंबर को चिट्टे की तस्करी में लगे इस गिरोह के मुख्य सरगना 30 वर्षीय अश्वनी कुमार को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ जारी है। इस मामले में जानकारी देते हुए सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि पकड़े गए चारों आरोपी पिछले तकरीबन आठ सालों से नशे की तस्करी में लगे थे। उन्होंने बताया कि विकास पर एनडीपीएस एक्ट के दो, राजेश पर तीन, आशुतोष अत्रि पर तीन और देवेंद्र पर एक मुकदमा भी पहले से दर्ज है।



सोलन पुलिस की गिरफ्त में नशे के सौदागर।

### अब तक 230 आरोपी गिरफ्तार

**सोलन** पुलिस द्वारा इस वर्ष अभी तक बाहरी राज्यों के 75 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमे चिट्टे के 65 बड़े सप्लायर शामिल हैं। जो दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से हैं। इनमें पांच अफ्रीकी मूल के नाइजीरियन नागरिक भी शामिल हैं। इन बाहरी राज्यों के तस्करों द्वारा हिमाचल प्रदेश में चलाए जा रहे चिट्टा तस्करी के 11 बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्कों को ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे हजारों युवाओं को चिट्टा की आपूर्ति बंद हुई है। उन्होंने बताया कि सोलन की जिला पुलिस ने इस वर्ष अभी तक नशा तस्करी के 107 मामले दर्ज करके 230 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# साथी शिकारी को गोली मारने के तीन आरोपियों को न्यासिक हिरास्त

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

इलाके के बडैहर में सीर खड्ड के किनारे शिकार करने के दौरान गोली लगने से हुई बलवीर सिंह की मौत का खुलासा अभी तक आरोपियों ने नहीं किया है। किस शिकारी की बंदूक की गोली लगने से यह घटना हुई है। इसके लिए अभी तक पुलिस जांच में जुटी हुई है। शनिवार को चारों आरोपियों को पुलिस ने दूसरी बार हमीरपुर कोर्ट में पेश किया गया, जिसमें कपिल देव पुत्र वसंत सिंह गांव नगरोटा गाजियां, विपिन कुमार पुत्र रेलू राम गांव धमरोल व मनोज चौहान पुत्र कश्मीर सिंह गांव हनोह को कोर्ट ने तीन जनवरी, 2024 तक न्यासिक हिरास्त में भेज है, जबकि चौथे आरोपी दिनेश कुमार पुत्र धनी राम गांव लगमन्वीं को 26 दिसंबर तक पुलिस रिमांड दी है।

उल्लेखनीय है कि यह घटना 19 दिसंबर करीब डेढ़ बजे की है, जब पांच लोग बडैहर में सीर खड्ड के किनारे जंगली सुअरों का शिकार कर रहे थे। पुलिस में चारों आरोपियों से उनकी बंदूकें भी जब्त कर ली है और जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि चारों आरोपियों ने सुअर को मारने के लिए गोलियां चलाई हैं।

बलवीर सिंह की मौत किस शिकारी को गोली लगने से हुई है, इसका अभी तक किसी को पता नहीं चला है। पुलिस का दावा है कि फारेंसिक रिपोर्ट आने के बाद इसकी सही जानकारी मिलेगी। मामले की जांच कर रहे जाहू पुलिस चौकी प्रभारी अजैयब सिंह का कहना है कि मामले की जांच जारी है। तीन आरोपियों को तीन जनवरी तक न्यायिक हिरास्त और एक आरोपी को 26 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर भेजा है।

## न्यूज ब्रीफ

### खेतों में मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

**भराड़ी।** भराड़ी थाना के तहत आने वाले गुगाल गांव के 43 वर्षीय व्यक्ति का शव घर से आधा किलोमीटर दूर खेतों में मिला है। व्यक्ति शुक्रवार दोपहर को अपने घर से काम के सिलसिले में निकला था। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों संग गांव के लोगों ने व्यक्ति को ढूंढने का प्रयास किया। इस दौरान सुनसान जगह पर खेतों में जब मोबाइल की घंटी बजी तो वहां पर व्यक्ति का शव पड़ा था।भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

### एमएससी छात्र की सुंदरनगर में संदिग्ध मौत

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर में पढ़ाई कर रहे थुनाग के एक 23 वर्षीय युवक की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मामले में मृतक स्थानीय महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल कालेज सुंदरनगर में एमएससी की पढ़ाई करता था और अपने कमरे में बेहोश पाया गया था। इसके उपरांत युवक को इलाज के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक ले जाया गया था, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर उसे आगामी इलाज के पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया गया था। इस दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की शिनाख्त पुनीत कुमार पुत्र हरबंस निवासी गांव सुनात डाकघर बगस्याड़ तहसील थुनाग जिला मंडी के तौर पर हुई है।

### बंदला पंचायत प्रधान को डीसी का नोटिस

**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक में बदलाधार में क्रिसमस का जश्न मनाने पर रहेगी पाबंदी खबर का कड़ा संज्ञान लेते हुए इस संबंध में तफ्तीश करते हुए बंदलाधर पंचायत प्रधान को नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि त्योहार मनाना प्रत्येक भारतीय का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि पंचायत संवैधानिक निकाय के अधीन कार्य करती है जिसके द्वारा ऐसा निर्णय लिया जाना निंदनीय है।

**आयोजन** मंडी के पड्डल मैदान में भर्ती के चौथे दिन फिजिकल टेस्ट देने पहुंचे 481 अभ्यर्थी

# अग्निवीर बनने को युवाओं का जोश हाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अग्निवीर भर्ती रैली के चौथे दिन शनिवार को 481 अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट देने के लिए मंडी के पड्डल ग्राउंड पहुंचे। चौथे दिन जिला मंडी की निहरी, पद्धर, पांगणा, रिवालसर, संधोल, सरकाघाट, सुंदरनगर, थाची, थुनाग, टीहरा और टिक्कन तहसीलों से लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण रहे अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय मंडी कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि रैली के चौथे दिन लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 553 में से 481 अभ्यर्थियों ने शारीरिक परीक्षा में भाग लिया।


उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को मंडी सदर तहसील के अभ्यर्थी भाग लेंगे। मंडी सदर तहसील से 186 युवाओं ने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है।



शनिवार को पड्डल मैदान में अग्निवीर भर्ती के चौथे दिन फिजिकल टेस्ट देते युवा।

### अब तक फिजिकल टेस्ट में भाग ले चुके 1638 अभ्यर्थी

24 दिसंबर को ही अग्निवीर क्लर्क भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 102 अभ्यर्थी, टेक्निकल में 82 और ट्रेडमैन में 25 अभ्यर्थियों को भर्ती रैली में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि 20 दिसंबर से शुरू हुई भर्ती रैली में अब तक कुल 1638 अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट में भाग ले चुके हैं। रैली में पहले दिन 255 अभ्यर्थियों ने तथा दूसरे दिन 473 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जबकि तीसरे दिन 429 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था।



# खो-खो में गीतिका सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

## फायरिंग में शिवानी रही सेकेंड

### प्रदेश स्तरीय वार्षिक एनसीसी जूनियर विंग शिविर में 24 छात्राओं ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की 24 छात्राओं ने कालाअंब में आयोजित एनसीसी जूनियर विंग की प्रदेश स्तरीय वार्षिक शिविर में भाग लिया। इस शिविर में पाठशाला की छात्रा शिवानी फायरिंग जूनियर विंग में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रही।

इसी तरह मन्नत सोलो नृत्य में द्वितीय स्थान पर रही। गीतिका ने खो-खो में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता और रिद्धि वर्मा ने बेस्ट कैडेट में दूसरा स्थान झटका। पाठशाला की अध्यापिका एनसीसी ऑफिसर मीरा ठाकुर ने यह जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने सभी विजेता कैडेट्स को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



कालाअंब में प्रदेश स्तरीय एनसीसी जूनियर विंग में भाग लेती छात्राएं।



# धर्मशाला विधानसभा शीतकालीन सत्र



# कर्मचारियों–पेंशनरों को दो साल बाद मिलेगा छठे वेतन आयोग का बकाया

## सदन में बोले सुक्खू, पूर्व सरकार से मिली बदहाल अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में लगेंगे दो साल, फिर होगा एरियर का भुगतान

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार मिलने वाले बकाए के लिए दो वर्ष का इंतजार करना होगा। कर्मचारियों व पेंशनरों की शीघ्र बकाया राशि मिलने की आस धूमिल हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस प्रक्रिया में दो साल तक का समय लग सकता है। शनिवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत राज्य कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का 10,000 करोड़ रुपए बकाया है।

सुक्खू ने खेद जताया कि पिछली भाजपा सरकार ने सिफारिशों को लागू किया था, लेकिन बजट में धन आवंटित करने में विफल रही, जिससे राज्य को बोझ से जूझना पड़ा। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार से विरासत में मिली खराब वित्तीय स्थिति के कारण राज्य की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की चुनौतियों को स्वीकार किया। उन्होंने अनुमान लगाया कि बहुप्रतीक्षित बकाया राशि के भुगतान से पहले अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में एक–दो साल लगेंगे। पूर्व सरकार द्वारा दी गई बदहाल अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में एक से दो साल लगेंगे और इसके बाद ही एरियर का भुगतान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू तो कर दिया, लेकिन इसके लिए बजट का कोई प्रावधान नहीं किया। इससे पूर्व, विधायक राजेंद्र राणा के मूल सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के पेंशनभोगी कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग के अनुसार संशोधित पेंशन देने का मामला सरकार के पास विचाराधीन है। उनकी सरकार ने सत्ता संभालते ही राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली को तुरंत बहाल कर दिया, जिससे 500 से अधिक सेवानिवृत्त व्यक्तियों को लाभ हुआ।



धर्मशाला में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन सदन की कार्यवाही में भाग लेते सीएम सुक्खू।

### एसपीओ का मानदेय बढ़ाने में आर्थिक चुनौतियां

**भाजपा** सदस्य डीएस ठाकुर के सवाल पर मुख्यमंत्री ने बताया कि डलहौजी हलके के सीमांत इलाकों में कार्यरत विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) जवानों को जम्मू-कश्मीर की तर्ज़ पर मानदेय प्रदान करने का राज्य सरकार का विचार नहीं है। विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद उनकी सरकार ने इनके मानदेय में बढ़ोतरी की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक बार जब राज्य अपनी आर्थिक चुनौतियों से उबर जाएगा तो एसपीओ के मानदेय में बढ़ोतरी की जाएगी।

### विधायक अपने फंड के पैसे कर सकते हैं डायवर्ट

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायक होशियार सिंह के सवाल पर कहा कि एमपी एमएलए फंड सहित तमाम सारे कार्य समय पर हों, इसके लिए सरकार गंभीरता से कम कर रही है। उन्होंने कहा कि कई बार मामला न्यायालय में होने के चलते काम रुक जाते हैं। ऐसे में विधायक को यह सुविधा भी दी गई है कि वह अपने फंड को दूसरे स्थान पर डायवर्ट कर सकते हैं। विधायक होशियार सिंह ने अपने क्षेत्र के स्वीकृत 1261 कामों में से 816 की पेंडिंग होने पर सरकार से कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करवाने का मामला उठाया था।

### हिमाचली हितों से नहीं होने दिया जाएगा खिलवाड़: अग्निहोत्री

**धर्मशाला।** शीतकालीन सत्र के दौरान जल विद्युत उत्पादन पर जल उपकर संशोधन विधेयक के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य जल आयोग की स्थापना से हिमाचल के हितों की अनदेखी नहीं होगी। वह विधायक रणधीर शर्मा के सवाल पर बोल रहे थे। रणधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार जल आयोग इसलिए बनाना चाहती है, ताकि इस प्रदेश के सभी नदी-नालों और तालाबों को इसके अधीन लाया जा सके, ताकि इससे अधिक कर लिया जा सके। उन्होंने कहा कि जल आयोग बनने से प्रदेश की कई योजनाओं को चलाने में दिक्कत होगी। बागवानों को मुश्किल का सामना करना पड़ेगा, लेकिन मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस का सिर्फ नाम बदल गया है, बाकी इस बिल में जैसा पहले था वैसा ही रहेगा।

### तपोवन के 17वें सत्र में माननीय सदस्यों ने पूछे 471 प्रश्न: कुलदीप पठानिया

**धर्मशाला।** शनिवार को सत्र समाप्ति के पश्चात मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए विधानसभा के माननीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि 14वीं विधानसभा का चतुर्थ सत्र अपेक्षा अनुरूप पूर्ण सफलता के साथ संपन्न हुआ है। यह तपोवन में 17वां तथा धर्मशाला में 18वां सत्र आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सत्र में माननीय सदस्यों द्वारा 471 प्रश्न सरकार से पूछे गए, जिसमें 348 प्रश्न तारांकित तथा 123 अतारांकित प्रश्न पूछे गए। उन्होंने कहा कि सदन में नियम 61 के अंतर्गत चार विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सदन में नियम 62 के तहत पांच विषयों पर तथा नियम 63 के अंतर्गत एक विषय पर सार्थक चर्चा की गई। नियम 101 के अंतर्गत पांच, नियम 102 के अंतर्गत दो, नियम 130 के अंतर्गत सात तथा नियम 324 के अंतर्गत सात विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। सभा की समितियों के 41 प्रतिवेदन सभा में उपस्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त माननीय मंत्रियों द्वारा अपने- अपने विभागों से संबंधित दस्तावेज भी सभा पटल पर रखे गए तथा महत्वपूर्ण वक्तव्य भी दिए गए। उन्होंने सदन की कार्यवाही संपन्न होने पर माननीय मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष तथा उपमुख्यमंत्री सहित संसदीय कार्यमंत्री का भी धन्यवाद किया, जिनकी वजह से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित कर पाए। इसके साथ ही उन्होंने माननीय विधानसभा उपाध्यक्ष, सदस्यों सहित अधिकारियों/ कर्मचारियों का धन्यवाद किया।



शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन सदन की कार्यवाही का संचालन करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

### निगम की छवि को न करें खराब

**धर्मशाला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक जनक राज के सवाल पर कहा कि एचआरटीसी अपने 50 में वर्ष में प्रवेश कर रही है और हिमाचल में बेहतर सेवाएं दे रही है। ऐसे में निगम की छवि को कोई भी खराब न करें, जो बसे चलती हैं, वे रुक भी जाती भी हैं। उन्होंने बताया कि करीब साढ़े 13 करोड़ रुपए के घाटे के बावजूद हिमाचल में 3200 बसें सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने बताया कि डोडा और भदवाह के लिए भी इंटर स्टेट बस चलाई जा रही है और इसके लिए प्रयास किया जा रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि चंबा डिपो में 149 बसें स्वीकृत हैं और 151 बसें उपलब्ध हैं। इसके अलावा पांच टेंपो ट्रैवलर भी चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि चंबा में 200 चालक और 202 परिचालक भी उपलब्ध हैं और 175 रूट पर बसें चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रूहनु कोठी के लिए बस तभी चलाई जा सकती है, जब लोक निर्माण विभाग से रोड फिटनेस का प्रमाण पत्र मिल जाए।

# आउटसोर्स कर्मचारियों पर पहले चर्चा नहीं करवाने पर विपक्ष ने की नारेबाजी

## सरकारी नौकरियां नहीं देने की चर्चा पर अड़ा विपक्ष, हंगाम भी किया

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

प्रदेश विधानसभा सदन में विपक्ष ने शनिवार को भोजन अवकाश के बाद नारेबाजी और हंगामा किया। विपक्ष व्यवस्था का प्रश्न उठाकर इस बात पर अड़ा रहा कि नियम 130 में सरकारी नौकरियां नहीं दे पाने और आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाने पर चर्चा पहले करवाई जाए।

सरकार ने इससे पहले अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड हमीरपुर पर भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की जांच पर चर्चा को पहले लाया है। इसे न करवाकर आउटसोर्स कर्मचारियों वाली चर्चाओं को पहले किया जाए। इस पर दोनों पक्षों की लंबी नोकझोंक के बाद दोनों विषयों को क्लब कर चर्चा की गई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि शुक्रवार को निवेदन किया था कि यह महत्वपूर्ण विषय है। यह विषय आपसे जुड़ा हुआ नहीं था, जब कहा गया कि बेरोजगारों से संबंधित विषय पर नियम 67 को रद्द करते हैं, ईमानदारी से पालन किया गया, जो प्रस्ताव सतपाल सत्ती और सुखराम चौधरी ने दिया, उसे पहले सदन में लाया जाए। अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड पर चार बार चर्चा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अगर चर्चा के लिए सत्र को बढ़ाना पड़े तो इसे बढ़ा दिया जाएगा। सदन में क्या कब लगाना है, यह डिक्टेट करना सही नहीं है। मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि दोनों मुद्दे महत्वपूर्ण है। दोनों की मंशा एक है।

### गारंटियां बनीं फांस

**भाजपा** के विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने जनता को झूठी गारंटियां दी हैं और अब यह गारंटियां उनके गले की फांस बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों के कांग्रेस नेताओं के कहने पर यहां की कांग्रेस ने बडी-बड़ी गारंटियां दे दीं, जिसे अब पूरा नहीं किया जा सकता।

### कांग्रेस ने बहकावे में दी गारंटियां: सत्ती

**भाजपा** विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने चर्चा आरंभ करते हुए कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में बहकावे में आकर गारंटिया दी, लेकिन अब यही गारंटियां उसके गले की फांस बन गई हैं। 75 साल में हिमाचल में कर्मचारियों की संख्या अढ़ाई लाख पहुंची है, ऐसे में कांग्रेस पांच साल में पांच लाख नौकरियां कैसे देगी।

# 11 माह में दुष्कर्म के 338 और हत्या के 85 मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश में दिसंबर, 2022 से 15 नवंबर, 2023 तक कुल 1693 मामले दर्ज हुए हैं। विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री ने यह जानकारी दी। प्रदेश में दुष्कर्म के 338 और हत्या के 85 मामले दर्ज किए गए हैं। ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती और जसवां परागपुर के विधायक बिक्रम सिंह के सवाल पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि पहली जनवरी 2022 से 31 अगस्त 2023 तक राज्य में अवैध खनन के 2610 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 1534 मामलों को कंपाउंड करने के बाद दोषियों से 2.42 करोड़ का जुर्माना वसूला गया है।

बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के सवाल के जवाब में आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि आयुर्वेदिक औषधालय बिझड़ी में विभिन्न श्रेणियों के पांच पद रिक्त हैं और इन्हें भरने के लिए विभाग प्रयासरत है।

### रोजगार के लिए चाहिए स्थायी नीति: चंद्रशेखर

**कांग्रेस** विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि प्रदेश में रोजगार देने के लिए स्थायी नीति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है, जिससे पूरी गंभीरता के साथ निपटना होगा। सरकार ने इस दिशा में प्रयास किए हैं जो बहुत जल्द सिरे चढ़ेंगे।

### भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया था आयोग

**कांग्रेस** के विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि आयोग भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका था, जहां पर नौकरियां बेची जा रही थीं। इससे प्रदेश की साख पर भी बट्टा लगा। उन्होंने कहा कि युवा आज आशा भरी नजर से सरकार की तरफ देख रहे हैं।

### स्टांप ड्यूटी को दस गुना बढ़ाकर सरकार ने जनता पर डाला बोझ: बरागटा

**शिमला।** बीजेपी ने जमीन खरीदने पर स्टांप ड्यूटी में दस गुना बढ़ोतरी के हिमाचल सरकार के फैसले को आम जनता पर बोझ डालने वाला बताया है। सरकार ने स्टांप ड्यूटी में इजाफे के लिए कानून में संशोधन किया है। हिमाचल प्रदेश बीजेपी के प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने शनिवार को शिमला में कहा कि जबसे राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी है, व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर बिना सोचे समझे गलत निर्णय लिए जा रहे हैं। सरकार के संशोधन के अनुसार अब पुरुषों को 50 लाख की प्रॉपर्टी पर छह प्रतिशत और इससे अधिक की खरीद पर असठ प्रतिशत स्टांप ड्यूटी चुकानी पड़ेगी। बरागटा ने कहा कि 100 की जगह 200 रुपए जीपीए करना तो सही होता, सरकार पांच प्रतिशत की वृद्धि करती तो उसे उचित माना जाता, लेकिन 100 को सीधे 1000 रुपए करना सही नहीं है। यह हैरान करने वाला निर्णय है।

### दस वर्ष बाद अनुबंध में आएंगे जल रक्षक

**धर्मशाला।** उपमुख्यमंत्री ने जल रक्षकों को आश्वासन दिया कि अनुबंध पर आने की अवधि को 12 से घटकर दस वर्ष कर दिया जाएगा। जल रक्षक महासंघ के सदस्य अपनी मांगों को लेकर धर्मशाला में विधानसभा सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिले। उन्होंने उनके समक्ष अपनी मांगें रखते हुए बताया कि उनके अनुबंध पर आने की अवधि को 12 वर्ष से कम किया जाए और उनके पदों का सृजन किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि अनुबंध पर आने की अवधि को 12 से घटकर दस वर्ष कर दिया जाएगा। जल रक्षक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष रूप लाल, उपाध्यक्ष बबलू वर्मा, सुनील, टेकचंद डोलम चंद, हरि, मीना ठाकुर, पुष्पराज, बबलू, सनी, राजेश, विधि चंद और केवल चंद आदि ने कहा कि उनकी मांगें पूरे होने पर जल्द ही सरकार के पक्ष में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हिमाचल के समस्त जल रक्षक भाग लेंगे।

**हल्ला बोल** — सेब के मूल्य को लेकर भाजपा ने किया विधानसभा के बाहर जोरदार प्रदर्शन

# गमछे पहन सेब की पेटियां लेकर पहुंचे विधायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन भी भाजपा ने अपना विरोध जारी रखते हुए हाथों में सेब की पेटियां और सेब लेकर विधानसभा के बाहर विरोध–प्रदर्शन किया। गले में गमछे पहनकर और हाथों में सेब की पेटियां लेकर भाजपा के विधायक विधानसभा परिसर में पहुंचे।

सेब की पेटियों पर लिखा हुआ था कि सेब का मूल्य बागवान खुद तय करेंगे। इस मसले को लेकर भाजपा विधायक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में विधानसभा के बाहर पहुंचे भाजपा विधायकों ने पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक अपना विरोध जारी रखा। कांग्रेस ने जो गारंटियां दी थीं उस मामले को लेकर भाजपा लगातार आवाज उठा रही है।




विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सेब की पेटियां लेकर विधानसभा पहुंचे भाजपा विधायक।

### गारंटियों को लेकर पांचवें दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

**शीतकालीन** सत्र के अंतिम दिन भी भाजपा उन गारंटियां को लेकर अपना विरोध जारी रखते हुए विधानसभा परिसर के बाहर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने जो गारंटियां दी थीं, उनको पूरा करवाने के लिए वह लगातार उन्हें उन गारंटियों को याद करवाते रहेंगे। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर विपक्षी दल भाजपा का कहना था कि कांग्रेस सरकार ने चुनाव जीतने के लिए गारंटियां तो कर दीं, लेकिन उनको पूरा करने में फेल साबित हुई। इस तरह धर्मशाला के तपोवन सिद्ध विधानसभा परिसर में शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन भी लगातार भाजपा ने सदन के शुरू होने से पहले गारंटियों को लेकर प्रदर्शन करने का क्रम जारी रखा तथा प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरने की पूरी-पूरी कोशिश की।

## प्रश्नकाल

### स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों के बैकलॉग के 536 पद खाली




**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि फ्रीडम फाइटर के परिवार जनों को नौकरी देने के लिए भरे जाने वाले पदों को लेकर सरकार गंभीर है, लेकिन कई बार कई पदों के लिए योग्य व्यक्ति नहीं मिलते हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षण संबंधी रोस्टर पुराने नियमों के आधार पर चल रहा है तथा भविष्य में संबंधित लोगों को लाभ मिल सके इस दिशा में सरकार गंभीरता से विचार करेगी। फ्रीडम फाइटर के परिजनों को नौकरी देने और 536 पदों को भरने संबंधी सवाल ज्वालाजी के विधायक संजय रतन ने उठाया था।

### डॉक्टरों के 145 पद भरे जाएंगे: धनीराम शांडिल

**धर्मशाला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल ने विधायक इंद्र दत्त लखनपाल के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सरकार पब्लिक सर्विस कमीशन के माध्यम से 145 नए डॉक्टरों की नियुक्तियां कर रही है, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों को भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी के खाली पदों को भी आने वाले समय में भरने की प्रक्रिया चलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में करीब 21 डिस्पेंसरी खोलने की अधिसूचना तो जारी हो गई थी और वह फंक्शनल भी हो गई, लेकिन उनमें पद ही सृजित नहीं किए गए, जिसके चलते इन स्वास्थ्य संस्थानों में पद खाली पड़े हैं। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने विधायक दीपराज के सवाल पर कहा कि कमला नेहरू मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में तीमारदारों के ठहरने के लिए व्यवस्था की जा रही है और जल्द ही यह व्यवस्थित हो जाएगी। उन्होंने बताया कि कमला नेहरू अस्पताल में 134 कर्मचारी आउटसोर्स से भर्ती किए गए हैं।



### बिना बजट लटकी पर्वतधारा योजना

**धर्मशाला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक जीतराम कटवाल के सवाल पर कहा कि पर्वतधारा योजना जब शुरू की गई, तो उसमें बजट का पूरा प्रावधान नहीं किया गया, जिसके चलते कुछ कार्य इसमें लटके हैं। उन्होंने कहा कि जब योजना बनने के साथ बजट का प्रावधान होता है तभी परियोजनाएं आगे बढ़ पाती हैं और पर्वतमाला के लिए बजट का पूरा प्रावधान नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय वर्ष 2021-22 में इसके लिए कोई धनराशि का प्रावधान नहीं किया गया, यही वजह है कि कार्य लटके हुए हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि योजना वही अच्छी होती है, जिसके लिए बजट का प्रावधान हो। उन्होंने आश्वासन दिया कि रुके हुए कार्य को जल्द पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा।

### लोग जमीन दें, रास्तों को बना देंगे सड़क

धर्मशाला। पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने विधायक दिलीप ठाकुर के सड़कों के रखरखाव संबंधी सवाल के जवाब में कहा कि पंचायत में एंबुलेंस रोड बनाए जाते हैं, लेकिन कई मार्गों के लिए एफआरए की रिपोर्ट नहीं मिल पाती है और इसी वजह से यह सड़क निर्माण शुरू नहीं किए जा पाते हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र के विधायक गिफ्ट डीड के लिए प्रयास करें तो ग्रामीण सड़कों ग्रामीण मार्गों को सड़कों में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के बनाई जा सकती हैं।

### चुराह के छह स्कूलों में खेल के मैदान नहीं

**धर्मशाला।** विधायक डॉ. हंस राज ने पूछा कि, चुराह में 34 सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैं, उनमें नौ में साइंस और पांच में वाणिज्य की कक्षाएं चल रही हैं। आने वाले समय में इन सभी स्कूलों में साइंस और वाणिज्य की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। छह स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं। क्या सरकार इन स्कूलों के लिए खेल के मैदान स्वीकृत करेगी। इस पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि विभाग द्वारा यह प्रयास किया जाता है कि दुर्गम क्षेत्र में सभी रिक्त पदों को भरा जाए।

### जब विधानसभा अध्यक्ष ने दी विधायकों को नसीहत



**धर्मशाला।** शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधायकों को नसीहत देते हुए कहा कि मैंने गौर किया है कि जब सदन में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा चल रही होती है तो कुछ विधायक गप्पे मार रहे होते हैं। उन्होंने कहा कि सदन की गरिमा है तथा कोई भी व्यक्ति यहां पर गप्पे नहीं मार सकता। इसके लिए आप गैलरी में जा सकते हैं।

### मौत मामले में तलख दिखे तेवर

**धर्मशाला।** विधायक दिलीप ठाकुर की ओर से उठाए एक मामले में सीएम ने कहा कि शनिवार को कानून-व्यवस्था पर चर्चा थी और सदन में सरकाघाट का एक मामला उठा था और विपक्ष ने उस पर बड़ा हंगामा भी किया। मैंने कहा था कि जिस व्यक्ति की आप चर्चा कर रहे हैं, उसने आत्महत्या की है। भारतीय जनता पार्टी ने पहले से ही मन बनाया होगा कि हमने वॉकआउट करना है। मैं इस मामले पर स्थिति स्पष्ट कर रहा हूं। सरकारघाट के मामले में जो एफएसएल की रिपोर्ट आई है, उसमें एक जगह पर कार्बन एक्युमुलेशन हुआ है और उस व्यक्ति ने अपने आप को आग लगाई है। शुरू में इसे हत्या का मामला दर्ज किया गया था, परंतु जैसे ही इसकी रिपोर्ट आई तो सुसाइड का मामला नोट किया गया है। मेरे पास सरकाघाट के विधायक बार-बार उठ करके आ रहे थे और मैं यह भी बताना चाहता हूं कि उनके साथ जो ड्राइवर था वह जाहू से था।

### जब सदन में उभरा पूर्व सीएम का दर्द



**धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि शनिवार को शीतकालीन सत्र का अंतिम दिन है, तो वहीं विधायकों को शनिवार को ही कमरा खाली करने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जिला प्रशासन को निर्देश दिए जाएं कि शनिवार दोपहर 12:00 बजे चेक आउट करने की फैसले पर गौर करें। इसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे कोई आदेश नहीं है तथा कई बार सत्र लंबा हो जाने पर सत्र को अगले दिन तक भी स्थगित किया जाता है। ऐसे में किसी ने गलती से ऐसा कह दिया होगा, जबकि वह पता करेंगे की क्या मामला है।

### जोगिंद्रनगर में राजीव गांधी विद्यालय बनाने पर विचार करेगी सरकार

**धर्मशाला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विधायक प्रकाश राणा के सवाल के जवाब में कहा कि जोगिंद्रनगर में अटल आदर्श विद्यालय के लिए डोनेट की गई 35 बीघा जमीन पर राजीव गांधी विद्यालय बनाने पर सरकार विचार करेगी और इसके लिए शिक्षा विभाग से रिपोर्ट भी मांगी जाएगी। विधायक प्रकाश राणा ने जोगिंद्रनगर में अटल आदर्श विद्यालय न बनने पर वहां, राजीव गांधी विद्यालय बनाने की बात रखी थी।



### सीएम, डिप्टी सीएम, मिनिस्टर आवासों की मरम्मत पर 4.30 करोड़ रुपए खर्च

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में सीएम, डिप्टी सीएम और मिनिस्टरों को अलॉट किए गए सरकारी आवासों की मरम्मत पर साढ़े चार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। श्री नैनादेवी जी से भाजपा विधायक रणधीर शर्मा के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को सदन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने मंत्रियों के आवासों की मरम्मत पर 4,30,25, 678 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह राशि सीएम, डिप्टी सीएम और सात मंत्रियों के आवासों पर खर्च की गई है। रणधीर शर्मा ने सवाल उठाया कि एक ओर सरकार आर्थिक तंगी की बात कर रही है वहीं, दूसरी तरफ सरकार फिजूलखर्ची कर रही है। इस पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि इन आवासों पर खर्च करना एक रूटीन का कार्य है। सरकार कोई सत्ता पक्ष की ही नहीं, बल्कि विपक्ष के विधायकों के आवासों की मरम्मत पर भी राशि खर्च कर रही है।

## हर जगह अनंत ज्ञान


वडग्वार भवारना के दीपक कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


बारी के राजकुमार अपने घर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ने का आनंद लेते हुए।


शिव मंदिर बैजनाथ में श्रद्धालु अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


भवारना के बलराज अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


केदारा की मोनू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।


पंचरुखी के रमेश गड्डू व नरेंद्र कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगरोटा बगवां से बंटू जम्वाल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


जय मछिंद्र महादेव मंदिर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ता एक साधु।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के निर्माण की देरी पर लोगों ने किया अनोखा प्रदर्शन

# गरुड़ पुराण पाठ कर घेरी कांग्रेस सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला विधानसभा के बाहर जोरावर स्टेडियम में प्रदेश का सबसे अनूठे तरीके गरुड़ पुराण में वर्णित यातनाओं की तरफ ध्यानाकर्षित करते हुए विरोध-प्रदर्शन प्रबुद्ध नागरिको ने किया।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के निर्माण हेतु 30 करोड़ अविलंब जमा करवाने का आग्रह प्रदेश सरकार से पुनः किया गया।

प्रर्दशन स्थल पर भगवान विष्णु की विराट मूर्ति के साथ साथ कर्मों के फलों वाला चित्र लगाए गए। इसमें कि विभिन्न यातनाओं जैसे तेल में तलते हुए, आग में भून कर, दृष्टि दोष, कढ़ाई में उबलते हुई प्रेतात्माओं को दी जा रही यातनाओं का वर्णन किया। पंडाल के दोनों छोरों पर मिट्टी की हांडियों में गुगल सामग्री व गोबर के उपलों से अग्नि प्रज्वलित की गई । कार्यक्रम का आरंभ भगवान विष्णु के नाम जप से किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने सरकार पर धर्मशाला के साथ-साथ कांगडा-चंबा के लोगों के साथ किए जा द्वेषयुक्त व भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा की कांगड़ा चंबा लोकसभा की जनता को आज भी अपने केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला का इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि अब यह समय भगवान श्री राम जी के 14 वर्षों के वनवास से भी अधिक होने लगा है। अतुल भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों से शुल्क तो पूरा लिया जा रहा है लेकिन नेताओं व सरकारों की नलायकी के कारण छात्रों को आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। कार्यक्रम में रमेश भट्ट सकोली, संसार मित्र, महेश कुमार, सुभाष चंद, डीके कपूर, परस राम, शिवि पठानिया, हिमांशु अवस्थी, पंकज सूद, राज कुमार, टेक चंद, सुरेंद्र भट्ट, सुनील धीमान, राज कुमार, अतुल भारद्वाज ने भाग लिया।



धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण को लेकर गरुड़ पुराण करता एक व्यक्ति (दाएं) प्रदर्शन करते लोग।

### काम न करने पर यातनाओं का किया वर्णन

**सभा** स्थल में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के निर्माण हेतु 30 करोड़ रुपए वाला बैनर व पोस्टर लगाए गए। पंडित सुदर्शन दीक्षित ने गरुड़ पुराण में समाहित विभिन्न प्रकार की यातनाओं का वर्णन करते हुए बताया कि राजा, प्रशासक को द्वेष, कपट छल रहित होकर धर्मयुक्त नीति का आचरण करते हुए जनहित को ध्यान में रखते हुए जनकल्याण के कार्य करने चाहिए।

## छात्रों को बताए आग से निपटने के गुर

**परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे सात दिवसीय कैंप के दुसरे दिन यानी शनिवार को मुख्यातिथि के रूप में अग्निशमन दल देहरी के अध्यक्ष योगराज ने अपनी सहायक टीम के साथ शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्य सीमा कौसल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस शिविर में तमाम शिक्षक स्टाफ और एनएसएस कैंप के 48 प्रतिभागी स्वयंसेवी शामिल थे बही इस दौरान उन्होंने तमाम वॉलंटियर छात्र-छात्राओं को आग से निपटने के लिए गुर सिखाए तो वहीं, अग्निशमन टीम के कमांडर योगराज ने रसोई गैस सिलेंडर आदि की अचानक पेश आने बाली घटना को कैसे काबू पाया जाए। इस बारे वॉलंटियर छात्र-छात्राओं को बिस्तार से समझाया। उन्होंने कहा ऐसी स्थिति मे धैर्य रखकर तुरंत फायर ब्रिगेड की सेवा के लिए 101 नंबर पर संपर्क करें।

## सुभाष चंद भगौरिया को सौंपी कमान

**गरली।** दी मूहल कृषि सहकारी सभा समिति का चुनाव शनिवार को सर्वसहमति से संपन्न हो गया। सभा सचिव सतीष कुमार की अध्यक्षता मे हुई इस चुनाव प्रक्रिया मे लोक सभा व विधानसभा का चुनाव लड़ चुके सुभाष चंद भगौरिया को उपरोक्त सभा समिति का लीडर चुना गया। जबकि मान चंद को वाइस चेयरमैन के खिताब से नवाजा गया। इसी तरह अशवनी कुमार को कोषाध्यक्ष व देशराज सुभाष चंद, धर्मवीर, सुरेश कुमार, आजाद कुमार व तिलक राज को सदस्य चुना गया। चुनावी प्रक्रिया के बाद नवनिर्मित चेयरमैन सुभाष चंद भगौरिया ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक बैंक उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं व सरकार द्वारा मिलने बाली तमाम लाभकारी योजनाओं के लिए समय-समय पर उचित कदम उठाए जाएंगे। लिहाजा मूहल में उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाला राशन तमाम उपभोक्ताओं को समय पर बेहतर ढंग से मिले इसके लिए हर संभव प्रयास रहेगा।

## आईटी नेक्स्ट जेनरेशन स्कूल में छात्रों ने पंजाबी डांस पर मचाया धमाल

**संजीव महाजन, नूरपुर**

आईटी नेक्स्ट जेनरेशन स्कूल सुलयाली मकोडजमन में वार्षिक समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में नूरपुर एसडीएम गुरसिमर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा रिटायर्ड कानूनगो विजय हीर, गौरव परिहार, सुरेश ओबेरॉय, मुनिष वर्मा, पीआरओ पठानकोट शाम कुमार ने विरोष रूप में उपस्थित रहे ।

समारोह की शुरुआत ज्योति प्रचलित करके किया गया। कार्यक्रम के शुरू में स्कूल प्रधानाचार्य नीरजा चड्ढा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट आए हुए बच्चों के अभिभावकों को बताई। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा अलग-अलग विषयों पर नुक्कड़ नाटकों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पहाड़ी, हिंदी, पंजाबी गानों पर डांस प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल छात्र-छात्राओं ताइक्वांडो, स्केटिंग तथा देश भक्ति पर ऐसी प्रस्तुति पेश, जिसने आए हुए मुख्यातिथि विशेष अतिथि और बच्चों के अभिभावकों का दिल जीत लिया। समारोह में दौरान सभी बच्चों को सम्मानित किया गया । स्कूल चेयरमैन कृष्ण हीर ने बताया कि आज हमारे स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नूरपुर एसडीएम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। हमारे स्कूल के बच्चों ने अलग-अलग जगहों में जा कर कई प्रतियोगिताओं में जीत कर स्कूल का तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है तथा आज भी अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नुक्कड़ नाटक तथा हिंदी, पंजाबी, पहाड़ी, हरियाणा गानों पर बहुत ही बेहतरीन प्रस्तुति पेश की। (अनंत ज्ञान)


आईटी नेक्स्ट जेनरेशन स्कूल में होनहारों को सम्मानित करने का दौर।

## हटवास में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने जांची जूस फैक्टरी


जूस फैक्टरी नगरोटा बगवां में कर्मचारियों से बातचीत करते मंत्री जगत सिंह नेगी।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

जूस फैक्टरी नगरोटा बगवां का काया कल्प होगा राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी एवं कैबिनेट रैंक मंत्री विधायक आरएस बाली ने जूस फैक्टरी नगरोटा बगवां हटवास का दौरा कर जूस फैक्टरी के कार्यों एवं अन्य कमियों की जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर उन्होंने जूस फैक्टरी के अधिकारियों से बातचीत करते हुए। फैक्टरी में तैयार हो रही सामग्री एवं पेय पदार्थों की जानकारी हासिल की। इस अवसर पर नगरोटा बगवां के विधायक एवं पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आर एस बाली ने जूस फैक्टरी को बड़े स्तर पर इसका कायाकल्प करने की बात रखी। राजस्व मंत्री ने उन्हें विश्वास दिलाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार के समय बनी इस जूस फैक्टरी को बड़े पैमाने पर आधुनिक मशीनरी उपलब्ध करवाना अति आवश्यक है। इसके लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस जूस फैक्टरी के कायाकल्प होने से जिला कांगड़ा ही नहीं बल्कि आस पास के जिला के बागवानों को भी लाभ प्राप्त होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स जल्द भेजें पेंशन संशोधन के केस

**इंदौरा।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के पेंशनरों से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अभी तक अपने पेंशन के संशोधन के केस नहीं भेजें वह अपने अपने डीडीओ द्वारा एजी शिमला को भेज दें। उन्होंने कहा ध्यान में आया है कि अभी तक कई पेंशनर इससे वंचित रह गए हैं। प्रधान ने हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग की है कि पेंशनरों के लिए मेडिकल ऑप्शन का पत्र जारी करें जो पेंशन 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं, उनको लीव इन कैशमेंट का लाभ दिया जाएं।

### लाइब्रेरी को 500 किताबें देगी विजय कपिल फाउंडेशन

**कांगड़ा।** दि विजय कपिल फाउंडेशन संस्था दिल्ली में कई सामाजिक उत्थान की गतिविधियों में सक्रिय है। इसमें गरीब और असहाय बच्चों की शिक्षा, गरीब परिवार की बेटियों के विवाह आदि का खर्च इत्यादि शामिल है। वहीं, वृद्धाश्रम में अकेले रह रहे वृद्धों के लिए भी यह संस्था निरंतर क्रियाशील है। वृद्धाश्रम में जाकर वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ कैरम, लूडो, चेस, बैडमिंटन खेलना शामिल हैं। संस्था की शुरुआत सन् 2020 में दिल्ली से हुई। संस्था के संस्थापक दिशांत कपिल ने बताया कि संस्था में किए जा रहे कार्यों को 23 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा से भी प्रारंभ कर दिया गया है।

### डाडासीबा में एनएसएस शिविर का आगाज


**डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय के सात दिवसीय प्रथम एनएसएस शिविर का उद्घाटन करवाया गया। इस सात दिवसीय एनएसएस शिविर का उद्घाटन मुख्यातिथि पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने किया। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने एनएसएस से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ये शिविर विशेष लाभकारी सिद्ध होते है।

## मुख्यमंत्री सुक्खू को सौंपी हाइड्रो टूरिजम के ऊपर बनाई प्रोजेक्ट रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

समाज सेवा में समर्पित इन्साफ संस्था के प्रतिनिधि संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार के साथ तपोवन स्थित विधान सभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु से मिले। इस सुअवसर पर संस्था से जुड़े हिमाचल प्रदेश विद्युत परिषद से सेवानिवृत्त निदेशक (सिविल) इंजीनियर पवन कोहली, अधिशाषी अभियंता अरुण गुप्ता, अधिशाषी अभियंता जीसी भट्ट द्वारा हाइड्रो टूरिजम के ऊपर बनाई गई प्रोजेक्ट रिपोर्ट मुख्यमंत्री की सेवा में प्रेषित की।

इस तरह इन्साफ संस्था द्वारा न्यूगल हाइड्रो टूरिजम के ऊपर प्रस्तावित इस परियोजना की प्रजेंटेशन को मुख्यमंत्री महोदय ने बड़ी रुचि के साथ देखा। संस्था के इन प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री महोदय से कहा कि अगर सरकार जरा सी भी रुचि ले तो यह परियोजना पर्यटन के साथ साथ बेरोजगारों के लिए भी वरदान सिद्ध होगी। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया कि इस प्रोजेक्ट का इंवेस्टर मीट के लिए अवलोकन किया जाए। ऐसे में अगर सरकार को इंवेस्टर मीट में कोई अच्छा सा इंवेस्टर मिल जाए तो पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मैंहझा पुल से लेकर सौरभ वन बिहार तक धौलाधार के आंचल में प्रकृति के आपार सौंदर्य से भरपूर सामने टिमटिमाती बर्फीली पहाड़ियों व खूबसूरत हरे भरे चीड़ के पेड़ों से घिरा यह क्षेत्र ऐतिहासिक पर्यटन स्थल बन सकता है। प्रवीन कुमार ने बताया कि इस प्रस्तावित परियोजना में हमारे तकनीकी अधिकारियों ने जो सर्वे किया है। उसमें 15 मेगावॉट हाइड्रो उत्पादन का भी आंकलन किया गया है। इसी के साथ संस्था के इन प्रतिनिधियों ने कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाने के सरकार के संकल्प को लेकर मुख्यमंत्री से आदि हिमानी चामुंडा मंदिर का प्रवास करने का भी आग्रह किया। यहां भी संस्था का मानना है कि अगर सरकार की राजनीतिक इच्छा शक्ति हो तो यह क्षेत्र भी वैष्णो माता मंदिर की तर्ज पर जिला कांगड़ा का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन उद्योग बन सकता।


सीएम को प्रोजेक्ट रिपोर्ट सौंपते हुए पूर्व एमएलए प्रवीण शर्मा।

## बाली 26 को बच्चों को बांटेंगे टैबलेट

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा के विधायक 26 दिसंबर को दोपहर दो बजे बांटेंगे नगरोटा बगवां के मेधावियों को टैबलेट। वर्ष 2021 -22 के नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा के मेधावी छात्रों को नगरोटा बगवां के विधायक (कैबिनेट रैंक) अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन एवं उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड रघुवीर सिंह बाली अपने हाथों में टैबलेट देकर सम्मानित करेंगे।

नगरोटा बगवां के 105 मेधावी छात्रों को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही रामानुजम मेधावी सम्मान योजना के अंतर्गत यह सम्मान मिलेगा। सभी विद्यालय प्रमुखों से आग्रह है की वह अपने अपने विद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों से यह जानकारी साझा करें। चयनित छात्र-छात्राओं, उनके माता पिता व अध्यापकों से आग्रह है कि आप सब इस गौरवपूर्ण आयोजन के भागीदार बनें। यह जानकारी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा बगवां के प्रधानाचार्य व खंड परियोजना अधिकारी नगरोटा बगवां सुमन धीमान ने दी।


आरएस बाली।


चामुंडा। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर और मत्री यादविंद्र गोमा की पत्नी नीलम गोमा ने शनिवार को दोपहर बाद श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर मां चामुंडा तथा और श्री नंदीकेश्वर महादेव जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। चामुंडा मंदिर के पुजारी ओम व्यास ने उन्हे आर्शीवाद स्वरुप मां की चुनरी ओर सिरोपा भेंट किया। शिव मंदिर के पुजारी संजीव गोस्वामी ने उनकी विधिवत पूजा-अर्चना करवाई।

## नगरोटा बगवां 2 .75 लाख रुपए में बिकी वॉशिंग मशीन


वॉशिंग मशीन के साथ डीलर व उपभोक्ता सामूहिक चित्र में।

**अभिनव बस्सी, नगरोटा बगवां**

कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां में पहली बार 2.75 लाख रुपए की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वॉशिंग मशीन बिकी है ।

स्पेशल वॉशिंग मशीन कोरिया से मंगवाई गई थी। हिमाचल प्रदेश के ऑथराइज्ड डीलर सिद्धी इलेक्ट्रॉनिक्स और डिस्ट्रीब्यूटर नगरोटा बगवां धर्मपाल एंड संस के शोरूम से यह वॉशिंग मशीन नगरोटा बगवां के निवासी टेक चंद ने परचेज की है।

टेक चंद ने यह मशीन इंजीनियरिंग कॉलेज मस्सल में काम करने के लिए ली है। शोरूम के मालिक ने दावा किया है कि खास किस्म की यह मशीन लोगों को काफी सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी।

**सालाना समारोह** संस्कृति त्योहार, परंपरा और मेक इन इंडिया की दिखी झलक

## मदर्स टच स्कूल में हिमाचली नाटी की धूम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मदर्स टच स्कूल पालमपुर द्वारा शनिवार को वार्षिक प्रदर्शनी समारोह आयोजित किया। इसमें पालमपुर नगर निगम के आयुक्त आशीष शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थे।

कक्षा दो से पांचवीं तक के बच्चों ने हिमाचली संस्कृति, त्योहार और परंपराओं, भारत सरकार की नई सोच मेक इन इंडिया, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान, कला और शिल्प पर बड़ी खूबसूरती से अपनी कला का प्रस्तुतिकरण किया। मुख्यातिथि आशीष शर्मा ने बड़े ध्यानपूर्वक बच्चों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं का विवरण सुना और खूब आश्चर्यचकित हुए। मुख्यातिथि ने अपने संदेश में कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का मोबाइल से किनारा ही रखें तथा खेलकूद गतिविधियों की तरफ उनका ज्यादा रुख करें। उन्होंने कहा कि यह स्कूल पिछले 11 वर्षों से पालमपुर में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इसके लिए स्कूल की प्रधानाचार्या ब्रिंदुला करोल तथा डायरेक्टर प्रदीप करोल तथा स्कूल का समस्त उत्कृष्ट स्टाफ बधाई का पात्र है।

समारोह की प्रस्तुतियों में हिमाचली नाटी, कुल्लू दशहरा, रली विवाह पूजन, भीष्म पितामह शैय्या, पंच भीष्म की लाइव प्रदर्शनियां काफी सराही गई। प्रधानाचार्या ब्रिंदुला करोल ने सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अजीत बाघला, इन्नरव्हील क्लब अध्यक्ष सीमा शर्मा, कर्नल राकेश कपूर, आर के सूद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।


वार्षिक समारोह के दौरान प्रस्तुति देते मदर्स टच के स्टूडेंट्स।

## आर्य कॉलेज में गणित दिवस मनाया

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने की। इसमें डॉक्टर सोहन ने लगभग चालीस विद्यार्थियों के समक्ष निवासरामानुजन के जीवन और उनके द्वारा गणित के क्षेत्र में दिए गए महान योगदान के ऊपर अपने अपने विचार रखे। इस उपलक्ष पर डॉ. नीरा रश्मि, प्रोफेसर संजय कुमार जसरोटिया, डॉ. अनिल कुमार, प्रोफेसर सुरजीत, प्रो. शिव कुमार, प्रोफेसर पर्ल बख्शी, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. मनोज कुमार एवं शिखा उपस्थित रहे। बहरहाल, राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

**व अदालत नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी द्वितीय श्रेणी नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

ता.दा. 18.12.2023 तारीख पेशी: 19.01.2024

**अनुमान मुकदमा**

प्रार्थना पत्र प्रार्थिया श्रीमति निर्मला देवी पत्नी मिल्खी राम निवासी गांव व डाकघर कवाड़ी तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।

**प्रार्थी पक्ष**

**बनाम** **आम जनता**

**विषय:** प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवमं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रार्थिया की जन्म तिथि 31-03-1964 ग्राम पंचायत कबाड़ी के रिकॉर्ड में दर्ज करने बारे।

**अखवारी इश्तहार:** प्रार्थना पत्र प्रार्थिया श्रीमति निर्मला देवी पवी मिल्खी राम निवासी गांव डाकघर कबाड़ी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि0 प्र0 । ने इस अदालत में उपस्थित होकर आवेदन किया कि प्रार्थिया का जन्म दिनांक 31-03-1964 हुआ था। परन्तु सहवन गलती से ग्राम पंचायत कबाड़ी के रिकॉर्ड में दर्ज न करवा सके। अत: ग्राम पंचायत कबाड़ी के रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैं। अत: इस अदालती अखवारी इश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थिया की जन्म तिथि 31.03.1964 को दर्ज करने बारे एतराज हो तो वह दिनांक 19.01.2024 को अदालत में समय 2.00 बजे स्वयं या वजरिया कोंसल उपस्थित होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। उपस्थित ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और मृत्यु तिथि दर्ज करने बारे नियमानुसार आदेश पारित कर दिय जाएंगे। आज दिनांक 18.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां**

## न्यूज ब्रीफ

### सुजानपुर के पास ट्रक ने रौंदा बाइक चालक

**पठानकोट।** पठानकोट के हल्का सुजानपुर में पड़ते चौक वाला खुह के पास डिफेंस रोड के टी प्वाइंट पर आज उस समय एक बड़ा हादसा हो गया जब एक ट्रक चालक ने एक बाइक सवार युवक को बुरी को कुचल दिया। इसके चलते युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक चालक ट्रक को छोड़ मौके से फरार हो गया। मृतक युवक पठानकोट के हल्का भोआ के सरहदी गांव माखन पुर का रहने वाला था जिसका नाम नवदीप सिंह है। वहीं, पुलिस ने परिवार के बयान दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पपरोला के आर्यमन शर्मा बने कैप्टन



आर्यमन शर्मा।

**पपरोला।** पपरोला के आर्यमन शर्मा ने ऑल इंडिया में रैंक वन हासिल कर कैप्टन कैप्टन बन गए हैं। पिता प्रनैन शर्मा, माता रमां देवी के घर जन्मे 26 साल के आर्यमन वर्तमान में मथुरा में पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर बैजनाथ व पपरोला में हुई। 12वीं उन्होंने परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल बैजनाथ से की। वैटरनरी कॉलेज पालमपुर में ग्रेजुएशन करने के बाद वह मथुरा में पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे थे। उनकी सिलेक्शन होने के बाद इलाके में खुशी की लहर है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को गुरुओं को दिया है।

### इफको ने निशुल्क स्मार्ट टीवी प्रदान किए

**नगरोटा बगवां।** जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां खंड की अमत्राड़ कृषि सहकारी सभा में इफको कांगड़ा द्वारा धर्मशाला, रैत, नगरोटा बगवां एवं कांगड़ा खंड की सदस्य सहकारी समितियों के पदाधिकारियों के लिए नैनो उर्वरकों के उपयोग हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चारों खंड की 55 सहकारी समितियों के पदाधिकारीओ ने भाग लिया एवं कृषि विभाग से विकास खंड कांगड़ा के विषय वाद विशेषज्ञ डॉक्टर राम चंद एवं विकास खंड धर्मशाला के विषय वाद विशेषज्ञ डॉक्टर शशि कांता एवं विकास खंड नगरोटा बगवां के विषय वाद विशेषज्ञ डॉक्टर अनिता एवं इफ्को कांगड़ा के क्षेत्र अधिकारी श्रेय सूद सहित परविंद्र सिंह एवं दीपक ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिभागियों को विश्व प्रथम निर्माता को नैनो यूरिया तरल वह नैनो डीएपी के बारे में विस्तारित रूप से जानकारी दी गई एवं सहकारी समिति के साथ जुड़े किसानों को भी आगे इन उर्वरकों के इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहन दिया गया। एवं हाल ही में कृषि मंत्रालय द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं एवं सहकारी समितियां को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र में तब्दील कर दिया गया है एवं उसकी प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए इफको द्वारा निशुल्क स्मार्ट टीवी भी प्रदान किए गए।

### बाल स्कूल नूरपुर में एनएसएस कैंप का समापन

**नूरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) नूरपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन पाठशाला प्रधानाचार्य करनैल सिंह की अध्यक्षता में हुआ। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गहिं लगोड़ के प्रधानाचार्य हरीश शर्मा समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वर की आराधना से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि महोदय को प्रधानाचार्य करनैल सिंह व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रघु गुप्ता और अमित मोहन शर्मा द्वारा एनएसएस कैंप पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रघु गुप्ता ने सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों का विस्तृत रूप से वर्णन करते हुए स्वयंसेवी विद्यार्थियों की प्रशंसा की।

### किसानों को ड्रोन के बारे में किया जागरूक

**देहरा।** संकल्प विकसित भारत यात्रा शनिबार 23 दिसंबर को जसवां परागपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत कस्बा कोटला व गोराल धार पंचायत में पहुंची। ग्राम पंचायत गोरालधार की प्रधान नरेश कुमारी व कस्बा कोटला की पंचायत प्रधान सुदेश कुमारी व उपप्रधान विजय डोगरा प्रतिनिधि और आम जनमानस ने विकसित भारत संकल्प यात्रा/ मोदी की गारंटी की गाड़ी का जोरदार स्वागत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम गोरालधार पंचायत के प्रांगण में हुआ ।सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। प्रधान नरेश कुमारी ने मोदी सरकार की 2014 में सरकार बनने के बाद जितनी भी सरकारी योजनाएं है उनके लाभार्थी इस सभा में उपस्थित से उनसे चर्चा की । इस मौके पर गोरालधार पंचायत में नेशनल फरटेलाइजर के संजीव शर्मा ने व शिवा शर्मा ने ड्रोन के बारे में विस्तार से बताया। यह किसानों के लिए बहुत लाभदायक है । माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों के लिए इस योजना को अभी लांच किया है।

### छात्रों के मतदान के महत्व बताएं

**बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में मतदान के प्रति जागरूकता और वोटिंग के लिए को उत्साहित करने के उद्देश्य से निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा निर्वाचन विभाग की सहायता से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर पवन कुमार के अनुसार निर्वाचन साक्षरता क्लब का उद्देश्य छात्र समुदाय को लोकतांत्रिक अधिकारों और चुनाव में अपने अद्वितीय निर्णय के लिए वोट की शक्ति के बारे में जागरूक करना है। इसीलिए महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर छात्रों को मतदान का महत्व, ईवीएम व वीवीपैट मशीन के कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान लगभग दो सौ छात्रों ने ईवीएम पर मतदान कर वीवीपैट पर अपना मत देखा। इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र पाल ने उपस्थित विद्यार्थियों को मतदान के महत्ता के बारे में बताया।

### प्रो. सुनील को सौंपी कमान

**धर्मशाला।** हिमालयन जीव विज्ञान परिषद, केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर नेशनल मेडिकल प्लांट बोर्ड के रीजनल हेड अरुण चंदन मौजूद रहे रहे। पूर्व अध्यक्ष प्रो. प्रदीप ने इकाई भंग की। इसके उपरांत चुनाव अधिकारी डॉ. राकेश ने नई कार्यकारिणी 2024-2025 के चुनाव करवाए। इसमें हिमालयन जीव विज्ञान परिषद साइंस के नए अध्यक्ष के रूप में प्रो. सुनील ठाकुर चुने गए और सचिव के रूप में डॉ. मनोरमा पत्रे की घोषणा की। वहीं प्रो. महेश और डॉ. उपमन्यु उपाध्यक्ष, सोनमबोध, अंकुश, प्रिय और श्वेता सहसचिव चुने गए। कोषाध्यक्ष डॉ. दिनेश लखनपाल और सदस्यों में डॉ. आंशुन, डॉ. नेहा, डॉ. राकेश, डॉ. रेशमा, डॉ. शरण सिंह, डॉ. विवेकशील, डॉ. दीक्षित, डॉ. मुनीश, डॉ. संदीप, डॉ. दिव्या, राजेश, गौरव, विपिन, सारिका, सुमित, वरुण, दानिश और मुनीश शामिल हुए।

---

मेहर चंद महाजन की 134वीं जयंती पर दी सौगात, युवाओं को टेक्नीशियन कोर्स किए जाएंगे प्रदान

# गोकुल बुटेल ने किया पहली इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन लैब का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं जम्मू कश्मीर के पहले प्रधानमंत्री मेहर चंद महाजन की 134वीं जयंती का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रधान सलाहकार (नवीनीकरण, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस) गोकुल बुटेल ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

गोकुल बुटेल ने डॉक्टर मेहर चंद महाजन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सीआईआई के सहयोग से ट्रस्ट द्वारा संचालित पहले इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन लैब का उद्घाटन भी किया। उन्होंने बताया कि यह हिमाचल प्रदेश का पहला संस्थान है, जिसने इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग लैब स्थापित किया गया है। इसमें युवाओं को इलेक्ट्रिक व्हीकल बैटरी एवं चार्जिंग स्टेशन टेक्नीशियन के कोर्स प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस ट्रस्ट ने डॉक्टर मेहर चंद महाजन की स्मृति में युवाओं के लिए दस कोर्स शुरू किए हैं, जो छात्रों के भविष्य को सजाने का महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने ट्रस्ट को प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। गोकुल बुटेल ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन पालिसी लागू की है। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र में ई-वाहनों की खरीद पर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के लिए 50 प्रतिशत की सब्सिडी का ऐलान किया है। उन्होंने इसके अलावा सभी सरकारी विभागों में डीजल एवं पेट्रोल की गाड़ियों को कम करने की सरकार की योजना पर विस्तृत जानकारी प्रदंक करी। गोकुल बुटेल ने बताया की हिमाचल सरकार ने आयल इंडिया लिमिटेड के साथ 500 ईवी चार्जिंग स्टेशन्स के लिए समझौता किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुआई में सबसे मजबूत सरकार कार्यशील है और मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता से प्रदेश को आत्मनिर्भरता की ले जाने के लिये ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सस्थांन में कोर्स पूरा करने बाले छात्रों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए। इस मौके पर सीआईआई नेशनल एडवाइजर प्रवीन रॉय , एमसीएस प्रबंधन ट्रस्टी विवेक महाजन, ट्रस्टी अनुश्री महाजन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांगड़ा बीर बहादुर, डाक्टर नीलम त्रिपाठी, सस्थांन की प्रधानाचार्य मनु धीमान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



मेहर चंद महाजन की 134वीं जयंती पर पुष्प अर्पित करते गोकुल बुटेल। (दाएं) चार्जिंग स्टेशन लैब का उद्घाटन करते गोकुल बुटेल।

---

## हैप्पी बर्थ डे



अयांश कटोच पुत्र आदर्श कटोच, ठाकुरद्वारा (पालमपुर) को अनंत ज्ञान परिवार की और से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

### थुरल कॉलेज में सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में तीस छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं । इस शिविर का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कमल कुमार के द्वारा सांस्कृतिक किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा योजना के महत्व को समझाते हुए उनके कर्तव्यों से भी उन्हें अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवा योजना का उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है।

---

# बैडमिंटन में नर्मदा सदन फर्स्ट

## जीसीएम एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में छात्रों ने जमकर बहाया पसीना





जीसीएम एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने का दौर।

**राकेश डोगरा, डरोह**

जीसीएम एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में वार्षिक खेल महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि की भूमिका शैलेन्द्र सूद ने निभाई।

कावेरी, नर्मदा और गोदावरी तीनों सदनों के बच्चों ने मशाल प्रज्वलित कर मार्च पास्ट किया। इसके बाद मुख्यातिथि शैलेंद्र सूद ने झंड़ा फहराया और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा आठवीं की छात्राओं ने समूहगान की मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा तीसरी के बच्चों ने ब्रिक रेस, कक्षा चौथी के बच्चों ने खो-खो और कक्षा पांचवीं के बच्चों ने डॉज बाल खेल खेला। कक्षा छठीं और सातवीं के बच्चों ने खो-खो और कबड्डी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में जूनियर गर्ल्स में नर्मदा सदन, जूनीयर ब्वाय में गोदावरी सदन, सीनियर गर्ल्स में कावेरी सदन, एकल और डबल में कावेरी सदन विजेता रहे। जूनीयर बैडमिंटन में गोदावरी सदन, सीनियर कबड्डी और खो-खो में कावेरी सदन विजयी रहा। सभी बच्चे और अध्यापक बहुत उत्साहित थे। अंत में मुख्यातिथि शैलेंद्र सूद और प्रधानाचार्य समीर सूद ने विजयी प्रतिभागियों को मैडल देकर सम्मानित किया।

उन्होंने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान स्कूल स्टाफ में अनिल धीमान, अनिता, सोनिया, सुनीता, प्रियंका, अंकित, इंदु कटोच, दिव्या और अमिता शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### अमनी में 1.043 किलो चरस पकड़ी

**नूरपुर।** पुलिस जिला नूरपुर में पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत गांव अमनी में नाकाबंदी के दौरान नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसमें श्याम लाल पुत्र शुन्का राम निवासी गांव जिल्हन, जिला मंडी से नाकाबंदी के दौरान उसकी कार से 1.043 किलो ग्राम चरस बरामद करी गई। इस पर उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ अभियोग अधीन धारा 20,25,29 पंजीकृत किया गया है। जो उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला पुलिस नूरपुर द्वारा साल 2023 में नशा माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए दिनांक 23.12.2023 तक 132 अभियोग पंजीकृत किए जा चुके हैं। इनमें कुल चार किलो 215.62 ग्राम हेरोइन, आठ किलो 671.45 ग्राम चरस, 36 किलो 734.51 ग्राम भुक्की, 346.34 ग्राम अफीम, 878 नशीली दवाइयां व 1,27,98,700 रुपए बरामद किए जा चुके हैं।

# सरकारी सीमेंट की 80 बोरियां पत्थर बनने वाला वीडियो निकला फेक



बढलठौर पंचायत के वार्ड नंबर-आठ में रखी सरकारी सीमेंट की बोरियां।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

ब्लॉक परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़लठौर में शुक्रवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था। इसमें 80 सरकारी सीमेंट की बोरियां पत्थर में तब्दील होने की आशंका जताई जा रही थी। वहीं यह वीडियो फेक निकली। लिहाजा शनिवार को इस संदर्भ में सूचना मिलते ही पचायत प्रधान सुमन शर्मा अपने अन्य तमाम नौ वार्ड सदस्यों को लेकर वार्ड नंबर-आठ में पहुचीं।

जहां उपरोक्त स्थान पर यह सीमेंट की बोरियां रखी गई थी। पचायत प्रधान ने इस दौरान स्थानिय ग्रामीणों को भी मौके पर बुलाया जब पचायत प्रधान सुमन कुमारी शर्मा ने ग्रामीणों को कहा कि उपरोक्त 80 सीमेंट की बोरियों में से किसी भी बोरी को बाहर निकाल कर खोलो। जब एक एक करके जब करीब पांच से सात बोरियां खोली तो सारा सिमेंट सही निकला। वहीं, इस दौरान पंचायत प्रधान सुमन शर्मा ने कहा कि जिस व्यक्ति ने भी उपरोक्त पंचायत की छवी को धूमिल करने के लिए वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल किया है। इसकी उच स्तरीय जांच करवाई जाएगी। आपको बता दें इस संदर्भ में बीडीओ परागपुर वीरेंद्र कोशल से भी बात की गई। उन्होंने कहा कि उनके ध्यान मे यह मामला आया है इस पर जांच बिठाई जाएगी।

# क्यारवां स्कूल में एनुअल फंक्शन की धूम, होनहारों पर बरसे इनाम

**अनंत ज्ञान , डरोह**

शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्यारवां का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान ने शिरकत की। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य अक्षय कुमार ने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

वहीं, विभिन्न गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को ईनाम बांटे गए। अतिविशिष्ट व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि खाली खजाना होने के बावजूद भी प्रदेश में सुक्खू सरकार सक्षम थी। इन दिनों मौसम विभाग भारी वर्षा की चेतावनी बार-बार दे रहा था बच्छवाई जैसी आपदा से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने पहले ही होमवर्क कर रखा था और बखूबी सहजता के साथ आपदा प्रबंधन का कार्य निपटा भी लिया। संजय सिंह चौहान ने क्षेत्र की जनता खास कर महिलाओं को बधाई संदेश भी दिया कि जनवरी माह से उनके खातों में 1500 रुपए डलने शुरू हो जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश में नई शिक्षा प्रणाली लागू करते हुए अंग्रेजी माध्यम स्कूल शुरू करने के आदेश देते हुए तीसरी गारंटी भी पूरी कर दी। वहीं, प्रधानाचार्य अक्षय कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई वार्षिक रिपोर्ट को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद जो भी समस्याएं इस विद्यालय को पेश आ रही हैं उन्हें जल्द ही दूर करने का प्रयास अपने और प्रदेश सरकार के स्तर पर हल करने का निश्चित प्रयास किया जाएगा।



कार्यक्रम के दौरान क्यारवां स्कूल के छात्रों को सम्मानित करते मुख्यातिथि संजय चौहान।



जयसिंहपुर। कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में शनिवार से राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन शुरू हुआ। इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना के संयोजक प्रो. विकास कलोत्रा के नेतृत्व में किया गया। यह शिविर शनिवार से 29 दिसंबर तक चलेगा। इस शिविर के उद्घाटन समारोह में जयसिंहपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

### संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**धर्मशाला।** धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश ट्रेड यूनियन सयुंक्त सघर्ष समिति, जिला कांगड़ा इंटक ने जिलाधीश कांगड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया। इस ज्ञापन में प्रदेश की सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पिछले डेढ़ वर्ष से बंद पड़े हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड को असंगठित निर्माण श्रमिकों के हित में शुरू किया जाएं। श्रम विभाग और हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तानाशाही आदेशों के कारण आज हिमाचल प्रदेश के पांच लाख निर्माण श्रमिक अंपने कानूनी अधिकार से बंचित हो गए हैं। भारत सरकार ने जो कानून असंगठित निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया था, प्रदेश सरकार उसकी मूल भावना को तहस नहस करने में लगी हुई है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि निर्माण मजदूरों के गैर क़ानूनी तरीके से रोके गए, 1,31,000 क्लेम तुरंत पास किए जाएं, 12 दिसंबर 2022 को जारी मजदूर विरोधी नोटिफिकेशन को रद्द किया जाए।

---

# बैंकिंग सेक्टर में भरे जाएंगे 180 पद, इंटरव्यू 26 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

इंटेलेक्ट ग्लोबल रिसर्च एंड सलुशन मोहाली, पंजाब द्वारा बैंकिंग सेक्टर में महिला एवं पुरुष के 180 पद क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला, जिला कांगडा को अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में स्नातक रखी गई है। इसके लिए आयु 21 से 30 वर्ष रखी गई है।

चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा गए 18000 से 25000 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक महिला एवं पुरुष आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ निर्धारित स्थान और तिथि पर सुबह 11 बजे पहुंचकर कंपनी के समक्ष साक्षात्कार दे सकते हैं। 26 दिसंबर को रोजगार उपकार्यालय जवाली, 27 को रोजगार उपकार्यालय नूरपुर, 28 को रोजगार उपकार्यालय, नगरोटा सूरियां, 29 को रोजगार उपकार्यालय बड़ोह, 30 को रोजगार उपकार्यालय कांगड़ा, एक जनवरी 2024 को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय धर्मशाला, दो जनवरी को रोजगार उपकार्यालय नगरोटा बगवां, तीन को रोजगार उपकार्यालय पालमपुर और चार जनवरी को रोजगार उपकार्यालय देहरा में साक्षात्कार पहुंचे।

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7307258117 पर संपर्क कर सकते हैं। विभागीय साइट पर साक्षात्कार का ब्योरा अपलोड कर दिया गया है।

**परेशानी** आए दिन जाम लगने से लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

# बीड़ बिलिंग घाटी में जाम हुआ आम

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पैराग्लाइडिंग जैसी साहसी खेलों के लिए विश्व प्रसिद्ध बिलिंग घाटी में हर जगह है जाम ही जाम ऐसे में कैसे होगा पर्यटन का विकास। बीड़ बिलिंग घाटी में क्रिसमस और नए साल के उत्सव को सेलिब्रेट करने के लिए पर्यटकों के आगमन में भारी वृद्धि हो गई है।

इसकी वजह से यहां पर जगह-जगह पर जाम लगना आम बात हो गई इसकी वजह से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का मानना है कि कहने को तो यहां पर पुलिस थाना खोल दिया गया है पर पुलिस कहां है इसका तो आता-पता ही नहीं है। बीड रोड से लेकर भीड़ तक जगह-जगह बेहतरीब तरीके से सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी रहती हैं यह भी जाम का बहुत बड़ा कारण है इन गाड़ियों को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती है। अगर आने वाले समय में हर दिन लगने वाले जाम पर कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई तो देश-विदेश से आने वाले पर्यटक यहां से अच्छा संदेश लेकर नहीं जाएंगे जिससे टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनने जा रही है यह घाटी पर्यटकों के लिए तरसती नजर आएगी।

डीएसपी बैजनाथ पूर्ण चंद ने कहा कि कल से वहां पर पुलिस की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से भी सहयोग के अपील करते हुए कहा है कि वह भी अपनी गाड़ियां अपनी दुकान के आगे ना लगाएं जिससे बिना बजह लगने वाले जाम को काफी हद तक कम किया जा सकता है । (अनंत ज्ञान)



बीड़ बिलिंग घाटी में जाम में फंसे वाहन चालक।

# 32 मील-रानीताल रूट पर बस बंद होने से यात्री बेहाल

**अनिल छांगू, जवाली**

32 मील से रानीताल चलने बाली निजी बस शिवालिक एनएससटीसी जो इन दिनों बंद है। बस बंद होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, यात्रियों व स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों ने बताया 32 मील से शाम 3:25 पर निजी बस शिवालिक एनएसटीसी चलती थी, जोकि करीबन एक महीने से बंद पड़ी हुई है।

इस बजह लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 2:45 बजे बस 32 मील से रानीताल जाती है उसके बाद 4:10 बजे बस निकलती है। जिस बजह से करीबन एक घंटा 25 मिनट तक अगली बस का इंतजार करना पड़ता है। वहीं, लोगों ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी धर्मशाला से मांग की है कि या तो इस बस को चलाया जाए अगर न चल सके तो इस बस का रूट परमिट रद्द करके सरकारी बस को जारी किया जाए व परिवहन निगम की बस चलाई जाए ताकि यात्रियों को आवागमन में कोई समस्या न हो।

वहीं, शिवालिक ट्रांसपोर्ट के मालिक सचिन चड्ढा से बात हुई तो उन्होंने बताया कि बस डिस्मेंटल कर दी गई है तथा 25 जनवरी तक नई बस आएगी। वहीं, जब क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप से बात हुई तो उन्होंने कहा कि यात्रियों की समस्या को देखते हुए ट्रांसपोर्ट मालिक को अन्य बस को संबंधित रूट पर चलाने के निर्देश दिए जाएंगे।

# सदन की बनी रहे गरिमा लक्ष्मण रेखा न लांघें सांसद

**संसद** के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही में इस बार राज्यसभा और लोकसभा दोनों से 146 सांसदों को निलंबित करने का नया रिकॉर्ड बना। सत्तापक्ष ने संसदीय कार्यवाही में बाधा डालने, हंगामा करने और नियमों के उल्लंघन का हवाला देकर सांसदों को निलंबित कर दिया। हालांकि, विपक्ष ने इसे तानाशाही करार दिया। निलंबित सांसदों में एक टीएमसी के कल्याण बनर्जी ने जब उपराष्ट्रपति धनखड़ की मिमिक्री की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उसका वीडियो बनाया, तब से यह मामला 'चेयर' के अपमान का भी हो गया है। इस मामले में खुद पीएम मोदी ने भी धनखड़ से बात की। कुल मिलाकर दोनों ही पक्षों के बीच काफी रस्साकशी देखी गई। वैसे देखा जाए तो पिछले कुछ समय से संसद की मर्यादा और गरिमा का महत्व काफी घट गया है। आमजन को दोनों ही सदनों के सदस्यों से उम्मीद रहती थी कि वे मर्यादित आचरण करें। इसे विडंबना ही कहेंगे कि राजनीतिक दलों ने सदन को अपने हिसाब से प्रचार का मंच बना लिया है, जहां वे जीभर के चीखते, चिल्लाते हैं। इसके पीछे मंशा यही रहती है कि वे जितने ज्यादा चीखेंगे और चिल्लाएंगे, उनकी पार्टी का उतना ही प्रचार होगा। यह सोच करीब तीन दशकों से ऐसी ही बनी है। नेता उसी परिपाटी पर चलते रहते हैं। जब पंडित नेहरू और डॉक्टर लोहिया एक साथ संसद में थे, तो उनके बीच भी उत्तर-पूर्व को लेकर तीखी बहस हुई थी। नेहरू ने जब उस पर कहा था कि वहां तो कुछ उपजता नहीं, उस पर अगर चीन का कब्जा हो भी गया तो क्या हुआ, उस पर एक सांसद ने तब कहा था कि नेहरू जी, आपके सिर पर भी तो कुछ नहीं है, तो उसे भी दे दीजिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी टिप्पणियां तब भी होती थीं। आज की संसद बदल गई है। सांसद जो कुछ भी कर रहे हैं, वह उनके राजनीतिक दलों का मंच नहीं है। पूरा देश अपने घरों में संसद की कार्यवाही देखता है। ऐसा नहीं है कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सांसदों का निलंबन हुआ, बल्कि इससे पहले भी भारी तादाद में सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। 15 मार्च, 1989 को लोकसभा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की जांच के लिए जस्टिस ठक्कर आयोग की रिपोर्ट को पेश करने पर जमकर हंगामा हुआ। इसी के चलते एक बार में 63 सांसदों को निलंबित किया गया था। उस समय राजीव गांधी सरकार के पास 400 से भी ज्यादा सांसद थे, उनके पास भी शानदार बहुमत था बिलकुल आज की मोदी सरकार की तरह। भारतीय राजनीति में खतरनाक मोड़ यह आया है कि पक्ष और विपक्ष में नफरत जैसी भावना आ गई है। सांसदों को मर्यादा का ध्यान रखना होगा। सांसद हमेशा लक्ष्मण रेखा का ध्यान जरूर रखें। संसद की गरिमा के लिए सरकार को कुछ और कठोर नियम बनाने चाहिए। केवल निलंबन से बात नहीं बनेगी। संसद की मर्यादा तभी बरकरार रहेगी, जब सांसद यह समझे लें कि उनको सदन में कैसे व्यवहार करना है।

# मोबाइल की जद में जिंदगी, खो रही अपनेपन की खुशी

**आज लोग इकट्ठे बैठकर भी मोबाइल से चिपके होते हैं, जो आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने वाली आदत बन गई है। स्मार्टफोन से चिपके होने के कारण जब आप अपने करीबी रिश्ते को भी नजर अंदाज कर देते हैं, तो यह दूसरों का अनादर या अनदेखा करना होता है। तभी आज के दौर में मोबाइल से बढ़ता लगाव भी पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में एक खाई का कार्य कर रहा है। रातों-रात सफलता के शिखर पर पहुंचने की लालसा, खून के रिश्तों में बिखराव, आपसी संवेदनहीनता, खालीपन, पारिवारिक विघटन के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। आर्थिक स्वतंत्रता भी पारिवारिक मिठास को कम करने का एक प्रमुख कारण है। आज स्त्रियां घर पर सीमित नहीं रह गई हैं। हर क्षेत्र में उनकी उपस्थिति दर्ज हो रही है। आर्थिक स्वावलंबन उन्हें सशक्त बना रहा है, लेकिन इसका यह कदापि अर्थ नहीं है कि वे अपने सामाजिक एवं पारिवारिक कर्तव्य को भूल ही जाएं। अक्सर यह कहा भी जाता है कि एक नारी पर भी निर्भर करता है कि वह परिवार को किस सांचे में ढालती है।**



लेखिका
वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश।




**संबंध** एक ऐसा शब्द है, जो व्यक्ति और व्यक्ति के बीच में, व्यक्ति और समाज के बीच में, मनुष्य और प्रकृति के बीच या व्यक्ति और उसकी आध्यात्मिक शक्ति या परमात्मा के बीच का संबंध जो उनके अंतर्मन के जुड़ाव को दर्शाता है। प्रत्येक संबंध का सभी की जिंदगी में अपना अद्वितीय महत्व होता है। जैसे माता-पिता, भाई- बहन, बेटा-बेटी, पति-पत्नी, आस-पड़ोस इत्यादि सभी संबंध विभिन्न परिप्रेक्ष्य में हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हर इंसान के जीवन की पहली पाठशाला परिवार को ही कहा जाता है। परिवार अपनों के साथ और संबल का ठिकाना होता है। जहां एक ही छत के नीचे रहकर सुख-दुख को साझा करते हुए जीवन बिताया जाता है। जिंदगी का हर वह सबक उसी आंगन में मिलता है, जो आगे चलकर बच्चों को संपूर्ण व्यक्तित्व का धनी बनाता है। बड़ों का आदर करना और छोटों के साथ सदव्यवहार करना हम परिवार में ही रहकर सीख पाते हैं। पारिवारिक व्यवस्था सही मायनों में हमारे जीवन का आधार स्तंभ होती है। एक दूसरे के साथ समन्वय और सहयोग भरा भाव ही पारिवारिक संबंधों का संबल होता है।

गैजेट्स और इंटरनेट की दुनिया से परे परिवार में मिलने वाला बड़ों का साथ बच्चों को वास्तविक दुनिया से परिचित करवाता है, जिससे बच्चों में संवेदनशीलता और व्यवहार कुशलता स्वाभाविक रूप से आ जाती है, लेकिन वर्तमान समय में व्यस्तता भरी जिंदगी में हमारा पारिवारिक ढांचा बिखर रहा है। पहले समय में घर के बड़े बुजुर्ग परिवार को एक सूत्र में बांधने के लिए सेतु का कार्य करते थे। उनका परिवार में एक रौब हुआ करता था। घर के बड़े बुजुर्ग जो कह देते थे। वह पत्थर की लकीर माना जाता था, लेकिन आज बुजुर्गों को वह सम्मान नहीं मिल पा रहा है, जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। हमारे देश में बीते कुछ वर्षों में न केवल तलाक के मामलों में इजाफा हुआ है, बल्कि हमारी बुजुर्ग पीढ़ी भी असुरक्षा का दंश झेल रही है। आज की जीवन शैली कुछ ऐसी है कि संयुक्त परिवार यदाकदा ही देखने को मिल रहे हैं। परिवार छोटे होते जा रहे हैं। छोटे-छोटे स्वार्थों की पूर्ति के लिए अपनों की भावनाओं को अनदेखा करने की संस्कृति पनप रही है। पैसों की अंधी दौड़ में पति-पत्नी आपसी रिश्तों में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पा रहे हैं। व्यस्तता इतनी है कि वह पहले तो बच्चे पैदा करना ही नहीं चाहते। यदि हो भी गए तो उन्हें संभालना एक चुनौती से कम नहीं। पहले जमाने में संयुक्त परिवार में दादा-दादी और नाना-नानी की बदौलत बच्चों की परवरिश अच्छे ढंग से हो जाती थी, लेकिन अब पैसों के लिए घर से बाहर शहर में दंपती को अलग भी रहना पड़ रहा है, जिसकी वजह से वे बच्चे पैदा करने से भी कतराने लगे हैं। घर की इन्हीं जिम्मेदारियों की खींचतान में अलगाव की स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। रिश्तों की बदलती संरचना और आपसी अलगाव को लेकर बढ़ती जद्दोजहद का ही नतीजा है कि देश के हर वर्ग में पारिवारिक विवाद बढ़ रहे हैं। नतीजतन, पारस्परिक संबंधों में दरारें पड़ने लगी हैं। अभिभावकों का अलगाव बच्चों के जीवन को अशांत और उलझन भरा बना देता है। बहुत से बच्चों का भविष्य भी अधर में लटक जाता है। माता-पिता के रिश्तों का बिखराव बच्चों के मन और जीवन को भी बिखेर कर रख देता है। अधिकतर मामलों में बरसों बरस चलने वाली कानूनी लड़ाई बच्चों का भी जीवन बर्बाद कर देती है। इसी वजह से बच्चे निराशावादी और अवसाद का शिकार होकर अपने में ही सिमट कर रह जाते हैं।

आज का युवा स्वच्छंद जीवन शैली अपनाना चाहता है और जिम्मेदारियों को बोझ समझने लगा है। वह हर खुशी का एक शॉर्टकट ढूंढता है, जो क्षणभंगुर है। वह हाई प्रोफाइल लोगों से प्रभावित होकर लिव इन रिलेशनशिप जैसे कुछ ही समय चलने वाले रिश्ते को तवज्जो दे रहा है। एक सफल वैवाहिक रिश्ता तभी कायम रह सकता है, जिसमें परस्पर प्रेम,विश्वास और एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना हो, इसलिए हमारे व्यक्तिगत वैवाहिक जीवन को कठिन कानूनी लड़ाइयों में उलझने की बजाय वैवाहिक विवादों को सौहार्दपूर्ण समझौते के माध्यम से सलाह और समाधान से दृढ़ता पूर्व निपटारा करना चाहिए। आपसी समझ, सहयोग और समस्या से अधिक समाधान को बढ़ावा देकर हम अपने परिवार को भी बिखरने से बचा सकते हैं। सोशल मीडिया के प्रभाव से भी हमें खुद को मुक्त करने की आवश्यकता है। लोग फेसबुक पर तो दुनिया से जुड़ जाते हैं, लेकिन जो उनकी असली जड़े हैं उनसे जुड़ना नहीं चाहते हैं। सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के अधिकतर उपयोग से भी सामाजिक रिश्तों के प्रति सभी का लगाव कम हो गया है। जो आपसी बातचीत और मिलना-जुलना कहीं बैठकर होता था। आज लोग इकट्ठे बैठकर भी मोबाइल से चिपके होते हैं, जो आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने वाली आदत बन गई है। स्मार्टफोन से चिपके होने के कारण जब आप अपने करीबी रिश्ते को भी नजर अंदाज कर देते हैं, तो यह दूसरों का अनादर या अनदेखा करना होता है। तभी आज के दौर में मोबाइल से बढ़ता लगाव भी पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में एक खाई का कार्य कर रहा है। रातों-रात सफलता के शिखर पर पहुंचने की लालसा, खून की रिश्तो में बिखराव, आपसी संवेदनहीनता, खालीपन, पारिवारिक विघटन के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। आर्थिक स्वतंत्रता भी पारिवारिक मिठास को कम करने का एक प्रमुख कारण है। आज स्त्रियां घर पर सीमित नहीं रह गई हैं।

हर क्षेत्र में उनकी उपस्थिति दर्ज हो रही है। आर्थिक स्वावलंबन उन्हें सशक्त बना रहा है, लेकिन इसका यह कदापि अर्थ नहीं है कि वे अपने सामाजिक एवं पारिवारिक कर्तव्य को भूल ही जाएं। अकसर यह कहा भी जाता है कि एक नारी पर भी निर्भर करता है कि वह परिवार को किस सांचे में ढालती है। टूटते परिवार तथा दरकते रिश्तों की समस्या से निजात पाने के लिए हमें युवा वर्ग को पहले समय की भांति संयुक्त परिवार की महत्ता और भाईचारे की भावना उत्पन्न करनी होगी। पति-पत्नी के रिश्तो में प्रगाढ़ता लाने के लिए उन्हें आपसी संयम, विश्वास, परस्पर प्रेम, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना, कामकाजी होने पर एक-दूसरे की पूर्ण रूप से सहायता करना और सुख-दुख में हमेशा परस्पर सहभागी होना अति आवश्यक है, तभी आपसी रिश्तों को सही मायने में हम निभा सकते हैं।

## बोलता है कैमरा...



शिमला : क्रिसमस के लिए रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया शिमला का क्राइस्ट चर्च। –फोटो : प्रदीप शर्मा

## प्रेरक कथा



## अपना काम स्वयं करो

**एक** दिन एक युवक कोलकाता स्टेशन पर गाड़ी से उतरा और कुली-कुली पुकारने लगा। यद्यपि उसके पास इतना सामान था कि वह उसे स्वयं उठा सकता था। एक सज्जन उसके पास आए और बोले, कहां चलना है? वह युवक स्कूल में पढ़ने आया था तुरंत उसने स्कूल का नाम बताया। शीघ्र ही वह स्कूल पहुंच गए। जब वह सामान रखकर जाने लगे, तब उसने कुछ भाड़ा देना चाहा।

सज्जन ने कहा, अपना काम स्वयं करने की कोशिश करना, यही मेरा इनाम है। इतना कहकर वह सज्जन चले गए। अगले दिन जब वह स्टूडेंट कॉलेज पहुंचा, तब प्रार्थना स्थल पर उसने देखा कि उसका सामान ढोने वाले तो प्राचार्य हैं। प्रार्थना के बाद जब स्टूडेंट्स अपनी-अपनी कक्षाओं में चले गए, तब उसने प्राचार्य के चरणों में अपना सिर रखकर माफी मांगी। प्राचार्य पहले ही उसे क्षमा कर चुके थे। वह प्राचार्य और नहीं, बल्कि ईश्वर चंद्र विद्यासागर थे, जो कि किसी भी काम को छोटा नहीं समझते थे।

# टहनियों तक जाए बिना सर्वोत्तम फल नहीं मिलेगा



लेखिका
प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्तंभकार
हिसार (हरियाणा)
मो : 7015375570

**महात्मा गांधी ने बिलकुल नई तरह का सत्याग्रह शुरू करने का जोखिम उठाया। कई लोगों ने उनकी आलोचना की, लेकिन उनके अनोखे विचार ने न केवल उन्हें महानतम नेताओं में से एक बनाया बल्कि देश की आजादी हासिल करने में भी मदद की। व्यक्तिगत विकास, नवाचार और सफलता के लिए जोखिम उठाना आवश्यक है। जोखिम उठाना व्यक्ति को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने की चुनौती देता है।**

**13वीं** शताब्दी में एक दर्जन से अधिक जहाज के कप्तान छोटे-छोटे मार्गों से होने वाले समुद्री व्यापार और खोज में व्यस्त थे, लेकिन लंबी यात्रा का डर, मौसम की अनिश्चितताका डर, समुद्र का डर और अंततः अज्ञात के डर ने उन्हें लंबी समुद्री यात्रा में जाने से रोक दिया। बहादुर और साहस वाले व्यक्ति ने समुद्र की इस चुनौती को स्वीकार किया और लंबी तथा असंभव यात्रा शुरू की। उन्होंने सभी प्रतिकूलताओं के खिलाफ जाने और नई दुनिया की खोज करने का जोखिम उठाया। इसके परिणामस्वरूप एक नए समुद्री मार्ग की खोज हुई और भारतीय उपमहाद्वीप के साथ यूरोपीय व्यापार शुरू हुआ। जोखिम उठाने का परिणाम उन्हें न केवल थोड़े समय में अधिशेष व्यापार के रूप में मिला, बल्कि लंबे समय तक उनका नाम भारतीय उपमहाद्वीप में आने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास के पन्नों पर अंकित हो गया और उनका नाम है वास्को डी गामा।

डर एक प्राकृतिक मानवीय भावना है, जो अक्सर जोखिम लेने में बाधा के रूप में कार्य करती है। यह एक शक्तिशाली प्रभाव है, जो व्यक्तियों को पंगु बना सकती है, उन्हें उनकी वास्तविक क्षमता प्राप्त करने से रोक सकती है। यह शोध किया गया है कि कैसे डर के साथ रहना हमें जोखिम लेने से रोक सकता है, विकास और सफलता के अवसरों से वंचित कर सकता है। हालांकि, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकले बिना, हम कभी भी जीवन में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएंगे। जोखिम लेने के सकारात्मक पहलुओं की जांच करके, हम डर पर काबू पाने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसरों को अपनाने के महत्व को समझ सकते हैं। जोखिम लेने की क्षमता में सबसे बड़ा स्पीड ब्रेकर डर विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जैसे असफलता, अस्वीकृति या अज्ञात का डर। यह व्यक्तियों को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है और उनकी निर्णय लेने की क्षमता पर असर डाल सकता है। हमारे पास पानीपत की तीसरी लड़ाई का एक बड़ा उदाहरण है, जहां दुश्मन का डर खुद से ज्यादा शक्तिशाली था। इसने मराठों को मानसिक रूप से बीमार बना दिया और उनके निर्णय खंडित हो गए और इससे मराठाओं की सबसे बड़ी हार हुई। लोग अक्सर अपनी वर्तमान परिस्थितियों के साथ सहज हो जाते हैं, जोखिम लेने की बजाय अपने आराम क्षेत्र के दायरे में रहना पसंद करते हैं। असफलता का डर व्यक्तियों को पीछे धकेल देता है, क्योंकि वे शर्मिंदगी निराशा या वित्तीय नुकसान जैसे संभावित परिणामों से डरते हैं। डॉक्यूमेंट्री 14 पीक्स में, हम उस आदमी को देखते हैं, जिसे किसी चीज का डर नहीं है, वह आसानी से जोखिम ले सकता है और कल्पना से परे जा सकता है। उस एक युवा ने मजबूत मानसिकता के साथ 14 चोटियों पर विजय प्राप्त की। साथ ही, यह डर एक बाधा बन जाता है, जो उन्हें नई संभावनाएं तलाशने से रोकता है। लोग नई चीजें हासिल करने की बजाय आसान चीजों में लग जाते हैं। लोग नई चीजों का आविष्कार करने या अपना खुद का स्टार्टअप बनाने की बजाय और सुरक्षित नौकरियों में चले जाते हैं।

इसके अलावा, डर से आत्मविश्वास और अपने ऊपर भरोसे की कमी भी हो सकती है, जो व्यक्ति लगातार डर के साथ जी रहे हैं, वे अपनी क्षमताओं पर संदेह करते हैं और जोखिम लेने के साथ आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं। सिडनी बॉक्सिंग डे टेस्ट में सचिन तेंदुलकर पहली पारी में अपनी कम क्षमता के कारण नहीं बल्कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद के डर के कारण आउट हुए। अगली पारी में उन्होंने किसी भी ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद को न खेलने का जोखिम उठाने के लिए मानसिक रूप से तैयारी की और इसके परिणामस्वरूप ऐतिहासिक दोहरा शतक बनाया। डर व्यक्ति को किसी भी स्थिति के नकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे जोखिम के विपरीत मानसिकता पैदा होती है। वे अज्ञात क्षेत्र में जाने की बजाय यथास्थिति पर कायम रहने के इच्छुक हो सकते हैं। जोखिम लेने के प्रति यह नापसंदगी किसी की क्षमता को सीमित कर सकती है और व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में प्रगति में बाधा उत्पन्न कर सकती है। जोखिम उठाएं और सार्थक परिणाम पाएं। हालांकि, डर के साथ जीना सुरक्षित और आरामदायक लग सकता है, लेकिन यह अंततः व्यक्ति को जीवन से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने से रोकता है।

महात्मा गांधी ने बिलकुल नई तरह का सत्याग्रह शुरू करने का जोखिम उठाया। कई लोगों ने उनकी आलोचना की, लेकिन उनके अनोखे विचार ने न केवल उन्हें महानतम नेताओं में से एक बनाया बल्कि देश की आजादी हासिल करने में भी मदद की। व्यक्तिगत विकास, नवाचार और सफलता के लिए जोखिम उठाना आवश्यक है। जोखिम उठाना व्यक्ति को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने की चुनौती देता है, जिससे उन्हें नए अवसरों और अनुभवों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हमें दूसरों को लाभ पहुंचाने की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए दैनिक जीवन में नैतिकता की आवश्यकता है, इसीलिए भारतीय समाज में हम प्रार्थना करते हैं। डर के साथ जीना निस्संदेह व्यक्ति को जोखिम लेने से रोक सकता है। विफलता, अस्वीकृति और अज्ञात का डर अक्सर एक बाधा के रूप में कार्य करता है, जो व्यक्ति को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने से रोकता है।

# कला और साहित्य अकादमी पुरस्कारों की बंदर बांट



ब्लॉगर
डॉ. सत्यवान सौरभ
(कवि,स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार) मो : 9466526148

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**आज** हम देखते हैं कि अधिकांश साहित्य और कला अकादमियों के मंच पर पुरस्कृत होने वाले लोगों में अधिकतर को कोई जानता भी नहीं है। यह सच है कि आज जितनी राजनीति में राजनीति है, उससे अधिक राजनीति साहित्य और कलाओं में है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे जलने वाली मशाल कहा था, लेकिन देश भर में आज साहित्य राजनेताओं के पीछे चल रहा है। पिछले दशकों में हुए साहित्य, संस्कृति और भाषा के पतन का असर आगामी पीढ़ियों तक जाएगा। लेकिन किसे फिक्र है। राज्य अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध है, जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिए उनको करने में सालों लग रहें है। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। उदाहरण के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी के वार्षिक परिणामों की घोषणा का साल खत्म होने को है, मगर अभी तक नहीं हुई है। न ही आगामी साल का प्रपत्र जारी किया गया है। एक अकादमी के भीतर क्या- क्या खेल चलते है? पारदर्शिता के अभाव में किसी को पता नहीं चलता। वैसे कोई भी पुरस्कार या सम्मान उत्कृष्टता का पैमाना नहीं हो सकता। हिंदी भाषा में निराला, मुक्तिबोध, फणीश्वरनाथ रेणु, धर्मवीर भारती, राजेंद्र यादव, असगर वजाहत जैसे महत्वपूर्ण कवियों-लेखकों को भी साहित्य अकादमी पुरस्कार नहीं दिया गया और बहुत से ऐसे लेखकों को पुरस्कृत किया गया, जिन्हें कभी का भुलाया जा चुका है। इस बारे में विचार करना चाहिए और पुरस्कार की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए। आज जिस प्रकार से सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ योग्य एवं अयोग्य साहित्यकार, कवि, लेखक, कलाकार साम-दाम-दंड-भेद सब अपना रहे हैं और अपने प्रयासों में प्रायः सफल भी हो रहे हैं, उससे सम्मानों और पुरस्कारों के चयन की प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। पुरस्कारों की दौड़ में साहित्य का भला नहीं हो सकता। आज साहित्य और कला जगत में बहुत सी संस्थाएं काम कर रही है। जब मैं इन संस्थाओं की कार्यशैली देखता हूं या इनके समारोहों से जुड़ी कोई रिपोर्ट पढ़ता हूं, तो सामने आता है एक ही सच। वो सच यह है कि किसी क्षेत्र विशेष या एक विचाधारा वाली संस्थाएं आपस में एग्रीमेंट करके आगे बढ़ रही है। ये एग्रीमेंट यूं होता है कि आप हमें सम्मानित करेंगे और हम आपको। यह सिलसिला लगातार चल रहा है। अखबारों और सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरता है। आम पाठक को इससे कोई ज्यादा लेना-देना नहीं होता। अब बात करते हैं सरकारी संस्थाओं और पुरस्कारों की। इनकी सच्चाई किसी से छुपी नहीं, जिसकी जितनी मजबूत लाठी, उतना बड़ा तमगा। सिफारिशों के चौराहों से गुजरते यह पुरस्कार पता नहीं, किस को मिल जाए। किसी आवेदक को पता नहीं होता। इनकी बंदर बांट तो पहले से ही जगजाहिर है। ऐसे पुरस्कारों की विश्वसनीयता को लेकर देश भर में गंभीर आरोप लग रहे हैं। सच्चा रचनाकार इनके चक्कर में कम ही पड़ रहा है।

## आपका पत्र

**यातायात** नियमों का पालन जरूर करें। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना की संभावना भी कम होंगी और सही-सलामत रहेंगे। सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक है कि हम यातायात नियमों का पालन करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा के अंदर ही चलाएं। स्कूटर-बाइक पर चलते समय हेल्मेट अवश्य पहनें। वहीं, फोर व्हीलर वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। यातायात संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करने से खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरे भी। स्वयं व परिवार की सुरक्षा के साथ औरों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना जरूरी है। जुर्माने के डर से नियमों का पालन करने की बजाय कर्तव्य समझकर पालन करने की आदत डालें। न सिर्फ स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए हैं और हमें इन्हें जिम्मेदारी से अपनाना चाहिए। एक रिपोर्ट के अनुसार हर साल के सड़क हादसों में मौत टू-व्हीलर पर सवार बिना हेल्मेट वाले लोगों की होती है। ज्यादातर लोग हेल्मेट नहीं पहनते और पहनते भी हैं तो वह पुलिस की कार्रवाई और जुर्माने से बचने के लिए, लेकिन लोगों की यह सोच सही नहीं है। हेल्मेट से हमारी सुरक्षा है। यह सोचकर हेल्मेट पहनकर सड़क पर निकलना चाहिए।

– **दिनेश, बिलासपुर।**

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## बधाइयां



कांगड़ा से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।

**भगत बड़ोत्रा, अध्यक्ष, पांगी कल्याण संघ, चंबा।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।

**गौरी शंकर, मीडिया प्रभारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, भरमौर।**



अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।

**कुलबीर सिंह राणा, एसडीएम, भरमौर।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर प्रबंधन टीम को मेरी ओर से शुभकामनाएं।

**ब्रह्मानंद ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



समाजसेवक अजय ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



एसबी एंटरप्राइजेज बनीखेत के सुरजीत सिंह अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



आम आदमी पार्टी के नेता सोनू ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



बगढार में दुकानदार विक्रमजीत अनंत ज्ञान अखबार का अवलोकन करते हुए।



सुल्तानपुर वार्ड निवासी रोमित चावला अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



पीजी कॉलेज चंबा के प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र सौंपते चंबा जिले के ब्यूरो चीफ एमएम डैनियल।



महाविद्यालय चंबा में प्रोफेसर डॉ. महिंद्र सवारिया अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



वार्ड जुलाकड़ी में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते पाठक नागेश चौहान।



चुवाड़ी में जीएसएसएस गागहर के टीजीटी तिलक अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



भटियात विस क्षेत्र में गागहर स्कूल के पीटीआई अशोक अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## छात्रों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के राजनीति विभाग द्वारा दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में कॉलेज प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने बताया कि प्रथम दिन छात्रों ने मक्लोडगंज में बौद्ध धार्मिक स्थल और भागसूनाग मंदिर के दर्शन किए। दूसरे दिन एमए प्रथम व तृतीय सत्र के छात्रों को विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही धर्मशाला स्थित विधानसभा में दिखाई गई। सभी छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से भेंट कर उन्हे स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। सत्र के दौरान सभी छात्र प्रश्न काल, जीरो काल और विधेयक पास होने की विधि के साक्षी बने। इस शैक्षणिक भ्रमण में 38 छात्रों के साथ प्रोफेसर केवल कृष्ण और प्रोफेसर अंकिता शामिल रहे।

## विधायक नीरज के प्रस्ताव का स्वागत किया

**चंबा।** जिला चंबा में पर्यटन को विकसित करने, नए आयाम स्थापित करने सहित विस पटल पर सदर विधायक नीरज नैयर द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रखे गए प्रस्ताव का होटल एसोसिएशन चंबा की ओर से जिलाध्यक्ष केके महाजन ने पत्रकार वार्ता में स्वागत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन महासचिव नागेश वकील, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता भी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसोसिएशन की ओर से कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि गत दिनों सदर विधायक नीरज नैयर के समक्ष एसोसिएशन द्वारा एक बैठक में चंबा पर्यटन को उभारने के लिए कुछ विषय साझा किए। जिन्हें विधायक द्वारा विधानसभा पटल पर प्रमुखता से उजागर करने सहित उनकी पैरवी की। वहीं उन्होंने चंबा में पर्यटन से जुड़े खाद्य व्यजंनों से लेकर यहां के स्थलों को उभारने के लिए जो प्रस्ताव रखे है उनका एसोसिएशन स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत रेलवे सेवा में अगर पठानकोट स्टेशन शामिल हो जाए तो इसका लाभ जिला चंबा के पर्यटन को अवश्य मिलेगा।

# डर के साये में गुजर रही रातें

## ग्राम पंचायत ढलोग के वार्ड नंबर पांच में बड़े-बड़े पेड़ों से पैदा हुआ खतरा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढलोग के वार्ड नंबर पांच के कुछ परिवार इन दिनों डर के साये में जीवन व्यतीत करने को मजबूर है। बताते चले की फॉरेस्ट नर्सरी के साथ लगते कुछ घर जो ढलोग पंचायत के वार्ड नंबर पांच में आते हैं, उन घरों के ठीक सामने आधा दर्जन से ज्यादा पॉपलर के पेड़ हैं जो इतने बड़े हैं कि मौसम खराब होने या तूफान चलते ही स्थानीय लोगों को डर का एहसास करवा देते हैं। इन पेड़ों की लकड़ी कच्ची होती है जिससे माचिस की तिलियां तक बनाई जाती हैं। इसलिए इन पेड़ों के साथ लगते जो भी घर हैं वह मौसम खराब होते ही सहम जाते हैं। स्थानीय निवासी जनक राज ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व सरकार के वन मंत्री को



फॉरेस्ट नर्सरी के समीप पॉपलर के पेड़ों से घिरा हुआ वार्ड नंबर पांच।

लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करवाया गया था किंतु इस बारे में कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। इस बारे में कॉरपोरेशन ऑफिस चंबा के एएम हाकिम सिंह ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है। इस बारे में उन्होंने टेंडर प्रक्रिया को भी अंजाम दिया था लेकिन ठेकेदारों द्वारा इस काम को लेकर किसी तरह की कोई रुचि नहीं दिखाई गई। इसलिए उन्होंने इस बारे में डलहौजी मंडल को पत्राचार के माध्यम से अवगत करवा दिया है। वार्ड नंबर पांच के लोगों ने स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायत व वन विभाग से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इन पेड़ों को काटा जाए।

### जल्द किया जाएगा समस्या का समाधान

डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन ने बताया कि इसके लिए कॉरपोरेशन ऑफिस द्वारा ही कटान प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता है। इस मामले को लेकर वह जल्द ही कॉरपोरेशन ऑफिस से पत्राचार के माध्यम से संपर्क करेंगे और जल्द से जल्द वार्ड नंबर पांच के लोगों के समक्ष आ रही इस समस्या को जल्द सुलझाने की कोशिश करेंगे।

# भारतीय पब्लिक स्कूल चंबा ने मनाया क्रिसमस पर्व



भारतीय पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर केक काटते नौनिहाल।

**अनंत ज्ञान,चंबा**


भारतीय पब्लिक स्कूल चंबा ने क्रिसमिस के उपलक्ष्य पर स्कूल परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि स्कूल प्रधानाचार्य भुवन शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य भुवन शर्मा ने क्रिसमस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ईसा मसीह के पैदा होने के वाकया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईसाई समुदाय के वर्ग में क्रिसमस पर्व को बहुत अहम माना जाता है। इस दिन चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों व अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# भरमौर के जंगलों में लगी भीषण आग, वन संपदा का नुकसान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर व उसके आसपास के जंगलों में इन दोनों लगी भीषण आग के चलते अब तक लाखों की वन संपदा का नुकसान हो चुका है। शरारती तत्वों द्वारा जगह-जगह लगाई गई आग के कारण भरमौर व आसपास के क्षेत्र के चारों ओर धुआं ही धुआं हो गया है। वन विभाग व स्थानीय लोगों की लाख कोशिशों के बावजूद चारों ओर फैली आग को काबू में नहीं किया जा रहा है।

आग के चलते अब तक देवदार कायल व चीड़ सहित हजारों छोटे और बड़े पेड़ आग की भेंट चढ़ चुके हैं। गौरतलब है सर्दियों का सीजन आने पर कुछ लोगों द्वारा नई घास को उगाने के चक्कर में आग लगा दी जाती है। जिसके चलते आग पूरे जंगल को तबाह कर देती है। हालांकि विभाग व प्रशासन द्वारा समय-समय पर इसके लिए जागरूकता शिविर भी लगाए जा रहे हैं। बावजूद इसके आग की घटनाएं



रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। जंगल में आग लगने के कारण जंगली जानवरों को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है। हालांकि सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी लगातार आग को बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। आग के कारण यहां का पर्यावरण भी पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है। लोगों ने प्रशासन व सरकार से शरारती तत्वों के खिलाफ सजा की मांग की है। डीएफओ भरमौर डॉक्टर नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि इस तरह की घटनाएं बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने जंगलों में आग लगने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है और कहा है इसकी सूचना देने पर उनका नाम गुप्त रखा जाएगा।

## पिटाई करने पर केस दर्ज

**भरमौर।** पहाड़ी पर स्थित अपने खेत में भेड़-बकरियां चरा रही महिला को व्यक्ति ने डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। महिला के चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस थाना चंबा में घटना के बारे में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पीड़ित वीना देवी पत्नी बाल कृष्ण गांव प्रीणा ने बताया कि वीरवार दोपहर को पहाड़ी पर स्थित अपने खेत में भेड़-बकरियां चरा रही थीं। उसी दौरान रसीद मोहम्मद निवासी प्रीणा हाथ में छड़ी लेकर मौके पर पहुंचा। उसने महिला पर उसकी भेड़ें चुराने का आरोप लगाया। महिला के मना करने पर आरोपी ने उसका रास्ता रोक कर डंडे से उसकी पिटाई शुरू कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। महिला के चीखने पर व्यक्ति मौके से भाग गया। उधर, पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## दूसरी बार हासिल की जीत, कांग्रेस को करारा झटका

# देश राज शर्मा बने राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के मंडल निदेशक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

भाजपा समर्थित देश राज शर्मा ने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक मंडल का चुनाव जीतकर कांग्रेस को करारा झटका दिया है। देश राज शर्मा लगातार दूसरी बार हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के मंडल निदेशक चुने गए हैं। देश राज शर्मा की इस जीत के बड़े मायने इसलिए भी है क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने एक ऐसा उम्मीदवार खड़ा किया था, जिनके लिए कांग्रेस के दिग्गज लीडर्स भी खूब लॉबिंग कर रहे थे। अब जब सत्तासीन कांग्रेस के समस्त लीडर्स की जोर आजमाइश के बावजूद कांग्रेस से संबंधित उम्मीदवार की हार हुई है तो इसे कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी देश राज शर्मा की इस



हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के मंडल निदेशक देश राज शर्मा समर्थकों के साथ।

जीत को पार्टी की बड़ी उपलब्धि मान रही है। भाजपा के जिलाध्यक्ष के तौर पर धीरज नरयाल की ताजपोशी के बाद जिस तरह से भाजपा के कद्दावर नेता देश राज शर्मा ने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक का चुनाव जीता है, उस लिहाज से धीरज नरयाल का भी पार्टी में कद बढ़ा है। उधर, देश राज शर्मा ने अपनी इस जीत का श्रेय अपने वोटर समर्थकों और पार्टी को देते हुए कहा कि जिस जिम्मेदारी को उन्हें सौंपा गया है उसका निर्वहन वो पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। वहीं पार्टी के नेता देश राज शर्मा की जीत से भाजपा के जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल ने कहा कि उनकी यह जीत पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली है। उन्होंने देश राज शर्मा को इस जीत के लिए बधाई दी है।

# मानसिक परेशानियों से बचाता है योग

## रायपुर स्कूल में डॉ. बबिता कटोच ने जागरूक किए स्वयंसेवी

**अनंत ज्ञान,चुवाड़ी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत स्वयंसेवियों ने रायपुर बाजार में प्रभात फेरी निकाल कर की। इसके बाद विद्यालय में आकर अपने शरीर को तंदरुस्त रखने के लिए उन्होंने योग और व्यायाम किया। दिन में स्वयंसेवियों ने प्रोजेक्ट कार्य के दौरान रायपुर कस्बे, शिव मंदिर रायपुर और आयुर्वेदिक अस्पताल रायपुर की सफाई की।

इसके बाद स्वंसेवियों ने रायपुर बस अड्डे में एक जल संरक्षण पर लघु नाटिका पेश कर उपस्थित लोगों को पानी का बचाव करने के लिए प्रेरित किया। बाद दोपहर शैक्षणिक सत्र में आयुर्वेदिक अस्पताल रायपुर से डॉ. बबिता कटोच ने स्त्रोत व्यक्ति के तौर पर शिरकत की। स्वयंसेवियों के शैक्षणिक सत्र में स्वयंसेवियों को




रायपुर स्कूल में शिविर के दौरान डॉ. बबिता को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। योग के माध्यम से मानसिक परेशानी से किस तरह से बचा जा सकता है उसकी जानकारी स्वंयसेवियों को दी।

उन्होंने कहा कि योग एक ऐसी व्यायाम कला है जो कि मानसिक रोग से नहीं बल्कि कई अन्य रोगों को भी दूर करने में पूर्ण रूप से सक्षम है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सिर्फ आवश्यकता है तो नित नियमों की जो रोजमर्रा की जिदंगी में व्यक्ति को अनुसरण करने है। उन्होंने सर्दियों के मौसम में अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने के कई तरीके उन्होंने स्वयंसेवियों को बताए। इस मौके पर विद्यालय की एनएसएस इकाई ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## चुराह प्रीमियर लीग आज से

**तीसा।** चुराह के सबसे बड़े क्रिकेट ग्राउंड में आठवीं एडिशन फेस्टिवल सीपीएल प्रतियोगिता ग्राउंड संचालक प्रमोद कुमार की देख रेख में रविवार से शुरू की जाएगी। प्रतियोगिता संचालक प्रमोद कुमार नें बताया कि यह क्रिकेट ग्राउंड उन्होंने अपनी खुद की जमीन में बनाया है। यहां सारी प्रतियोगिताएं आईसीसी के नियमों के आधार पर आयोजित करवाई जाती है। इस प्रतियोगिता में 21 टीमें भाग लेंगी। इसमें विजेता टीम को 61000, उपविजेता टीम को 35000 और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम को 8000 नकद राशि दी जाएगी। चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम को चार-चार हजार की राशि दी जाएगी। अन्य जिला के खिलाड़ी भी प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रमोद कुमार का कहना है कि इस ग्राउंड में क्रिकेट के साथ-साथ सरकारी स्कूलों की जनरल और खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं भी करवाई जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### रूहणूकोठी स्कूल में नवाजे होनहार



रूहणूकोठी स्कूल में सालाना समारोह के दौरान मौजूद मुख्यातिथि व अन्य।

**भरमौर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल रूहणूकोठी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारी व समाजसेवी घनश्याम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह के दौरान यहां पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह से पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति व प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम ने मुख्य अतिथि का समृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह के समापन पर मुख्यातिथि ने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कार बांटे। उन्होंने कहा कि आज के युग में बच्चों का सर्वांगीण विकास बहुत आवश्यक है। इस मौके पर पूर्व प्रधान बीडीसी मेंबर सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### बनीखेत में अक्षत कलश का स्वागत

**डलहौजी।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का बनीखेत पहुंचने पर समस्त ग्रामवासियों ने स्वागत किया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बनीखेत बस अड्डे से मुख्य बाजार होती हुई भुरु नाग देवता मंदिर परिसर में समाप्त हुई। इस आयोजन में आरएसएस के समस्त सदस्य एवं कार्यकर्ता, बजरंग दल भाजपा समर्थक एवं कार्यकर्ता के इलावा समस्त स्थानीय ग्रामवासी राम भक्त मौजूद रहे।



बनीखेत में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

### साहिल ठाकुर बने इंटक यूनियन के प्रभारी



**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के ट्रेड यूनियन इंटक ने तहसील होली के साहिल ठाकुर को जल शक्ति विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग में जिला चंबा और कांगड़ा का प्रभारी नियुक्त किया है। अपनी इस नियुक्ति पर साहिल ठाकुर ने इंटक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे और हिमाचल प्रदेश इंटक यूनियन के राज्य अध्यक्ष संजय शर्मा और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर साहिल ठाकुर ने कहा है की इंटक यूनियन व पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

### कोलका स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय कोलका का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगला के प्रधानाचार्य नरेंद्र भारद्वाज मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर उन्होंने स्वयंसेवियों को देश सेवा के लिए जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी जोगिंदर सिंह, किरण ठाकुर ने बताया कि शिविर का आयोजन 29 दिसंबर तक किया जाएगा।

**बेखौफ** युवा कर रहे सेवन, प्रशासन नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

# डलहौजी में बिक रहे तंबाकू उत्पाद

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

वैसे तो प्रदेश सरकार ने गुटखा व तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगा रखा है, बावजूद इसके डलहौजी व इसके आसपास के क्षेत्रों में धड़ल्ले से इन उत्पादों की बिक्री हो रही है। युवा पीढ़ी जमकर इसका सेवन कर रही है। युवा सभी कायदे कानूनों को धत्ता दिखाकर सरेआम इसका उल्लंघन कर रहे हैं। प्रसिद्ध नगरी डलहौजी व इसके आसपास के क्षेत्रों में पान, बीड़ी, सिगरेट बेचने वाली सभी दुकानों में तंबाकू आदि धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है और इन पर नकेल कसने वाला या पूछने वाला कोई नहीं है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तंबाकू के प्रतिबंधित उत्पाद क्षेत्र सहित गांवों की दुकानों तक कहां से पहुंच रहे हैं। प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद सीमा पर तस्करों द्वारा दुकानदारों तक बड़े पैमाने पर पहुंचाए जा रहे हैं।



डलहौजी बाजार में दुकान पर लटकी हुई तंबाकू की लड़ियां।

प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों पर कार्रवाई के लिए सरकार द्वारा कई विभागों को शक्तियां सौंपी गई हैं लेकिन किसी भी विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते इन तस्करों और दुकानदारों के हौंसले बुलंद हैं। बीते काफी समय से सरकार द्वारा प्रदेश में अधिनियम लागू कर गुटखा व अन्य तंबाकू उत्पादों के भंडारण, विक्रय और उत्पादन पर प्रतिबंध लगाया गया था। जिसका उल्लंघन करते पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी तय की गई थी,लेकिन मौजूदा समय में मानों यह सब कागजों और फाइलों तक ही सीमित रह गया है। धरातल पर बहुत कम ही कार्रवाई हो रही। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तंबाकू उत्पादों के प्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सार्वजनिक स्थानों पर भारी संख्या में लोग गुटखा-खैनी का प्रयोग करते दिखाई देते हैं, लेकिन रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने बताया कि पुलिस समय-समय पर सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे उत्पादन का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ चालान करती है। भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### कार्रवाई की जाएगी

उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने बताया कि प्रशासन ने पुलिस प्रशासन व पंचायत स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यदि वह इस पर कोई उचित कदम नहीं उठा रहे हैं तो शीघ्र ही प्रशासन छापामारी कर प्रतिबंध तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमन में लाएगा।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान की कुल्लू से वार्षिक बुकिंग करवाने वाले पहले ग्राहक वीर चौहान को अखबार की प्रति भेंट करती हुई जिला प्रभारी कमलेश वर्मा।



लाहुल के यंगथांग गांव के कुलजीत ठाकुर ढालपुर में अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



शमशी के अरुण राशपा ढालपुर में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



ढालपुर के उदय सरवरी में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


लाहौल-स्पीति के रोशन लाल, शेर सिंह व अमर सिंह कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रदर्शनी मैदान में अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

## बधाइयां


हर्ष का विषय है कि हिमाचल प्रदेश से एक और दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू हुआ है। मेरी ओर से अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं।
**-केशव राम, एसडीएम उदयपुर (लाहौल-स्पीति)**


दैनिक के रूप में शुरू हुए अनंत ज्ञान समाचार पत्र की टीम को मेरी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं।
**-हर्ष अमरेंद्र नेगी, एसडीएम काजा (लाहौल-स्पीति)**

# लोअर भेखली के जंगल में लगी आग

## आग लगने से करीब 10 हजार का हुआ नुकसान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

पिछले कुछ समय से लगातार कुल्लू जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं में जिस तरह से इजाफा हुआ है वह चिंता का विषय बना हुआ। शुक्रवार को शाम के करीब 5.10 बजे पर अग्निशमन विभाग केंद्र में बस्तोरी सड़क मार्ग के नजदीक लोअर भेखली में लोकेश कुमार पुत्र प्रेम चंद निवासी गांव लोअर भेखली डाकखाना भेखली जिला कुल्लू के खेत में स्थित चादर नुमा शेड में रखी घास में तथा साथ के जंगल में आग लगने के बारे में सूचना दी गई।

इसके बाद अग्निशमन विभाग ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए करीब 5.11 बजे पर अपने दो फायरमैन, एक होमगार्ड के फायरमैन और दो चालक सहित दमकल दस्ते को घटनास्थल के लिए रवाना किया। इस दौरान दमकल विभाग का दस्ता अग्निशमन कार्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर घटनास्थल पर 5.37 बजे पहुंचे और तुरंत ही आग बुझाने के कार्य में जुट गए। इस दौरान दमकल दस्ते के कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों की मदद से करीब 1.45 बजे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू करने में कामयाबी हासिल की। इस अग्निकांड लोकेश कुमार के शेड में रखे हुई घास जल कर राख हो गई और इस आगजनी की घटना में हुए अनुमानित नुकसान की कीमत 10 हजार आंकी गई है, जबकि दमकल दस्ते और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से करीब 10 लाख से ऊपर की अनुमानित संपत्ति के साथ-साथ विमला देवी पत्नी उदय राम निवासी लोअर भेखली के रिहायशी मकान को अग्नि की भेंट चढ़ने से बचाया। आग कैसे लगी इसका कारण अभी तक पता नही चल पाया है। (अनंत ज्ञान)


लोअर भेखली के जंगल में लगी आग का दृश्य।

> घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हमें शाम को आग लगने के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी और इनके बाद दमकल दस्ते की मुस्तेदी ओर स्थानीय लोगों के सहयोग से समय रहते आग पर काबू पाया गया।
> -प्रेम सिंह, एसडीओ

# लोकतंत्र का गला घोंट रही केंद्र की मोदी सरकार : इंदु पटियाल

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने कहा है कि लोकतंत्र का स्तर लगातार गिरता जा रहा है जो कि अति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है, वह संसद में अपने बहुमत के दंभ में बिना विपक्ष के कार्य करने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि लोकसभा के 146 कांग्रेस सांसद निलंबित किए गए हैं। पहली बात यह है कि संविधान किसी भी संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को पक्षपात की अधिकार नहीं देता और दूसरी बात मीडिया को सरकार का पक्ष ही नहीं बल्कि विपक्ष के साथ हो रहे अन्याय को भी उठाना चाहिए।



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि आज समाचारों में असल मुद्दे उजागर ही नहीं किए जा रहे हैं। देश के लिए पदक लाने वाले महिला खिलाड़ियों को न्याय दिलाना तो दूर की बात बल्कि उनके धरने-प्रदर्शन को कुचला गया और आहत खिलाड़ी साक्षी पुनिया ने खेलों से संन्यास ले लिया और पहलवान बजरंग पुनिया ने अपना पद्मश्री सम्मान लौटा दिया। लोकतंत्र में तानाशाह व्यवहार होने से खिलाड़ियों की उम्मीदें भी टूट गईं। क्या यह मुद्दा नहीं है कि सरकार यौन शौषण के लिए जिम्मेदार भाजपा नेता को संरक्षण दे रही है। आनन फानन में पारित किसान बिल को लेकर किसानों के आंदोलन को कुचलने की कोशिश में 750 किसानों की शहादत, भाजपा के मंत्री पुत्र द्वारा नरसंहार क्या मामूली बात थी।

इंदु पटियाल ने कहा कि एक मिमिक्री पर भाजपा का देशभर में आक्रोश ओर समस्त जनता जनार्दन की पीड़ा को तमाशा समझना यही भाजपाइयों का असली चेहरा है। उन्होंने कहा कि जो भाजपा के साथ हैं वे पाक दामन और जो विपक्ष में हैं वे राष्ट्र विरोधी। असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कभी राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द किया जाता है तो कभी केजरीवाल को सम्मन जारी किया जाता है तो कभी इंडिया गठबंधन के नेताओं को ईडी, सीबीआई जांच में उलझाया जाता है।

# सैंज के नरबाली स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह


समारोह में उपस्थित ओम प्रकाश ठाकुर व अन्य।

**सैंज।** शिक्षा खंड सैंज के अंतर्गत शनिवार को राजकीय माध्यमिक पाठशाला नरबाली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में बंजार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल समारोह में पधारने पर प्रबंधन समिति व स्थानीय लोगों ने मुख्यातिथि का जोरदार स्वागत किया।

मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जबकि स्कूल के मुखिया अध्यापक रमेश कुमार ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की शिक्षा सहित अन्य उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। जनसमूह को संबोधित करते हुए ओम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा धन है। इसके बिना भविष्य की उन्नति अधूरी है। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। भाजपा नेता ने शिक्षा व खेलकूद के क्षेत्र में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व पंचायत प्रधान लता ठाकुर, नारायण ठाकुर, अनूप शर्मा, मोहर सिंह आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीमा बनी भाजपा मनाली शहरी इकाई की अध्यक्ष

**मनाली।** मनाली की सीमा शर्मा भारद्वाज को भाजपा मनाली शहरी इकाई की अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा महिला मोर्चा मनाली मंडल की अध्यक्ष हेमा ठाकुर ने अधिसूचना जारी कर सीमा शर्मा को यह जिम्मेदारी दी है। सीमा भारद्वाज के शहरी अध्यक्ष बनने से शहर की महिलाओं में भारी उत्साह है। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर व मनाली मंडल के अध्यक्ष ठाकुर दास ने बधाई देते हुए कहा कि सीमा के शहरी अध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी। सीमा भारद्वाज को मनाली मंडल के सभी पदाधिकारियों व मनाली शहरी इकाई के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में गीता जयंती पर्व मनाया

**मनाली।** विद्या भारती द्वारा संचालित अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर मनाली में गीता जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रूम सिंह ठाकुर सहित अध्यापकों व स्टूडेंट्स ने धार्मिक ग्रंथ श्रीमद्भगवत गीता की पूजा-अर्चना की। शास्त्री मोहन लाल शर्मा ने सभी बच्चों को गीता जयंती की विस्तृत जानकारी दी। इस वर्ष विद्या भारती ने विश्व शांति, सद्भाव, सर्वत्र सुख समृद्धि, पर्यावरण शुद्धि एवं राष्ट्र गौरव वृद्धि को समर्पित वैश्विक अभियान चलाया। 11.01 बजे एक साथ गीता के तीन श्लोकों का उच्चारण किया गया। साथ में संपूर्ण 12वें अध्याय के श्लोकों का सामूहिक उच्चारण भी किया गया। दीदी उमावती के मधुर स्वर से पूरा वंदना हाल भक्तिमय हो गया। छोटे-छोटे बच्चों ने भजन गाए व नृत्य किया।

### 'मैं निकला गड्डी ले के' पर नाचे बच्चे छनीखोड़ के नन्हे

**कुल्लू।** तोली देवी एसवीएम माध्यमिक पाठशाला छनीखोड़ में नन्हे बच्चों ने 'मैं निकला गड्डी ले के' गाने पर मनमोहक डांस किया। बच्चों ने अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। समारोह का श्रीगणेश मुख्यातिथि एवं समाजसेवी सुभाष चंद्र शर्मा ने प्रज्वल्लित कर किया। इसके बाद आठवीं कक्षा की स्टूडेंट्स ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सातवीं कक्षा की स्टूडेंट्स ने डांडिया नृत्य पेश किया। समारोह में बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यातिथि सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को ऐसे समारोह मंच प्रदान करते हैं। जिस प्रकार बच्चों ने शुद्ध संस्कृत भाषा में मंत्रोच्चारण किया वह काबिले तारीफ है। इस मौके पर अध्यक्ष राहुल सोलंकी, मुख्य वक्ता नेसू राम भारती, सुशील ठाकुर, चरण गौतम, माया राम फौजी, मुख्यध्यापक टूट मलिक सहित बच्चों के अभिभावक व अन्य लोग मौजूद रहे।

### डीएवी के स्टूडेंट्स ने वन विहार में किया पौधरोपण

**मनाली।** एनएसएस शिविर के छठे दिन डीएवी पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने मनाली वन विहार में जाकर 50 पौधों को रोपित किया। साथ ही उन्होंने पिछले वर्ष 150 का पौधरोपण वन विहार में किया था इन सभी पौधों की निराई तथा देखभाल भी की। इस अवसर पर संयोजक के साथ मनाली के वन विभाग के रेंज ऑफिसर दिलीप सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। ठाकुर ने स्टूडेंट्स बताया कि किस प्रकार से पौधरोपण किया जाता है और इसके लिए कौन-सा सही समय होता है और पौधों की देखभाल किस प्रकार की जाती है। स्टूडेंट्स को अग्निशमन कर्मचारियों ने आग से बचाव के तरीका समझाएं। डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने स्टूडेंट्स के द्वारा किए गए सामाजिक कार्य की सराहना की और स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित किया।

### बंजार नगर में तैनात किया जाए अतिरिक्त पुलिस बल

**बंजार।** बंजार नगर व खुंदन सिद्धवा से होकर गुजरने वाले तंग राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 पर घंटों लगने वाले ट्रैफिक जाम अब दशकों से चली आ रही समस्या बन चुकी है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग की तर्ज पर जब तक इस मार्ग का निर्माण कार्य नहीं हो जाता तब तक यातायात व्यवस्था के वैकल्पिक उपायों के माध्यम से सुचारू रूप से ट्रैफिक व्यवस्था चलाई जा सकती है। वर्तमान में बंजार में बन रहे बाइपास का निर्माण कार्य भी बंद पड़ा है व बरसात के बाद से अभी तक सड़कों की दशा में कोई उत्थान नहीं हुआ है। अब बंजार में ट्रैफिक जाम की समस्या त्योहार के मौके पर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने के कारण पुनः उजागर हुई है। धर्मशाला में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने बंजार थाना के अंतर्गत यातायात प्रबंधन के लिए होमगार्ड के स्थायी तौर पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की मांग उठाई। सवाल के जवाब में बात सामने आई है कि जिला पुलिस अधीक्षक स्तर पर इस विषय पर पत्राचार किया गया है व बंजार थाना के अंर्तगत 15 अतिरिक्त होमगार्ड के जवानों की तैनाती की मांग रखी गई है।

### अनुष्का को मिला बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड

**बंजार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंजार में वार्षिक उत्सव का आयोजन एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां की अध्यक्षता में किया गया। प्रधानाचार्य सुनीता ठाकुर द्वारा कार्यक्रम के मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। अध्यक्ष राम सिंह मियां ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों वह अन्य गतिविधियों जिससे उनका ज्ञान बड़े उसकी और भी ध्यान देना जरूरी है। राम सिंह मियां ने सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन को 11000 की राशि भेंट स्वरूप दी गई। विद्यालय के स्टूडेंट्स के द्वारा कुल्लवी नाटी सहित अन्य कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम पेश कर अभिभावकों व स्टूडेंट्स का दिल मोह लिया।इस कार्यक्रम में सुनीता ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां सहित जिला परिषद सदस्य मानसिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कुंज लाल राणा, अधिवक्ता विनय डोगरा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सिस्सू झील में आइस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर शुरू

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के सिस्सू झील में पहली बार आइस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। हिमाचल प्रदेश आइस स्केटिंग एसोसिएशन तथा जिला प्रशासन के संयुक्त त्वावधान में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय इस शिविर का उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से लाहौल में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय बच्चों को सहासिक खेल गतिविधियों के साथ-साथ एक नया अनुभव सिखने को मिलेगा। इस शिविर से अपना प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चों को आगे जाने का मौका मिलेगा। यह पहल लाहौल के लिए एक नए आयाम का आगाज है। उपायुक्त ने बताया कि इस तरह के आइस स्केटिंग हिमाचल प्रदेश के किन्नौर के नाको झील स्पीति में भी आयोजित की जाती है। एसोसिऐशन के प्रधान रोशन ठाकुर ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के 100 के करीब लड़के तथा लड़कियां भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी, उपमंडल अधिकारी नागरिक रजनीश शर्मा, वन मंडल अधिकारी अनिकेत वानवे सहित एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रतिभागियों ने सीखे राफ्टिंग गाइड कोर्स के टिप्स

**कुल्लू।** राफ्टिंग गाइड कोर्स का सफल समापन कुल्लू, मंडी व लाहौल-स्पीति से आए 23 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक एडवांस राफ्टिंग गाइड कोर्स को पूरा किया। समापन अवसर में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाओं से अधीनस्थ आकांशा शर्मा तहसीलदार भुंतर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके साथ युवराज वैद्य कानूनगो भुंतर भी समापन समारोह में पहुंचे। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण रिवर राफ्टिंग संस्थान प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया की वर्ष 2023 का यह अंतिम कोर्स तीन जिलों के 23 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक संपन्न किया है।

# कुल्लू की 191 पंचायतों में संपूर्ण हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा : तरुण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

संगठन की दृष्टि से कुल्लू जिला के चारों मंडल कुल्लू, मनाली, बंजार व आनी के अंतर्गत पड़ने वाली पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपूर्ण हो गई है। यह जानकारी जिला भाजपा के उपाध्यक्ष एवं कुल्लू जिला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजक तरुण विमल ने दी।


तरुण विमल

उन्होंने बताया कि कुल्लू की 58 पंचायतों में से 49 पंचायतों मनाली मंडल की 51 पंचायतों में से 46 पंचायतों बंजार मंडल की 60 पंचायतों में से 52 पंचायतों तथा आनी मंडल की 69 में से 44 पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपूर्ण कर लिया गया है। तरुण विमल बताया कि जिन 191 पंचायतों में यह कार्यक्रम हुआ वहां की जनता में यात्रा के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे विस्तार से बताया जा रहा है। इसके साथ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों एवं योजना की प्रचार सामग्री भी जनता में वितरित की जा रही है।

तरुण विमल ने प्रदेश प्रभारी त्रिलोक कपूर, मंडी संसदीय क्षेत्र की प्रभारी वरिष्ठ नेत्री पायल वैद्य, पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, भाजपा वरिष्ठ नेता नरोत्तम ठाकुर आदि का सहयोग देने के लिए आभार जताया है।

# हरिपुर कॉलेज के स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अंनत ज्ञान, पतलीकूहल**

जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर के समाज शास्त्र, वाणिज्य और शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित शैक्षणिक भ्रमण मनाली से प्रारंभ हो कर वृंदावन, आगरा, मथुरा, दिल्ली कुतुबमीनार और अक्षरधाम मंदिर होते हुए वापस मनाली पहुंचे। प्रोफेसर कृष्णा, प्रोफेसर मोनिका व प्रोफेसर ज्योति बाला ने बताया कि संपूर्ण महाविद्यालय के 40 स्टूडेंट्स का समूह इस भ्रमण में गया था। सभी स्टूडेंट्स ने वृंदावन में बांके बिहारी, यमुना, इस्कॉन मंदिर, निधि वन और प्रेम मंदिर के दर्शन किए। उसके पश्चात स्टूडेंट्स के समूह ने विश्व में प्रसिद्ध दुनिया के सातवें अजूबे ताजमहल का दीदार किया और उसका इतिहास जाना। उसके बाद आगरा के किले में उन्होंने प्राचीन नकाशी को करीब से देखा। अगले दिन सभी बच्चों ने वृंदावन में वैष्णो देवी मंदिर में गुफा के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। अंतिम दिन सभी स्टूडेंट्स ने दिल्ली में विश्व के सबसे बड़े मंदिर अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए और मंदिर में चलने वाले तीन कार्यक्रम देखें, जिसमें सहजानंद दर्शन, नीलकंठ दर्शन और संस्कृति दर्शन प्रमुख रहे। साथ ही शाम को फाउंटेन शो का भी आनंद लिया। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने कहा कि स्टूडेंट्स के लिए इस प्रकार के आयोजन का बहुत महत्व होता है।


शैक्षणिक भ्रमण के दौरान स्टूडेंट्स व शिक्षक सामूहिक चित्र में।


सप्ताहांत कुल्लू जिला में सैलानियों की खूब भीड़ उमड़ी, इस दौरान पर्यटन नगरी मनाली सहित बंजार व तीर्थन घाटी में जगह-जगह सुबह से लेकर रात तक स्थानीय लोगों व पर्यटकों को ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ा। औट- बंजार सड़क मार्ग पर जाम में फंसे वाहन।

# कुल्लू की दनोगी पंचायत में प्रधान का पति चला रहा प्रधानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की दनोगी पंचायत में प्रधान का पति प्रधानी चला रहा है और विकास कार्यों में अनियमितताएं हो रही हैं। यह आरोप उसी पंचायत के वार्ड पंच नील चंद ने लगाया है।

उन्होंने कहा कि प्रधान का पति बैठकों में आकर विकास कार्यों को प्रभावित कर रहा है और अपनी मर्जी से विकास कार्य करवा रहा है, जिसमें प्रधान भी मिली है और सचिव भी मिला है जबकि बार्ड पंचों को विश्वास में नहीं लिया जा रहा है। वार्ड के विकास कार्यों की जवाबदेही वार्ड पंच की होती है। ऐसे में यदि कोई कोताही बरती जाती है तो उसका खामियाजा वार्ड पंच को भुगतना पड़ सकता है।


वार्ड पंच नील चंद व अन्य।

उन्होंने उपायुक्त कुल्लू से शिकायत की थी और फिर इंक्वायरी भी हुई, लेकिन उसके बाद प्रधान ने पंचायत में लिखित राजीनामा लिखा और माफी मांगी कि भविष्य में वार्ड पंचों को विश्वास में लेकर काम किया जाएगा, लेकिन समझौते के वाबजूद प्रधान ने उन्हें विश्वास में नहीं लिया और विकास कार्य के मस्टररोल अपने नाम व अपने चेहतों के नाम निकाले जिस कार्य में काफी कोताही बरती गई है। उन्होंने कहा कि जब मैं अपने वार्ड के कार्यों के निरक्षण को जाता है तो मुझे जान से मारने की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि मेरे अधिकारों का हनन हो रहा है और प्रधान का पति पंचायत में बैठकर मलाई खा रहा है। उन्होंने न्याय की मांग की है और पंचायतीराज विभाग व जिला प्रशासन से इसकी जांच की गुहार लगाई है।

# सरकार ने ट्रेड यूनियनों को अधिकारों से कर दिया वंचित : राजेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ट्रेड यूनियन संयुक्त संघर्ष समिति जिला कुल्लू द्वारा शनिवार को निर्माण व मनरेगा मजदूरों की मांगों को लेकर उपायुक्त कुल्लू के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व श्रम व रोजगार मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल को ज्ञापन भेजा। इससे पहले सभी ट्रेड यूनियनों की सीटू जिला कार्यालय में संयुक्त बैठक की गई और निर्माण व मनरेगा मजदूरों की मांगों पर गहन चर्चा की गई।

संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति के संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पिछले एक वर्ष से निर्माण व मनरेगा मजदूरों को भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से मिलने वाली सुविधाओं को बंद कर दिया गया है। मजदूरों का पंजीकरण तथा नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों से मजदूरों को उनके लाभ नहीं मिल रहे हैं। सरकार ने ट्रेड यूनियनों को उनके अधिकारों से भी वंचित कर दिया है। मनरेगा मजदूरों को कल्याण बोर्ड से बाहर कर दिया गया है जो कि मजदूरों के साथ घोर अन्याय है। इसीलिए राज्य स्तर पर सभी ट्रेड यूनियनों की बैठक बिलासपुर में सात दिसंबर को की गई थी, जिसमें 23 दिसंबर को राज्य सरकार को हर जिला से संयुक्त ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया था, जिसके तहत कुल्लू जिला में भी ज्ञापन दिया गया।

संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने निर्णय लिया है कि 29 जनवरी से तीन फरवरी 2024 तक पूरे हिमाचल प्रदेश में जिला व ब्लॉक स्तर पर संयुक्त विरोध-प्रदर्शन किए जाएंगे। कुल्लू में 30 जनवरी और बंजार में 31 जनवरी को प्रदर्शन किए जाएंगे। इसके बाद भी अगर सरकार मांगों पर गौर नहीं करती है तो विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा का पूरे हिमाचल के कामगार घेराव करेंगे। इस मौके पर इंटक के जिला प्रधान खीमी राम चौहान सचिव त्रिलोक शर्मा व उपाध्यक्ष घनश्याम, बीएमएस से जिला प्रधान सुखराम, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ढावे राम चौहान आदि उपस्थित रहे।

# क्रिसमस की रात को डीजे की धुन पर थिरकेंगे पर्यटक

**मनाली।** विंटर कार्निवाल कमेटी मनाली पर्यटकों के क्रिसमस पर्व को खास बनाएगी। इसके लिए कमेटी ने सारी तैयारी कर ली है। क्रिसमस पर्व पर दिन के समय माल रोड में महानाटी होगी। इस महानाटी में मनाली विधानसभा क्षेत्र के लेफ्ट बैंक के 100 महिला मंडलों की एक हजार से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। रात को डीजे की धुन पर पर्यटकों के कदम थिरकेंगे। माल रोड में तंबोला लगा दिया गया है। देर शाम तक पर्यटक तंबोला खेलने का आनंद ले रहे हैं। शनिवार को एसडीएम मनाली ने उप-समितियों के प्रभारियों के साथ बैठक कर कार्निवाल की तैयारियों की समीक्षा की।

माल रोड मनाली को सजाने के काम भी शुरू हो गया है। शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। दो से छह जनवरी तक आयोजित होने वाले कार्निवाल में भाग लेने को प्रदेश सहित देश भर से 25 से अधिक टीमों ने आवेदन कर दिए हैं। कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि इस बार पर्यटकों का विशेष ध्यान रखा गया है। क्रिसमस पर्व को दिन के समय 100 से अधिक महिला मंडलों की लगभग एक हजार महिलाओं द्वारा कुल्लवी महानाटी आयोजित की जाएगी। शाम के समय माल रोड में डीजे की विशेष व्यवस्था की जाएगी। पर्यटक डीजे के धुन में नाचने का आनंद लेंगे। तंबोला भी पर्यटकों का मनोरंजन करेगा।

**मामला** निर्मला देवी व उनके परिवार को उनकी निजी भूमि पर स्टे लगाने पर मजबूर करने का

# महिला पर झूठा एससी/एसटी एक्ट दर्ज होने पर लोगों ने दिया धरना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के जलुग्रां में एक महिला पर एसटी/एससी एक्ट दर्ज होने पर शनिवार को गांव के लोगों ने देवभूमि क्षत्रिय संगठन के बैनर तले कुल्लू मुख्यालय में धरना दिया। संगठन नेता अमर ठाकुर व सोशल मीडिया प्रभारी अजय ठाकुर ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि 20 दिसंबर को निर्मला देवी निवासी गांव शौरन डाकघर जलुग्रां जो कि सवर्ण समाज से संबंध रखती है। जिनके ऊपर प्यारे लाल गांव दयांथला जो अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं के द्वारा एट्रोसिटी एससी, एससी एक्ट के तहत एक झूठा केस दर्ज किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह मामला एक जमीनी विवाद से शुरू हुआ था, जिसमें गांव के कुछ लोगों द्वारा निर्मला देवी व उनके परिवार को उनकी निजी भूमि पर स्टे लगाने पर मजबूर किया गया। जब उन लोगों से यह मामला न्यायिक तरीके से नहीं सुलझ पाया तो उन सब लोगों ने मिलकर एक झूठे प्रोपोगेंडा के तहत प्यारे लाल को मोहरा बनाकर इस घटना को अंजाम दिया। यह बात पूरी तरह से झूठ है कि निर्मला देवी द्वारा प्यारे लाल को जातिसूचक शब्द बोले गए हैं। इस मामले में एट्रोसिटी एससी एसटी एक्ट को सिर्फ एक हथियार बनाकर निर्मला देवी के ऊपर इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने मांग की है कि इस झूठे मामले को वापस लिया जाए। वहीं निर्मला देवी ने कहा कि उन पर झूठा मामला दर्ज किया गया है, जबकि जिसने आरोप लगाया वह व्यक्ति उसे मिला ही नहीं।



देवभूमि क्षत्रिय संगठन के बैनर तले कुल्लू मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए।

## बधाइयां



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन हिमाचल के मीडिया जगत में नए आयाम स्थापित करेगा। प्रकाशन पर समस्त टीम को शुभकामनाएं।

**-राजीव कुमार, रिटायर्ड एजीएम, बीएसएनएल।**



हर्ष का विषय है कि दैनिक अखबार अनंत ज्ञान का विधिवत प्रकाशन शुरू हो गया है। मेरी ओर से प्रबंधन और पूरी टीम को कोटि-कोटि शुभकामनाएं।

**-कमल कांत शर्मा, संस्कृति संरक्षक, मंडी।**



नया दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान अस्तित्व में आया है। मीडिया के माध्यम से हम कर्मचारियों के अनेक मुद्दे सरकार के समक्ष उठते हैं। हमें उम्मीद है कि इस दिशा में हम और अनंत ज्ञान एक साथ चलेंगे। टीम को हार्दिक बधाई।

**-हेमंत शर्मा, संयुक्त सचिव, वल्लभ कॉलेज ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन।**



नगरोटा बगवां से शुरू हुए दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान की सारी टीम को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उम्मीद है कि जल्द ही यह अग्रणी समाचार पत्रों में शामिल हो जाएगा।

**-राकेश शर्मा, सेवानिवृत्त डीआईजी, मंडी निवासी।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई। उम्मीद है कि जल्द ही यह अग्रणी समाचार पत्रों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। जनता की आवाज बन कर और सांस्कृतिक विरासत को संजोने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**-सरिता शर्मा हांडा, समाजसेविका, मंडी।**



हर्ष का विषय है कि मीडिया जगत में एक नया दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान अस्तित्व में आया है। जन सरोकार के मुद्दे व अनंत ज्ञान एक साथ चलेंगे। इसी विश्वास के साथ टीम को हार्दिक बधाई।

**-पुष्पा ठाकुर, उपाध्यक्ष, महिला मंडल, मंडी।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान




पूर्व अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग जिला मंडी पास्टर सन्नी ईपन दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




पुष्पराज टंडन रिटायर्ड इंजीनियर हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड मंडी अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।




मंडी शहर के वरिष्ठ नागरिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ने का आनंद लेते हुए।




ओम शांति ड्राइविंग स्कूल के निदेशक विजय राणा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।




छायाकार, वरिष्ठ पत्रकार, पुरातत्व चेतना संघ के संस्थापक बीरबल शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड का काम बहाल किया जाए

## उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राज्य सरकार द्वारा गत एक वर्ष से श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत मनरेगा व निर्माण मजदूरों के लाभ रोकने के खिलाफ शनिवार को उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी के माध्यम से छह मजदूर संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संयुक्त मांग पत्र भेजा और रोकी गई मजदूरों की वित्तीय सहायता एक माह के भीतर जारी करने का अल्टीमेटम दिया।

इसका नेतृत्व संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति के राज्य संयोजक व सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह, इंटक के वाईपी कपूर, भारतीय मजदूर संघ के मंगत राम नेगी, एटक के ललित ठाकुर, सर्वकामगार संगठन के संत राम ने किया। सभी मजदूर नेताओं ने कहा कि प्रदेश में नई सरकार के गठन के एक दिन बाद ही राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा गत वर्ष 12 दिसंबर को जारी



डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते मजदूर संगठन।

### सरकार के खिलाफ एकजुट हुए मजदूर संगठन

अधिसूचना के तहत मनरेगा मजदूरों को श्रमिक कल्याण बोर्ड से बाहर कर दिया गया है और उसके बाद आठ फरवरी को अन्य निर्माण मजदूरों के पंजीकरण, नवीनीकरण और उन्हें मिलने वाली सहयता पर सेस की गैर कानूनी शर्त लगाकर उस पर भी रोक लगा दी है।

जिसके खिलाफ सभी ट्रेड यूनियनें सभी जिलों से मांग पत्र भेज रही हैं। जिसमें मांग की जा रही है कि राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड का काम जल्द बहाल किया जाए।

# जरूरतमंदों को अब सेरी मंच पर मुहैया होगा आवश्यक सामान

## नगर निगम मंडी ने शुरू किया ट्रिप्पल आर केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम द्वारा ऐतिहासिक सेरी मंच पर एक ट्रिप्पल आर केंद्र स्थापित किया गया है। इसका शुभारंभ नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने किया। बता दें कि केंद्र का उद्देश्य घरों में पड़ी फालतू वस्तुओं को जरूरतमंद लोगों के दोबारा इस्तेमाल के लिए उपलब्ध करवाना है।

यहां पर कोई भी व्यक्ति अपनी गैर जरूरी वस्तुएं जैसे कपड़ा, किताबें, खिलौने, जूते आदि जमा करवा सकता है, लेकिन बशर्त कि वह पुनः इस्तेमाल के लायक हों। केंद्र इन वस्तुओं को किसी जरूरतमंद परिवार को मुहैया करवा देगा। महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि केंद्र की स्थापना के लिए निगम द्वारा तकरीबन डेढ़ लाख रुपए खर्च किए गए हैं तथा संचालन पर आने वाले खर्च को पूरा करने के लिए प्राप्त वस्तुओं को बहुत ही कम शुल्क पर जरूरतमंद लोगों को मुहैया करवाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक शुल्क 25 रुपए रखा गया है। यह केंद्र शुरुआती तौर पर प्रातः नौ से दोपहर एक बजे तक खुला रहेगा तथा मांग बढ़ने पर समय में बदलाव भी किया जाएगा। इस मौके पर नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर नगर निकाय को अपने क्षेत्र में ये केंद्र स्थापित करना अत्यंत जरूरी है तथा स्वच्छता रैंकिंग में भी इस केंद्र के अच्छे अंक प्रदान किए जाते हैं। इस मौके पर सभी पार्षद मौजूद रहे।




नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट केंद्र का शुभारंभ करते हुए।

## लडभड़ोल स्कूल में विज्ञान मेला


**लडभड़ोल।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लडभड़ोल में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जमा एक व जमा दो के विज्ञान संकाय के छात्रों ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। जमा एक कक्षा में शिल्पा, मानसी, निर्दोष प्रथम स्थान पर रहे। कशिका, दिव्यांश, गौरव द्वितीय तथा तनवी, अंजली व संजना तृतीय स्थान पर रहे। जमा दो में अजय, आलोक, नैंसी प्रथम, अंकित, आसिफ, सानिया दूसरे तथा आदर्श, मुदित व अनन्या तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर बच्चों ने विज्ञान मॉडल भी प्रदर्शित किए। विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को बड़े सरल तरीके से समझाया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि अपने जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं।

## एसवीएम में गीता जयंती समारोह की धूम

**मंडी।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महाजन बाजार मंडी में गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. देवेंद्र ठाकुर ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। श्लोकोच्चारण व भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने भाषण व मंत्रों से सबका मन मोह लिया व चित्रकला प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने अपने ज्ञान व कृतियों का प्रदर्शन किया। श्लोकोच्चारण में छठी कक्षा के कार्तिक ने प्रथम, आठवीं कक्षा की मान्या ने द्वितीय व सातवीं कक्षा की दिवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नौवीं कक्षा की कुमकुम, दसवीं की श्रेया ने द्वितीय, अतर्कय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया।

# जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व

## लॉर्ड बुद्धा कॉलेज में टैलेंट सर्च कार्यक्रम में बोले मुख्यातिथि



लॉर्ड बुद्धा कॉलेज में टैलेंट सर्च कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देती छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल के अंतर्गत अपर भांबला स्थित लॉर्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में टैलेंट सर्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक वीएस शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. आशुतोष दुबे ने मुख्यातिथि का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

मुख्यातिथि वीएस शर्मा ने प्रशिक्षुओं को जीवन में अनुशासन को अपनी दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बीएड प्रशिक्षु भविष्य के शिक्षक हैं यदि वे स्वयं अनुशासन में रहेंगे तो जिन बच्चों को वे शिक्षित करेंगे उन्हें भी अनुशासन सिखाएंगे। जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है तथा जीवन में अनुशासन में रहने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को हासिल करता है। इस दौरान टविंकल, उपासना, पल्लवी तथा दिव्य भारती ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

शालिनी एंड ग्रुप ने नाटी प्रस्तुत की। युक्ति और टविंकल ने डयूट गीत प्रस्तुत कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। याशिका और ग्रुप ने पंजाबी गिद्धा प्रस्तुत किया। हर्षिता और पूनम ने डयूट सांग प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। आकर्षण और साथियों ने एकांकी प्रस्तुत कर मनोरंजन किया। इस दौरान कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राओं ने मॉडलिंग कर वाहवाही लूटी। इस दौरान कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. आशुतोष दुबे और स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## केयोलीधार स्कूल में बच्चों को इनाम बांटे



समारोह के दौरान छात्राओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**गोहर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला केयोलीधार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में कांग्रेस के प्रदेश सचिव जगदीश रेड्डी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने स्कूली गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत के उपप्रधान डोला राम ठाकुर, एसएमसी के पूर्व प्रधान महेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## पपलोग में मुफ्त नेत्र जांच शिविर कल

**सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र की पपलोग पंचायत में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 25 दिसंबर को मेला मल सूद रोटरी आंखों के अस्पताल मारंडा पालमपुर से अनुभवी व वरिष्ठ चिकित्सक अपने कर्मी दल के साथ पहुंच कर सेवा प्रदान करेंगे। इसका आयोजन पंचायत भवन, पपलोग में किया गया है, जिसका पंजीकरण समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक होगा। शिविर की जानकारी आयोजक संदीप बनयाल ने दी।

## कोटली में छात्रों ने सीखे सड़क सुरक्षा के गुर




**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय कोटली में सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्यों ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के गुर सिखाए। क्लब के सदस्यों द्वारा नोडल अधिकारी प्रियदर्शनी एवं सहायक आचार्य सौरभ ठाकुर के नेतृत्व में मंडी थाना व इंटीग्रेटेड सर्विलेंस एंड क्राइम रिस्पांस सेंटर का दौरा किया गया। इस शैक्षणिक व जागरूकता भ्रमण का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों से सड़क सुरक्षा के विभिन्न मानकों को जानना और उनकी अनुपालना के लिए आधुनिक तकनीक व मानकों की जानकारी व प्रयोग की व्यवस्था को समझाना था। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सदस्यों ने जो भी जानकारियां प्राप्त की उन्हें वे अपने गांव व समुदाय तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

**समारोह** पंजाई स्कूल में मुख्यातिथि विजय पाल सिंह का छात्रों से आह्वान

# मोबाइल से दूर रहकर लक्ष्य करें निर्धारित

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजाई में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग के चेयरमैन विजय पाल सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने जहां छात्रों से मोबाइल से दूर रहकर अपने लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया, वहीं उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन एवं अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान की सोच को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर पाठशाला के प्रधानाचार्य जितेंद्र निराला ने मुख्यातिथि के सामने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। जितेंद्र निराला ने इस दौरान पाठशाला में खाली पदों को लेकर मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने का आग्रह किया। विजय पाल सिंह ने इस अवसर पर अपनी निधि से 5100 रुपए देने की भी घोषणा की। विजय पाल सिंह ने इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर पाठशाला के उन दो छात्रों का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने एनएसएस का राज्य स्तरीय सम्मान महामहिम राज्यपाल से प्राप्त किया था। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड द्वारा राजस्थान में आयोजित छात्रों की लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पाठशाला के लोक नर्तक दल को भी सम्मानित किया गया। समारोह में स्थानीय पंचायत की प्रधान व सराज कांग्रेस के नेता राजेंद्र शर्मा, अमर ठाकुर, मदन लाल ठाकुर, मंगलोर पंचायत के प्रधान प्रशांत ठाकुर और सेवानिवृत्त प्राध्यापक चंद्रमणि ठाकुर भी शामिल रहे।



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मुख्यातिथि के साथ छात्र।

## कोटली व गोहर में एनएसएस शिविर शुरू

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय कोटली और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाड़ा में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को प्रारंभ हुए। कोटली में प्राचार्य डॉक्टर पूनम शर्मा ने शिविर की शुरुआत की। कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ने सात दिनों के कार्यक्रमों की पूरी जानकारी दी जबकि स्वयंसेवियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रियदर्शनी, मनोहर, राकेश, सोनू, सौरभ, सुनीता, चंद्र सिंह व हेमंत कुमार भी उपस्थित रहे। उधर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाड़ा में प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा बाड़ा गांव को गोद लिया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गुलशन शर्मा व रंजू गुप्ता भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम राहत कोष में दिए एक लाख



मुख्यमंत्री को एक लाख का चेक भेंट करते कर्नल जीएस शाही व अन्य।

**जोगिंद्रनगर।** पूर्व सैनिक लीग जोगिंद्रनगर के सदस्यों ने शनिवार को तपोवन में चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मानवीय राहत के तौर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव राकेश चौहान की उपस्थिति में एक लाख रुपए का चेक भेंट किया। पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कर्नल जीएस शाही ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर मुख्यमंत्री राहत कोष में हमेशा कुछ अंशदान देना चाहिए, ताकि आपदा के समय में जरूरतमंद लोगों को तुरंत सहायता मिल सके।

### तमन्ना, आदित्य और रजत बेस्ट स्वयंसेवी

**सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रखोह में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन समाजसेवी एवं रिटायर्ड प्रधानाचार्य चंद्रमणि की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने स्वयंसेवियों से एनएसएस के मूल वाक्य नोट मी बट यू को अपने जीवन में चरितार्थ करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य नंद लाल ने भी बच्चों को सातों दिन अनुशासित होकर कैंप को सही ढंग से चलाने के लिए बधाई दी। इस कैंप के बेस्ट स्वयंसेवी तमन्ना ठाकुर, आदित्य तथा रजत चौधरी रहे। इस कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार, संतोष कुमारी, केमिस्ट्री प्रवक्ता अनुपम शर्मा, अंग्रेजी के प्रवक्ता कुमारी पूनम एवं अन्य अध्यापक तथा स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### समखेतर स्कूल के होनहार नवाजे

**मंडी।** हीरानंद सूदन राम अरुण सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय समखेतर का तीसरा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह डॉ. ओम राज शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य चंपा कपूर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला सदस्य हिमाचल शिक्षा समिति मंडी सरस्वती नंदन ने छात्रों को सम्मानित किया और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार छात्रों के साथ साझा किए। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशोरी लाल, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रबंधक, सचिव पुष्पराज कात्यायन, अमर चंद, सुभाष आनंद, रोशन लाल, नेत्र सिंह, पवन कपूर, राज मल्होत्रा, शकुंतला शर्मा, शम्मी कपूर और दिनेश वर्मा मौजूद रहे।

### बरच्छवाड़ में 100 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**सरकाघाट।** मल्होत्रा अस्पताल व ट्रामा सेंटर की ओर से अपोलो मैक्स हेल्थ केयर सेंटर बरच्छवाड़ में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शशीकांत और जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. मनन मल्होत्रा ने करीब सौ से अधिक लोगों का चेकअप किया। गायनी स्पेशलिस्ट डॉ. शशिकांत ने बताया कि शिविर के दौरान सबसे अधिक केस प्रेगनेंसी न ठहरने के पाए गए। उन्होंने बताया कि 18 से 45 आयु वर्ग में अधिकतर महिलाओं में जंक फूड के सेवन के कारण प्रेगनेंसी ठहरने में प्रॉब्लम आ रही है। डॉ. मनन मल्होत्रा ने बताया कि कम पानी पीने से गुर्दे की बीमारियां बढ़ रही हैं।

### बैडमिंटन एकल में अंकित बना विजेता

**जोगिंद्रनगर।** न्यू क्रिसेंट पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के निदेशक विजय शर्मा ने किया। बास्केटबाल में अटलांटिक हाउस के छात्र अंकित, आर्यन कोटच, आर्यन राणा, विक्रम और क्षितिज विजेता और पेसिफिक हाउस के अर्नव, पियूष, आदित्य, अभिषेक उपविजेता रहे। बैडमिंटन एकल में इंडियन हाउस का अंकित विजेता और अटलांटिक हाउस का सजल उपविजेता रहा। बैडमिंटन डबल में सजल और पीयूष विजेता और पौरुष तथा अभि उपविजेता रहे। कैरम बोर्ड में इंडियन हाउस के संचित और शिवम विजेता अटलांटिक हाउस के पीयूष और मयंक उपविजेता रहे। स्कूल की प्रधानाचार्य शशि किरण ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### गढ़गांव स्कूल में मनाया क्रिसमस

**मंडी।** शिक्षा खंड द्रंग-दो की राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव में शनिवार को क्रिसमस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान नौनिहालों ने क्रिसमस ट्री व सांता क्लॉज की पेंटिंग भी बनाई। स्कूल के शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने नौनिहालों को क्रिसमस को लेकर विस्तार से जानकारी भी प्रदान की।

### बलद्वाड़ा कॉलेज में छात्रों ने किया रक्तदान




रक्तदान शिविर के दौरान डाक्टर व रक्तदानी सामूहिक चित्र में।

**सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार ने रक्तदान करके शिविर का शुभारंभ किया। शिविर के आयोजक रेड रिबन क्लब के संजोयक प्रो. अश्विनी मंडोत्रा तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों व छात्रों ने भी रक्तदान किया। इसके साथ ही महाविद्यालय में विश्व एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉक्टर अमनदीप सिंह नागरिक अस्पताल बलद्वाड़ा, सोनू सूर्यवंशी आईसीटीसी परामर्शदाता सिविल अस्पताल सरकाघाट, चंपा ठाकुर किशोरावस्था स्वास्थ्य संबंधी परामर्शदात्री सिविल अस्पताल सरकाघाट एवं वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक योगेश शर्मा की टीम ने शिविर में अपना सहयोग दिया। इस दौरान डॉ. सुनील कुमार, प्रो. सचिन मोंगा, डॉ. शालू कंवर, डॉ. नेसी, प्रो. मनोरमा उपस्थित रहे।

### प्रशासन की ढाल बनेगा रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर

**जोगिंद्रनगर।** हर वर्ग के लोगों को नया जीवनदान दिला रहा रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर अब नशे के खिलाफ भी पुलिस व प्रशासन की ढाल बनेगा। शनिवार को रोटरी क्लब के अध्यक्ष एनआर बरवाल ने बताया कि रोटरी की बैठक में एकमत लिए गए निर्णय के प्रस्ताव को पुलिस व प्रशासन को सौंपने के बाद नशा तस्करों के खिलाफ यह अभियान समूचे उपमंडल में शुरू होगा। रोटरी की देखरेख में स्पेशल टास्क फोर्से गठित की जाएगी। जिसमें स्थानीय लोगों को भी शामिल किया जाएगा। कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए खेलों को भी अधिक महत्त्व रोटरी के माध्यम से दिया जाएगा।

### ईएनटी शिविर में 150 ने करवाई जांच

**मंडी।** रोटरी क्लब मंडी के सौजन्य से जिला बार एसोसिएशन के साथ मिलकर शनिवार को ईएनटी शिविर का आयोजन किया जिसमें फॉर्टिस हॉस्पिटल चंडीगढ़ के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अमित गुप्ता ने रोगियों का चेकअप किया। उन्होंने बताया कि आज के समय में नाक, गला, कान की बीमारियां तेजी से बढ़ रही है जिसमें एलर्जी जैसी छोटी छोटी बीमारियां पेश आ रही हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अमित गुप्ता अनुभवी डॉक्टर है। वहीं रोटरी क्लब मंडी के अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा ने इस शिविर के बारे में कहा कि शिविर के आयोजन के लिए जिला बार एसोसिएशन के कहने पर शिविर का आयोजन किया जिसमें 100-150 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

### सड़क सुरक्षा गतिविधियों पर कार्यशाला

**मंडी।** दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आपातकालीन परिस्थिति में सारी स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध करवाई जाती है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी डॉ. नरेंद्र भारद्वाज ने सड़क सुरक्षा गतिविधियों के संबंध में कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए दी। कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी सभागार में किया गया। कार्यशाला में जिलाभर से चिकित्सा अधिकारियों, फार्मासिस्ट व स्टाफ नर्सों ने भाग लिया। डॉ. नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि नशे में वाहन चलाना, गाड़ी चलाते समय लापरवाही, अधिक गति व मोबाइल फोन का प्रयोग सड़क दुर्घटना का एक बड़ा कारण है।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


महारल से रूप सिंह जुड़े अनंत ज्ञान न्यूज पेपर से।


सुनील कुमार, दुकानदार कोहली अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


विधि टेलर मास्टर जुड़े अनंत ज्ञान समाचार पत्र से।


सुरिंद्र, दुकानदार कोहली अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


महारल से संजू जुड़े अनंत ज्ञान अखबार से।


आर्मी से रिटायर अमर सिंह जुड़े अनंत ज्ञान न्यूज पेपर से।

अलग-अलग इलाकों में लोग अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


दीप चंद, अकाउंटेंट, हमीरपुर


दीपक शर्मा, सेल्स एडवाइजर टाटा मोटर्स


किशोरी, दुकानदार कोहली


नीरज ठाकुर, सेल्स मैनेजर स्वराज माजदा


प्रताप सिंह, चंडीगढ़ मोटर्स कोहली


सतीश, दुकानदार कोहली

### करोड़ों रुपए की सालाना आय अर्जित करने के बाद भी मंदिर ट्रस्ट की नाकामी

# बाबा बालक नाथ मंदिर में दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए नहीं बनाया अलग रास्ता

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में आज दिन तक दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए कोई अलग रास्ता नहीं बन पाया है।

गुफा तक पहुंचने के लिए हालांकि मंदिर ट्रस्ट द्वारा बीमार बुजुर्गों व दिव्यांग लोगों के लिए गेट नंबर एक से लेकर गेट नंबर पांच तक फ्री टैक्सी सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। उसके आगे इन श्रद्धालुओं को गुफा तक पहुंचाने के लिए आज तक अलग से कोई व्यवस्था नहीं है। इस प्रकार के श्रद्धालुओं को सीढ़ियों के रास्ते से होकर गुफा तक पहुंचना होता है। चैत्र माह मेलों के दौरान श्रद्धालुओं को गुफा दर्शन करने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



दूर से यूं दिखता है बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर तथा (इनसेट) बाबा बालक नाथ जी की प्रतिमा।

समय-समय पर यह मांग होती रही है कि ऐसे श्रद्धालुओं के लिए अलग से रास्ते का निर्माण हो, जहां से व्हीलचेयर भी जा सके। हाल ही में मंदिर ट्रस्ट ने एक श्रद्धालु के सहयोग से गुफा के नजदीक के रास्ते को भी चौड़ा किया था। साथ में चबूतरे को भी बड़ा किया गया है, जिससे कि श्रद्धालु आसानी से बाबा बालक नाथ की पवित्र गुफा के दर्शन कर सकें। फिर भी दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए वहां पर दिक्कत रहती ही है। जब भी मंदिर ट्रस्ट की मीटिंग होती है तो यह टॉपिक सामने आता है, लेकिन आज दिन तक कोई ऐसी व्यवस्था नहीं हो पाई है।

काफी समय पहले यह भी सुर्खियों में आया था कि मंदिर में एक्सीलेटर सीढ़ियों का निर्माण किया जाएगा, ताकि दिव्यांग असहाय श्रद्धालु बड़ी ही आसानी से गुफा दर्शन कर सकें। यह योजना भी आज दिन तक धरी की धरी रह गई।

**सरकार को भेजी है प्रपोजल**

**मंदिर** ट्रस्ट के चेयरमैन एवं एसडीएम बड़सर रोहित शर्मा का कहना है कि श्रद्धालुओं की समस्याओं को देखते हुए बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए एक प्रपोजल सरकार को भेज दिया है।

## बंद पड़ी कल्याण बोर्ड की योजनाओं को जल्द शुरू करे सरकार

**हमीरपुर।** देश श्रमिक कल्याण बोर्ड की जनकल्याणकारी योजनाएं गति एक वर्ष से बंद है, जिस कारण हजारों गरीब व दिहाड़ीदार मजदूरों के बच्चे पढ़ाई पर मिलने वाले अनुदान से वंचित हैं, इसे शीघ्र ही शुरू किया जाए। यह मांग नारायण सेवा संस्थान हमीरपुर के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से की है।

मनकोटिया का कहना है कि इसी बोर्ड के माध्यम से गरीब संगठित मजदूरों के परिवारों के बच्चों को जन्म, बीमारी, शादी व मृत्यु आदि की अनेक सुविधाएं मिलती थीं। वह पिछले एक साल से बंद हैं, जिस कारण प्रदेश के हजारों और संगठित मजदूरों में व्यापक रोष है। जिला हमीरपुर में इस कार्यालय से लगभग 80,000 मजदूर पंजीकृत हैं। मनकोटिया ने कहा कि जनहित में प्रदेश सरकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं को अतिशीघ्र शुरू करे, ताकि प्रदेश की गरीब जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके।

## पलाही पेयजल योजना का ट्रांसफार्मर जला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुजानपुर के पास पलाही में स्थित हमीरपुर को पेयजल आपूर्ति मुहैया करवाने वाली उठाऊ पेयजल योजना का ट्रांसफार्मर जल गया है। नतीजन रविवार को भी पानी की आपूर्ति हमीरपुर टाउन में नहीं हो पाएगी। शनिवार को भी शहर के ज्यादातर इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई कुछ इलाकों में स्टोर किया गया पानी दिया गया, लेकिन उसका प्रेशर भी बेहद कम था। जल शक्ति विभाग का कहना है कि रविवार शाम तक योजना को रिकवर कर दिया जाएगा। पलाही योजना की सप्लाई बाधित होने से मेडिकल कॉलेज हमीरपुर और खड्ड के उस पार स्थित वार्ड नंबर 11 के वाशिंदों को पानी की आपूर्ति यथावत जारी रहेगी।

हमीरपुर के जेई रमन शर्मा का कहना था कि उम्मीद यही है रविवार दोपहर बाद तक नया ट्रांसफार्मर इंस्टॉल करने के बाद सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

**स्कूलों में पानी की सप्लाई का नहीं पड़ेगा असर**

**शहर** वासियों का कहना है कि पानी की आपूर्ति को लेकर जल शक्ति विभाग को अपने पास अल्टरनेटिव व्यवस्था भी रखनी चाहिए ताकि उन्हें इस तरह की परिस्थिति में दिक्कत से बचाया जा सके। हालांकि रविवार को छुट्टी रहती है इसलिए सरकारी दफ्तरों और स्कूलों में पानी की सप्लाई का ज्यादा असर नहीं पड़ेगा लेकिन यदि सोमवार तक भी सप्लाई बहाल नहीं हुई तो फिर निश्चित रूप से शहर वासियों को परेशानी होगी।

## विधायक राणा ने किया गोशाला का उद्घाटन


गोशाला का उद्घाटन करते हुए विधायक राजेंद्र राणा।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर शहर में अब आवारा पशु यहां-वहां घूमते नजर नहीं आएंगे, उन्हें रखने के लिए नई गोशाला का निर्माण हो गया है। विधायक राजेंद्र राणा ने वार्ड नंबर सात में 30 लाख रुपए से बनकर तैयार हुई गोशाला का विधिवत वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक ने गो पूजन भी किया। गो माता को गुड़-चारा खिलाकर उसके प्रवेश से गोशाला की शुरुआत की।

विधायक ने कहा कि सुजानपुर शहर में आवारा पशुओं की समस्या आए दिन विकराल होती जा रही थी यह आवारा पशु लोगों के लिए सबसे बड़ी परेशानी बने हुए थे। अकसर उनके द्वारा ग्रामीणों की फसलों को खत्म कर दिया जाता था, जिस कारण ग्रामीणों की मेहनत और आमदन दोनों व्यर्थ चले जाते थे। ऐसे में अब शहर में गोशाला बन गई है जिसका शुभारंभ हो गया है। इसलिए नगर परिषद और संबंधित विभाग आने वाले 15 दिनों के भीतर यहां-वहां घूम रहे सभी आवारा पशुओं को यहां पर इकट्ठा करें।

## न्यूज ब्रीफ

### अब सब्जी उत्पादन का भी हो रहा बीमा

**हमीरपुर।** कृषि विभाग ने किसानों को सब्जी उत्पादन में होने वाले नुकसान पर भरपाई के लिए अब कदम उठाया है। इसके चलते हमीरपुर जिले में पहली बार गोभी सब्जी का बीमा किया जा रहा है। हमीरपुर जिला में नादौन उपमंडल में 40 पंचायतों का आंकलन करने के लिए एआरजी सिस्टम लगाए जा रहे हैं, जिसके तहत मौसम पर आधारित फसलों में किसानों को नुकसान की भरपाई के लिए कार्य किया जा सके। कृषि उपनिदेशक हमीरपुर सुरेश कुमार धीमान के अनुसार मौसम के आंकलन के लिए एआरजी सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि इसी सीजन में गोभी की फसल के बीमे का लाभ किसानों को मिल सके। उन्होंने बताया कि इसी सीजन से यह योजना शुरू की है और 91 किसानों ने बीमा करवाया है।

### बाबा बालक नाथ मंदिर में मनाया जाएगा नववर्ष मेला

**बिझड़ी।** सिद्ध बाबा बालक नाथ एवं महंत बाबा बालक नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से नववर्ष मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के उपलक्ष्य पर देश-विदेश से पहुंचने वाले असंख्य श्रद्धालुओं के लिए महंत प्रशासन व मंदिर न्यास की तरफ से सभी इंतजाम किए गए हैं। गद्दीसीन महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिर जी महाराज के मुताबिक नववर्ष के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा।

### डॉ. मोहन क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट के सदस्य नियुक्त



**नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ. मोहन लाल को स्टेट काउंसिल क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट का सदस्य नियुक्त किया गया है। जिससे लोगों में खुशी का महौल है। डॉ. मोहन लाल आयुष विभाग से सेवानिवृत्त हैं। वह नादौन की लाहड़ पंचायत के गांव मच्छूं निवासी हैं। डाक्टर मोहन की नियुक्ति के लिए लोगों ने सीएम सुक्खू का अभार जताया है।

### अभय ठाकुर बने केमिस्ट्री के टीचर

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के केमिस्ट्री विभाग के एक छात्र अभय ठाकुर का चयन सीबीसी इंस्टीट्यूट नकोदर में एक केमिस्ट्री विभाग में अध्यापक के पद पर हुआ है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीसी स्टूडेंट्स की प्लेसमेंट करने के लिए यूनिवर्सिटी में पहुंची थी, जिसमें एमएससी केमिस्ट्री के अंतिम वर्ष के स्टूडेंटस ने भाग लिया था।

### हिम अकादमी में हुई टीचर्स-पेरेंट्स मीटिंग

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में शुक्रवार एवं शनिवार को कक्षा पहली से 11वीं तक अध्यापक-अभिभावक मंत्रणा का आयोजन किया गया। इस क्रम में अध्यापकों ने अभिभावकों से स्टूडेंटस के व्यक्तित्व, अकादमिक परफॉर्मेंस तथा अध्यापन में होने वाले बदलाव तथा नई तकनीकों के बारे में अवगत करवाया। साथ ही मीटिंग में अभिभावकों एवं अध्यापकों का स्टूडेंट्स के संपूर्ण विकास में योगदान के विषय में भी चर्चा की गई। स्कूल में चल रहे सेवा, स्टूडेंट एंपावरमेंट वैल्यू इन एजुकेशन के बारे में अभिभावकों को अवगत करवाया गया। बच्चों के द्वारा विभिन्न विषयों के मॉडल व चार्ट प्रस्तुत किए गए। जिसे अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा ने संपूर्ण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

### बिट्टू 26 को मेधावी स्टूडेंट्स को देंगे टैब

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू 26 दिसंबर को दोपहर एक बजे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में शैक्षणिक सत्र 2021-22 की बोर्ड परीक्षाओं में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले हमीरपुर खंड के मेधावी स्टूडेंट्स को प्रदेश सरकार की श्रीनिवास रामानुजन योजना के तहत टैबलेट प्रदान करेंगे। प्रधानाचार्य ने शिक्षा खंड हमीरपुर के पात्र स्टूडेंट्स से 26 दिसंबर को ये टैबलेट लेने की गुजारिश की है।

### नन्हे वैज्ञानिकों ने मैथ, व साइंस के चार्ट किए प्रस्तुत

**चौरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौरी में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत नन्हे वैज्ञानिकों ने मैथ, साइंस के चार्ट और मॉडल प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य सरिता दुबे के मार्ग-दर्शन में हुआ है। इस कार्यक्रम में छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। अंत में प्रधानाचार्य ने बच्चों को विज्ञान के प्रति और अधिक रोचक बनाने पर बल दिया।

### कुलदीप पठानिया ने नवाजे होनहार

**ताल।** पूर्व विधायक व कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन कुलदीप पठानिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ताल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व विद्यालय में बने नए भवन के तीन कमरों का उद्घाटन कियाऔर होनहारों को नवाजा। प्रधानाचार्य सुभाष चंद धीमान ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर विद्यालय में चले हुए कार्यक्रमों और गत एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी और विद्यालय को नौ मरले भूमि दान करने के लिए ज्ञान चंद एवं उनके भाइयों व अन्य दानी सज्जनों का धन्यवाद किया। पठानिया ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे देश मे सबसे ज्यादा आबादी युवाओं की है और जब देश का युवा पढ़ा-लिखा होगा तो देश भी उन्नति की ओर बढ़ेगा। पठानिया ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए स्कूल को 11 हजार की राशि, माध्यमिक पाठशाला अमनेड़ को 7100 रुपए व प्राथमिक पाठशाला ताल को 5100 की राशि प्रदान की।

### गीता भवन में गीता जयंती समारोह का आयोजन

**हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन कौंसिल धर्मार्थ रोगी सेवा संस्थान के तत्वावधान में गीता प्रचार-प्रसार संस्थान हमीरपुर में गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 25 स्कूलों में 200 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। साथ ही सामाज हित से जुड़े हुए लोग भी समारोह में भाग लेने के लिए पहुंचे। कुल-मिलाकर गीता जयंती समारोह में 300 लोगों ने पहुंचकर यहां आयोजित कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शनिवार को पूर्व बाल भवन वार्ड नंबर पांच में श्री गीता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस महोत्सव में गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिला भर के करीब 25 स्कूलों के बच्चे भाग लिया। इसके साथ ही श्रीकृष्ण भजन गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। श्रीमद्भागवत गीता के प्रकांड विद्वान संत महात्मा व प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। समारोह के दौरान सीनियर सिटीजन कौंसिल के अध्यक्ष विजय पुरी, ओपी शर्मा, हेम राज शर्मा, हंसराज शास्त्री, केएल धीमान, कुलदीप कमल, पीसी वर्मा, कैप्टन चौहान, सुरेश शर्मा, तेजनाथ, श्रीधर गुलजार, शंकर दास भारद्वाज, दीप चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्टूडेंट्स ने साफ-सफाई करने की ली शपथ

**अनंत ज्ञान, धनेटा**

एनएसएस शिविर के माध्यम से कॉलेज के स्टूडेंटस में सेवाभाव तथा ईमानदारी से अपने कार्य को करने की भावना जागृत होगी। स्टूडेंट्स वर्तमान के साथ-साथ देश के भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका को तभी सार्थक कर पाएंगे, जब वे ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। यह बात राजकीय कॉलेज धनेटा में शुरू हुए एनएसएस शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रिंसिपल प्रो. अश्वनी कुमार ने संबोधित करते हुए कही।



एनएसएस शिविर में स्टूडेंट्स के स्वयंसेवी, कॉलेज प्रबंधन और मुख्यातिथि सामूहिक चित्र में।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल भाव, मैं की अपेक्षा आप है, अर्थात इसमें स्वार्थ की अपेक्षा परमार्थ का भाव निहित है। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्टूडेंटस द्वारा कॉलेज में साफ-सफाई तथा आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में कर्म करने की शपथ ली। इस आठ दिवसीय शिविर का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी प्रो. अंजना कुमारी के दिशा-निर्देशन में किया जा रहा है। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त कर्मचारी वर्ग, शिक्षक तथा गैर-शिक्षक वर्ग भी विशेष रूप से उपस्थित रहा।

## अंकुश भारती ने जीता राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार

**वीरेंद्र गोस्वामी। बड़ा**

एक गांव से सफलता के पन्नों का सफर किस तरह तय किया जाता है, इस बात को चरित्रार्थ किया हैं नादौन के कस्बा बड़ा की निवासी अंकुश भारती ने। जिसने साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार प्राप्त करके न केवल आज के युवा वर्ग के लिए एक मिसाल पेश की हैं, बल्कि अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन किया हैं।


अंकुश भारती

नादौन के कस्बा बड़ा के गांव झगरियाल के निवासी किशोरी लाल की पुत्री कुमारी अंकुश भारती वर्तमान समय में देश की प्रसिद्ध पत्रिका द होलिस्टिक पाइन जर्नल की मुख्य संपादक हैं और एक वर्ष से अधिक समय से यहां काम कर रही हैं। द होलिस्टिक पाइन भारत की पहली स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय मासिक जीवनशैली पत्रिका है। यह राइट्र्स कलाम शिक्षा उद्यम की एक शाखा है। इसकी स्थापना प्रसिद्ध अंग्रेजी लेखक अनु लाल ने की है।

भारती ने अपनी 10वीं कक्षा लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल शिमला से की और स्नातक सेंट बेडेस कॉलेज शिमला से किया। उन्होंने मनोविज्ञान में एक शोध पत्र भी प्रस्तुत किया है। भारती ने आज दिन तक 60 से अधिक पुरस्कार जीते हैं। उन्हें हाल ही में पत्रकारिता और साहित्य की श्रेणी में राष्ट्र सेवा पुरस्कार मिला है। (अनंत ज्ञान)

## ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में मनाया क्रिसमस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन के साथ क्रिसमस समारोह मनाया गया। क्रिसमस, जीसस क्रिस्ट के जन्म की खुशी में सेलिब्रेट किया जाता है, जिन्हें भगवान का बेटा कहा जाता है। हर वर्ष 25 दिसंबर को उनका जन्मदिन मनाया जाता है। किंडरगार्टन के नन्हे बच्चे सेंटा की ड्रेस पहनकर आए थे और बहुत ही प्यारे लग रहे थे। बच्चों ने डांस का आनंद भी लिया। बाकी बच्चों ने अपनी ड्राइंग के द्वारा जीसस क्रिस्ट व क्रिसमस ट्री बनाकर इसमें अपना योगदान दिया। बच्चे इस त्योहार को लेकर बहुत ही खुश नजर आते हैं क्योंकि उन्हें इस त्योहार में तोहफे मिलते हैं। स्कूल के प्रबंधक कुलबीर सिंह, प्रिंसिपल डायरेक्टर सीए पूजा मिन्हास, प्रिंसिपल निवेदिता शर्मा ने कहा कि त्योहार सबके जीवन में खुशियां लाते हैं। बच्चों को त्योहार के महत्व को समझाने के लिए स्कूल में इस तरह के आयोजन करवाए जाते हैं।


क्रिसमस के अवसर पर सेंटा के परिधानों में बच्चे।

## नेरी कॉलेज में विकसित भारत-2047 कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

औद्योगिक एवं वानिकी विभाग कॉलेज नेरी में विकसित भारत-2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के डीन डॉ. कमल शर्मा ने इस अवसर पर स्टूडेंट्स को प्रेरित करते हुए कहा कि स्टूडेंट्स विकसित भारत-2047 की वेबसाइट माईगॉवडॉटइन में अपने आपको रजिस्टर कर सकते हैं और आप 2047 तक कैसा विकसित भारत चाहते हैं, अपने आइडियाज इसमें साझा कर सकते हैं।


नेरी कॉलेज में आयोजित विकसित भारत-2047 कार्यक्रम में भाग लेते स्टूडेंट्स।

डॉ. कमल शर्मा ने कहा कि स्टूडेंट्स को इस पवित्र कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए क्योंकि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि आज के युवा को भारत सरकार पूछ रही है कि उनके सपनों का विकसित भारत कैसा होगा। डॉ. कमल शर्मा ने बताया कि प्रथम 10 चयनित विशेष आइडियाज देने वाले स्टूडेंट्स को भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर डॉक्टर शशि कुमार शर्मा सहित स्टूडेंट्स, स्टाफ व अन्य वरिष्ठ व कनिष्ठ फैकल्टी मेंबर भी मौजूद थे।

## बच्चों को नशों से दूर रहने के दिए टिप्स

**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत मुख्यातिथि डॉ. कुलवंत रॉय शर्मा डीन कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री सोलन सेवानिवृत्त ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया। अपने संबोधन में बच्चों को जीवन के अनुभव, वनों में अन्वेषण, पढ़ाई में अनुशासन, परिश्रम, वैज्ञानिक सूत्र समझाएं व साथ मे बच्चों को नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए सचेत किया। इस अवसर पर स्कूल प्रचार्य ओंकार देव ने मुख्यातिथि को स्कूल में पधारने पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रवक्ता कुलदीप सिंह, राम लाल, मुकेश कुमार, चंद्र शेखर, नरदीप सिंह, सुनील, आज्ञा राम, प्रशिक्षित स्नातक कृष्ण कुमार, पूजा चड्डा, इंदुबाला, दिनेश कुमार कला अध्यापक इत्यादि उपस्थित रहे।

**सेमिनार** | राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर मुख्यमंत्री के सलाहकार बोले-

# जागरूकता के लिए सामाजिक संगठनों की भूमिका अहम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने उपभोक्ता संरक्षण संगठन के सहयोग से शनिवार को एक सेमिनार आयोजित किया, जिसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।

बिट्टू ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति एक उपभोक्ता भी है और वर्तमान दौर में उसका अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है। आम उपभोक्ता की जागरूकता के लिए सरकारी विभागों के साथ-साथ सामाजिक संगठन भी बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। इस दिशा में द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है तथा यह संगठन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुका है।


सुनील शर्मा बिट्टू संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों की ओर से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों और मांगों को यथावत मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जा रहा है। राजनीतिक सलाहकार ने कहा कि मात्र एक साल के कार्यकाल में ही मुख्यमंत्री सुक्खू ने देश के चार सर्वाधिक मजबूत मुख्यमंत्रियों में अपनी जगह बनाकर हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ाया है और हमीरपुरवासियों का यह सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री उनके जिला से संबंध रखते हैं।

विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अब टॉल फ्री नंबर 1915 पर राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन भी आरंभ की गई है। उपभोक्ता इस नंबर पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। डीएसपी लालमन शर्मा ने बताया कि साइबर अपराध या ठगी की शिकायत टॉल फ्री नंबर 1930 पर की जा सकती है। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल शर्मा ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। (अनंत ज्ञान)

**साइबर अपराध और ठगी के मामले बहुत ही महत्वपूर्ण**

**डीसी** हेमराज बैरवा ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस का थीम 'ई-कॉमर्स और डिजिटल व्यापार के युग में उपभोक्ता संरक्षण' रखा गया है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध और ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें साइबर अपराध और ठगी के प्रति सचेत करने की भी बहुत आवश्यकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को गीता का महत्व बताया



**सुन्नी।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वधान में हिमाचल शिक्षा समिति ने संचालित सरस्वती विद्या मंदिर तत्तापानी में गीता जयंती मनाई। इस दौरान गीता प्रश्नोत्तरी, गीता श्लोक उच्चारण और गीता के द्वादश अध्याय का पाठ किया गया। प्रधानाचार्या चंद्र प्रभा ने विद्यार्थियों को गीता जयंती का महत्व बताया।

### डीएवी गजेड़ी स्कूल में फेयरवेल

**ठियोग।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल गजेड़ी ठियोग में फेयरवेल 2023 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य आरएल पाठक और सीमा पाठक रहे। कार्यक्रम में बतौर जज ईशान वर्मा फील्ड मैनेजर एचडीएफसी शिलारू शाखा और स्वाति ठाकुर ने शिरकत की। फेयरवेल कार्यक्रम में मिस्टर डीएवी उज्वल भारद्वाज और मिस डीएवी सारा भारद्वाज रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य आरएल पाठक ने सभी को बधाई दी।

### 26 दिसंबर को बिजली बंद रहेगी

**रिकांगपिओ।** सहायक अभियंता सब-स्टेशन वोकटु ने बताया कि वोकटु स्थित 220/66/22 केवी सब स्टेशन में मरम्मत कार्य के चलते 22 के वीपूर्वाणी एक्सटेंशन लाइन फीडर और 22 केवी रिकांगपिओ लाइन फीडर के तहत आने वाले गांव पूरबनी, काशांग, कल्पा, पांगी, तेलंगी, कोठी और ख्वांगी में 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बिजली आपूर्ति की असुविधा के चलते जनसाधारण से सहयोग की अपील की है।

### सुन्नी कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू




**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को शुभारंभ प्राचार्य राम लाल शर्मा ने किया। एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर डॉ. उज्जवल राठौर ने स्वयंसेवकों को पांच समूह में विभाजित किया उसके बाद उन्हें सात दिन में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। इस विशेष शिविर में 52 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

### शिमला के बाजारों में लाइटें लगाई जाएं

**शिमला।** शिमला नगर निगम 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक पर्यटकों के लिए कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। व्यापार मंडल शिमला के प्रधान संजीव ठाकुर व उपाध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल ने कहा नगर निगम शिमला रिज पर सजावट व लाइटिंग करवा रहा है। साथ ही शिमला के मुख्य बाजारो में भी लाइटें लगाई जाएं। इससे शिमला की रौनक में चार चांद लग जाएंगे। इस कार्निवल के लिए जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी वो व्यापारमंडल शिमला देगा।

### प्रवासी श्रमिक बनवाएं राशन कार्ड

**शिमला।** जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले शिमला पूर्ण चंद ठाकुर ने बताया शिमला जिले में काम कर रहे प्रवासी श्रमिकों, जिनके नाम भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज हैं और किसी अन्य राज्य में राशन कार्ड नहीं बने हैं। वे विकास खंड स्तर पर तैनात संबंधित विभागीय निरीक्षक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के कार्यालय में राशन कार्ड बनावाएं। इस बारे में जिला नियंत्रक, कार्यालय शिमला के दूरभाष नंबर-0177-2657022 से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पौधों की कांट-छांट की बागवानों को दी जानकारी



**कुमारसैन।** जरोल पंचायत में शनिवार को उद्यान विभाग ने प्रूनिंग का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विशेष रूप से उपनिदेशक शिमला डॉ. केएस वर्मा, डॉ. मनमोहन मैहता उद्यान विकास अधिकारी, लाल सिंह चौहान, उद्यान प्रसार अधिकारी, प्रधान ग्राम पंचायत जरोल हरीश कुमार, उपप्रधान यशपाल के अतिरिक्त 60 से अधिक बागवानों ने भाग लिया। इस दौरान बागवनी से संबंधित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ सेब तथा चैरी की कांट-छांट तकनीक के बारे में बागीचों में जाकर बागवानों को प्रशिक्षण प्रदान किया और बागवानों की समस्याओं मौके पर ही निपटारा किया।

### डिग्री कॉलेज कोटी में कार्यशाला संपन्न

**जुन्गा ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में कार्यशाला शनिवार को संपन्न हो गई। इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की आंतरिक गुणवता आश्वासन सेल (आई.क्यू.ए.सी) समिति ने किया। कार्यशाला में डिकोडिंग राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा की गई। समापन कार्यक्रम पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आईक्यूएसी. के समन्वयक डॉ. अजय कुमार एवं इस समिति के अन्य सभी सदस्यों ने इस कार्यशाला को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. देवेंद्र शर्मा ने प्रत्येक विषय से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। प्रो. विशाल रांगटा ने भी विचार व्यक्त किए।




### रोगियों को गर्म सूट और टोपियां की वितरित



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस (अस्पताल कल्याण अनुभाग) ने शनिवार को मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास अस्पताल शिमला का दौरा किया और रोगियों को गर्म सूट और टोपियां वितरित की गई। हिप्र. राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की कार्यकारी सदस्या डॉ. किमी सूद ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास अस्पताल शिमला में लाभ ले रहीं आठ महिला मरीजों को गर्म सूट व 34 पुरुष मरीजों को गर्म टोपियां बांटी। इस अवसर पर संजीव कुमार सहायक सचिव हि.प्र. राज्य रेडक्रॉस, अस्पताल कल्याण अनुभाग से डॉ. गंगा, मधु सिंह, शशि सूद, मोनिका कौशल तथा राज्य रेडक्रॉस के स्वयंसेवक व अस्पताल के चिकित्सक एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## डीसी व एमसी आयुक्त ने तैयारियों का लिया जायजा, 25 को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू करेंगे शुभारंभ

# 500 महिलाओं की महानाटी से सजेगा विंटर कार्निवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**विंटर** कार्निवाल को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। करीब 500 महिलाएं रिज मैदान पर पारंपरिक वेशभूषा में महानाटी पेश करेंगी। शनिवार को उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी और नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र कुमार अत्री ने रिज मैदान पर चलने वाले विंटर कार्निवल का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिमला विंटर कार्निवल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 25 दिसंबर को दोपहर दो बजे करेंगे। इस दौरान क्लचरल परेड का आयोजन होगा, जिसमें एनजेडसीसी पटियाला और प्रदेश के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जिलों के लोकनृत्य, पारंपरिक लोक वाद्ययंत्रों और पारंपरिक ठोडा लोकनृत्य के कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगे।

**खास होंगे कार्यक्रम**

- हर आयु वर्ग के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन होंगी गतिविधियां
- सभी जिलों के सांस्कृतिक दल देंगे अपनी प्रस्तुति




विंटर कार्निवाल के आयोजन को लेकर रिज पर जायजा लेते डीसी शिमला आदित्य नेगी व अन्य।

### कई शो आकर्षण का केंद्र होंगे

इसके अलावा, प्रति दिन बैंड की प्रस्तुति, लेजर् शो, बेबी शो, डॉग शो, कॉमेडी शो इत्यादि भी लोगों को देखने को मिलेंगे। कार्निवाल के दौरान रानी झांसी पार्क में बच्चों के लिए भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस दौरान प्रत्येक दिन गेयटी थियेटर में भी हर शाम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सूफी गायन, कव्वाली, थियेटर फेस्टिवल आदि शामिल रहेंगे।

### दौलत सिंह पार्क से लेकर गेयटी थियेटर तक लगेगी प्रदर्शनी

रिज मैदान पर चर्च के पास और दौलत सिंह पार्क से लेकर गेयटी थियेटर तक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें विभिन्न विभागों और अन्य संस्थाओं की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे। कार्निवाल के प्रत्येक दिन विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दल और एनजेडसीसी पटियाला से कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे।

### तैयारियों को लेकर बैठक



नगर निगम में विंटर कार्निवाल को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते महापौर सुरेंद्र चौहान।



शिमला के नगर निगम में विंटर कार्निवाल को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित पार्षद।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजित भारद्वाज, सहायक आयुक्त डॉ. पूनम बंसल, जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल, जिला भाषा अधिकारी अनिल हार्टा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्केटिंग के शौकीन निराश, मौसम खराब होने से नहीं जम पा रही बर्फ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- दो दिन से शुरू हुआ था शाम का सेशन, सैकड़ों खिलाड़ी ले रहे भाग

**शहर** के लक्कड़ बाजार में फिर आईस स्केटिंग रिंक में लोग स्केटिंग करने का मजा नहीं ले पा रहे हैं। मौसम खराब होने के कारण यहां बर्फ नहीं जम पा रही है और पिघलने लगी है। हालांकि, क्लब बर्फ जमाने का पूरा प्रयास कर रहा है। यहां तक की अब तो क्लब ने स्केटिंग का शाम का सेशन भी शुरू कर दिया था, लेकिन शनिवार को मौसम खराब रहने के कारण सुबह का सेशन नहीं हो पाया।

हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि अगले सप्ताह से दोनों सेशन में स्केटिंग की जानी है, पर यह भी मौसम पर निर्भर है। आईस स्केटिंग रिंक के सचिव पंकज प्रभाकर ने बताया कि यहां पर सैकड़ों खिलाड़ी आईस स्केटिंग कर रहे हैं और बहुत से बच्चे आईस स्केटिंग सिखने भी पहुंच रहे हैं। जो क्लब के लिए बहुत की अच्छी बात है।

शहर के स्कूलों में और कॉलेजों के अभी पेपर खत्म हो रहे हैं, तो उसके बाद कई खिलाड़ियों के आने की पूरी उम्मीद है। फिलहाल, बूरी खबर यह है कि यहां पर बर्फ जमना मुश्किल हो रहा है। अब क्लब ने यह तय किया है कि अभी सुबह के सेशन में ही स्केटिंग की जानी है। शाम वाले सेशन को रोकना ही उचित माना जा रहा है। जैसे ही मौसम साथ देगा तो यहां पर आईस स्केटिंग की प्रतियोगिता भी करवाई जानी है।

## लाइटें लगाने को छलनी किए चिनार, कांट्रेक्टर को फटकार

### विंटर कार्निवल की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में महापौर सुरेंद्र चौहान ने लगाई क्लास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिमला** में विंटर कार्निवल को लेकर नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने पार्षदों के साथ एक बैठक की। विंटर कार्निवल की तैयारियों के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान रिज मैदान पर पेड़ों में ठोंकी जा रही लाइटों के बारे में चर्चा की गई, क्योंकि रिज मैदान पर चिनार के पेड़ों में कीलें लगाकर लाइटें लगाई गई थीं। जिस पर नगर निगम महापौर ने कंपनी के कांट्रेक्टर की क्लास लगाई।

उसके बाद कीलों को निकालकर प्लास्टिक की स्ट्रिप के साथ लाइटों को बांधा गया। नगर निगम महापौर ने इस पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि रिज मैदान पर सजावट के लिहाज से यह लाइटें लगाई गई हैं लेकिन पेड़ों को नुकसान देने का कोई मकसद नहीं है। यह मामला जैसे ही उनके संज्ञान में आया तो उन्होंने तुरंत इनको हटाने के आदेश दिए और कीलों को अब निकाला जा रहा है। शिमला विंटर कार्निवल की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और एमसी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्निवल के आयोजन को लेकर प्रशासन और नगर निगम में बैठकों का आयोजन लगातार जारी है। कार्निवल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, ग्रामीण आजीविका मिशन, व्यापार मंडल एवं अन्य कारोबारियों की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे। शहर की विभिन्न जगहों पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



रिज पर चिनार के पेड़ों पर ठोंकी कीलों को निकलवाते वन विभाग के अधिकारी।

- सजावट और लाइटें लगाने के लिए पेड़ों पर ठोंकी कीलें
- इस पर महापौर ने जताई कंपनी के खिलाफ आपत्ति

### कार्निवाल में हिमाचल की संस्कृति की देखने को मिलेगी झलक

नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शिमला विंटर कार्निवल में पर्यटकों और स्थानीय लोगों को हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। शिमला विंटर कार्निवल में भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से 25 दिसंबर को विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दलों की कल्चरल परेड करवाई जाएगी।

### ओल्ड बैरियर के पास गोदाम में लगी आग




शिमला के ओल्ड बैरियर के पास पुराने गोदाम में शनिवार देर शाम आग लग गई। लोगों की सूचना के बाद पहुंचे दमकल विभाग के कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। गोदाम खाली था, इसलिए ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

## बस नहीं रोकते एचआरटीसी चालक

### झंझीड़ी रूट पर इंतजार करती रह जाती हैं सवारियां, लोगों में रोष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

एचआरटीसी के चालकों की मनमानी से खलीनी और झंझीड़ी के लोग खासे परेशान हो गए हैं। एक घंटे में एक बस आती है, जो पुराना बस अड्डा से झंझीड़ी जाती है और वापस लौटती है। बस लोकल रूट पर है। जाहिर सी बात है कि सवारियां अपने घर के पास निश्चित स्थान पर बस में चढ़ेंगी और उतरेंगी।

खासकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे, लेकिन कुछ चालक अपनी ही मनमानी पर अड़े रहते हैं। जबकि कुछ चालक पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करते हैं। ऐसा ही वाकया निगम की बस संख्या 3201 के साथ भी पेश आया। बस के झंझीडी से वापसी के समय करीब 11:25 बजे फॉरेस्ट कॉलोनी के नीचे महिलाएं बस का इंतजार करती रह गई। बस रोकने का आग्रह भी किया, लेकिन नहीं रुकी। यह कोई पहला मामला नहीं इससे पूर्व भी बस चालक सवारियों को अनदेखा किया है। उसके एक घंटे तक कोई बस नहीं आती।

### चालक की शिकायत करेंगे

पीड़ित महिला रेखा ने बताया कि उन्हें अति आवश्यक कार्य से शिमला जाना था और बस रोकने में चालक को क्या परेशानी थी, उनकी समझ से परे है। वहीं मोहन शर्मा और श्रुति, राज और सोम ने कहा कि चालक की शिकायत निगम के अधिकारियों को की जाएगी। निगम ऐसे चालकों पर कार्रवाई करें और अन्य चालकों को निर्देश दें कि लोकल रूट पर सवारियों को अपने गंतव्य पर चढ़ने और उतारने में आनाकानी न करें।

## अंगदान के प्रति जागरूकता के लिए 'सोटो' की मुहिम सराहनीय : राज्यपाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राज भवन शिमला के रेडक्रॉस भवन में रेडक्रॉस सोसायटी ने रक्तदान व अंगदान शिविर लगाया। स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) हिमाचल प्रदेश ने रक्तदाताओं को अंगदान के बारे में जानकारी दी। बतौर मुख्यातिथि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने सोटो का स्टाल विजिट किया।

राज्यपाल ने अंगदान के प्रति सोटो की मुहिम को सराहा। सोटो के ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार व आईसी मीडिया कंसल्टेंट रामेश्वरी ने बताया कि ब्रेन डेड की स्थिति में व्यक्ति अंगदान करके आठ लोगों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन करने के बाद व्यक्ति को शपथ पत्र सर्टिफिकेट भी प्राप्त होता है। कई लोगों ने अंगदान की महत्वता को समझते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया। उन्होंने लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों में अंगदान को लेकर जागरूकता फैलाएं।



राज्यपाल को सम्मानित करते सोटो के सदस्य।

## सिमरन और तुषार बने सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जनेडघाट ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को मनाया। समारोह में 12वीं कक्षा की छात्रा सिमरन और छात्र तुषार को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में पुरस्कृत किया गया, जबकि 12वीं कक्षा के लक्ष्य और नौवीं कक्षा के आदिल को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी और स्कूल में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सुभाष हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस के खिताब से पुरस्कृत किया गया।

सेवानिवृत्त प्रवक्ता निहाल ठाकुर और सतीश निराला समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्थानीय पंचायत प्रधान स्वरूप ठाकुर और चायल पंचायत के उप प्रधान पंकज ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डॉ. सोहन रांटा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्यातिथि और प्रधानाचार्य ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के दौरान शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



जनेडघाट स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**अधर में काम** 24 घंटे पेयजल स्टोरेज टैंक को लेकर हो सकता है हाउस में हंगामा

## अभी पानी की समस्या नहीं होगी हल, नहीं हो पाया टेंडर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शहर** में 24 घंटे पेयजल सप्लाई देने को लेकर अभी शिमला जल प्रबंधन निगम को एक साल से ज्यादा समय लगने वाला है। इसके लिए अभी तक टेंडर प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पाई हैं। हालांकि, दावा किया जा रहा था कि मार्च 2024 तक शहर को 24 घंटे पेयजल सप्लाई देने का दावा किया था।

हाल ही में विश्व बैंक की टीम ने शिमला जल प्रबंधन निगम की प्रयोजनाओं का दौरा किया था और 24 घंटे पेयजल सप्लाई को लेकर जानकारी भी ली थी। विश्व बैंक की टीम ने शिमला जल प्रबंधन निगम को फटकार भी लगाई थी कि 24 घंटे पेयजल सप्लाई को लेकर अभी तक टेंडर क्यों नहीं लगाया गया है। जब विश्व बैंक की टीम ने इस टेंडर पक्रिया को जांचा तो उसमें थोड़े बदलाव करने के आदेश दिए। ऐसे में अब इस टेंडर को लेकर कुछ बदलाव होने है, उसके बाद ही इस पर कार्य होना है।

### 26 को हाउस में होगी चर्चा

**फिलहाल,** 26 दिसंबर को हाउस होने वाला है तो इस हाउस में प्रोजेक्ट को लेकर पार्षद प्रश्न पुछे जाने हैं। यह टेंडर प्रक्रिया कब शुरू होगी इस पर भी चर्चा होनी है। 24 घंटे पेयजल सप्लाई को लेकर शहर के अलग अलग क्षेत्रों में करीब 40 स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जाना है। इसे लेकर शिमला जल प्रबंधन निगम ने स्थानों का चयन भी कर लिया है और भूमि की जांच भी कर ली है। इसके लिए शिमला जल प्रबंधन निगम के पास बजट भी है, लेकिन अब टेंडर में बदलाव होने के बाद ही इसका कार्य शुरू होना है।

### काम शुरू होने को लेकर जल प्रबंधन निगम से मांगा जाएगा जवाब

यह कार्य कब शुरू होना है, इसे लेकर हाउस में शिमला जल प्रबंधन निगम से जवाब मांगा जाएगा। हर बार हाउस में जाखू में किए पेयजल स्टोरेज टैंक के डिस्मेंटल को लेकर प्रश्न किया जाता है और कंपनी का जवाब भी यही होता है कि जल्द ही टैंक का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, लेकिन अभी तक यहां का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में इस हाउस में भी शिमला जल प्रबंधन निगम से डिस्मेंटल टैंक के निर्माण कार्य का ब्योरा मांगा गया है। नगर निगम के इस हाउस में पेयजल सप्लाई को लेकर भी अहम चर्चा होने वाली है।

## पत्र वाचन में आराध्या और पहाड़ा बोलने में निधि प्रथम

अनंत ज्ञान, सुन्नी

रामानुजन आयंगर की 136वीं जयंती पर हिमाचल शिक्षा समिति ने संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। बतौर मुख्य अतिथि विश्वास मिश्रा डिप्टी मैनेजर सर्तकता विभाग एसजेवीएनएल रहे। कार्यक्रम में पांचवीं कक्षा की छात्राओं ने स्वागत गीत पेश किया।

वहीं, सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कक्षा छही से जमा दो तक के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण शर्मा प्राचार्य संस्कृत और डॉ. मनमोहन प्राचार्य रसायन विज्ञान अटल बिहारी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी ने शिरकत की। इस उपलक्ष पर पत्र वाचन में बाल वर्ग में आराध्या सिंह प्रथम, भव्य द्वितीय व नैतिक तृतीय स्थान पर रहा और किशोर वर्ग में प्रथम निष्ठा और प्रियांशी द्वितीय स्थान पर रिदम रही।

वहीं पहाड़ा बोलने में प्रथम स्थान निधि ने प्राप्त किया। कविता पढ़ने में आरुषि ने प्रथम और युवराज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला रंगोली प्रतियोगिता में बाल वर्ग में दीक्षिता, इशिता, तेजस और दिव्यांशु के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं किशोर वर्ग में पूजा, प्रिया और दीक्षिता के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चार्ट बनाने में बाल वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष, द्वितीय स्थान पर कशिश और काव्य ने अपना स्थान प्राप्त किया।

## हैप्पी बर्थडे



अर्की के जखौली गांव निवासी मनन को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

## संजय अवस्थी 26 से सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग देख रहे मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी 26 व 27 दिसंबर को सोलन जिला के प्रवास पर रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार संजय अवस्थी 26 दिसंबर को चमदार स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। 27 दिसंबर को कुनिहार में आयोजित किसान मेला में मुख्यातिथि होंगे।

## करियर काउंसलिंग को लेकर कार्यक्रम




कॉलेज में काउंसलिंग करते मुख्य वक्ता।

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय जयनगर ने इंटरनल क्वालिटी इंश्योरेंस सैल, करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सैल की ओर से पांच दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस का मुख्य उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक विषयों में विविध करियर अवसरों के बारे में जानकारी देना था। इस दौरान प्रो. मनोज ठाकुर, प्रो. जयंत शर्मा, प्रो. छेरिंग जांगमो व प्रो. कश्मीर सिंह की ओर से विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया गया।

# ड्राई स्पेल और ठंड से अस्पतालों में बढ़े सर्दी, खांसी, बुखार के मामले

## कोविड के नए वैरिएंट जेएन–1 को लेकर विभाग सतर्क

**आर मोहन चौहान, सोलन**

देश के कई राज्यों में कोविड–19 के नए वैरिएंट जेएन–1 की दस्तक के बीच प्रदेश में लंबे समय से चल रहे ड्राई स्पेल ने प्रदेश सहित सोलन जिले के लोगों को वायरल की चपेट में ले लिया है। यही कारण है कि क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोज सूखी खांसी, गला खराब और छाती जाम के सैकड़ों मरीज इलाज को पहुंच रहे हैं।

चिकित्सकों की मानें तो इन बीमारियों का मुख्य कारण शुष्क मौसम और ठंड है। दिन और रात के तापमान में काफी अंतर होने के कारण भी लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, ऐसे में लोगों को संक्रमण के बचाव के लिए भीड़भाड़ वाली जगहों में मास्क पहनना जरूरी है। वहीं, कोविड के नए वैरिएंट जेएन–1 को लेकर विभाग सतर्क है। अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड पहले से ही उपलब्ध हैं।

कंपकंपाती ठंड पड़ने के बाद इन दिनों वायरल के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की मेडिसन ओपीडी में रोजाना 80 से 100 मरीज सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित उपचार को पहुंच रहे हैं।

बीते कुछ माह से कम बारिश होने के चलते सूखी ठंड भी पड़ रही है, जिसके चलते लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। आमतौर पर अस्पताल में वायरल के 30 से 35 मरीज रोजाना ओपीडी में पहुंचते थे, तो इन दिनों यह संख्या बढ़कर दोगुनी से अधिक हो गई है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो इसका एक कारण सूखी ठंड भी है। मेडिसन ओपीडी की बात करें तो कुल ओपीडी में 60 प्रतिशत मरीज ऐसे होते हैं, जो सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित होते हैं। शनिवार को भी क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजों की खासी भीड़ देखी गई। फीस व दवा काउंटर पर लोगों की लंबी लाइन लग गई थी।

कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में सर्दी, बुखार व खांसी से पीड़ित मरीजों के उपचार में गंभीरता बरती जा रही है। फिलहाल मरीजों के कोविड टेस्ट नहीं किए जा रहे हैं, पर सर्जरी की स्थिति में कोविड टेस्ट संभावित है। (अनंत ज्ञान)



सोलन के जोनल चिकित्सालय में जुटी मरीजों की भीड़।

### जेएन–1 वैरिएंट के लक्षण

जानकारी के मुताबिक जेएन-1 सब-वैरिएंट ओमिक्रॉन के वैरिएंट का ही रूप है। इसके स्पाइक प्रोटीन में एक अतिरिक्त म्यूटेशन नोट किया गया है। जेएन-1 के कारण लोगों में खांसी, सांस की तकलीफ या सांस लेने में कठिनाई, थकान, मांसपेशियों-शरीर में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, नाक बंद या नाक बहने जैसी समस्या देखी जा रही है। ऐसे में लोगों को इस बीमारी से सतर्क रहने की जरूरत है।

> अस्पताल की मेडिसन ओपीडी में पहले के मुकाबले सर्दी, खांसी, जुकाम से पीड़ित मरीज उपचार को आ रहे हैं। ड्राई स्पेल और ठंड के कारण वायरल की बीमारियां होती हैं। ठंड से बचाव को गर्म कपड़े पहनें। जहां तक हो सके, गर्म पानी का सेवन ही करें। भीड़-भाड़ में मास्क पहनना हितकारी होगा।
>
> **- डॉ. एसएल वर्मा, सीनियर एमएस, सोलन अस्पताल।**

## एथलेटिक मीट में भूमिका तोमर और रोहित तोमर रहे बेस्ट एथलीट



मुख्य अतिथि के साथ विभिन्न खेलों में विजेता रहे खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

आंजभोज स्थित भरली महाविद्यालय में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। बता दें कि वर्ष 2019 के बाद पहली बार इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन इस महाविद्यालय में हुआ है। इसका मुख्य कारण खेल के मैदान की कमी था, जो अब पूरा हो चुका है।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जगदीश चौहान ने की, साथ ही स्थानीयपंचायत भरली की प्रधान रीना चौहान तथा पीटीए अध्यक्ष रणवीर चौहान, पीटीए उपाध्यक्ष साधी राम चौहान बतौर विशिष्ट अतिथि इस आयोजन में मौजूद रहे। इस वार्षिक एथलेटिक मीट में डीपीई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नघेता, राजेश चौहान तथा डीपीई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बनौर सुरेश चौहान बतौर ऑफिशल्स शामिल हुए। इनकी देख–रेख में सारी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस खेलकूद प्रतियोगिता में कई प्रकार के खेल आयोजित किए गए। इसमें 100, 200, 400 तथा 800 मीटर दौड़ तथा लॉन्ग जंप, हाई जंप और शॉटपुट जैसी क्रीड़ाएं शामिल हैं। इन खेल प्रतियोगिताओं में बहुत सारे छात्र–छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल किया। वार्षिक एथलेटिक मीट में भूमिका तोमर और ब्वॉयज में रोहित तोमर बेस्ट एथलीट चुने गए।

सभी विजेताओं को महाविद्यालय प्राचार्य, विशिष्ट अतिथियों तथा महाविद्यालय प्रशासन की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. टीएस चौहान, डॉ. दीपाली भंडारी, प्रो. कांता चौहान, प्रो. स्वाति चौहान, प्रो. सुशील तोमर, लाइब्रेरियन अंजना कुमारी, नॉन टीचिंग स्टाफ नमीत कपूर तथा सोनम कुमारी भी उपलब्ध रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रोटरी क्लब के शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित



रक्तदान शिविर में हिस्सा लेता युवा।

**पांवटा साहिब।** सामाजिक संस्था रोटरी क्लब पांवटा साहिब की ओर से विधित हेल्थ केयर कंपनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विधित हेल्थ केयर कंपनी के एमडी नीरज भाटिया और जीएम मनीष बजाज मौजूद रहे, साथ ही रोटरी क्लब की प्रधान कविता गर्ग भी मौजूद रहीं। इस शिविर में आईएमए उत्तराखंड से टीम पहुंची। इस दौरान 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया। कंपनी के कई कर्मचारियों ने रक्तदान किया। एमडी नीरज भाटिया ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से भी सेवा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को अवश्य रक्तदान करना चाहिए। बता दें कि इस शिविर में विधित हेल्थ केयर, 3बी और ट्रांसकॉन के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

### गणित मेले की आवश्यकता पर दिया बल




सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में योगाभ्यास करते बच्चे।

**पांवटा साहिब।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गणित मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश शिक्षा समिति जिला अध्यक्ष मनोज कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। इस दौरान उन्होंने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला एवं गणित मेले की आवश्यकता पर भी बल दिया। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने गणित विषय को रोचक ढंग से पढ़ने की जानकारी दी एवं यह भी बताया कि रामानुजन ने किस प्रकार से विलक्षण जानकारी गणित की सार्वभौमिकता से गणित के सूत्रों को बताया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अहिंसा सदन प्रथम तथा शांति और सत्य सदन द्वितीय स्थान पर रहे। भोजन प्रतियोगिता में आयुषी तथा सौरभ ने सर्वाधिक आकृति वाले भोजन बनाए। इस अवसर पर स्कूल की पालक आरती पराशर, अंजना, कल्याण सिंह, सौरभ, कविता, वीना, दुर्गा, चारू, डिंपल, विधिका और दीपिका आदि मौजूद रहे। गीता ने मंच संचालन किया।

### बच्चों को सिखाईं आपदा प्रबंधन की तकनीकें



बच्चों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाते एनडीआरएफ के अधिकारी।

**पांवटा साहिब।** राज्यव्यापी स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत नाहन शिक्षा खंड के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुरखोल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर एवं 14वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, कंपनी-नालागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चों, शिक्षकों व अन्य स्टाफ को स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आपदा -जागरूकता एवं विभिन्न प्रकार की सुरक्षात्मक तकनीकें तथा प्राथमिक चिकित्सा उपचार, खोज एवं बचाव संबंधी एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या सुदर्शन कौर ने बताया कि इस तरह के आपदा-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने चाहिएं, जिससे कि बच्चों व स्कूली स्टाफ को किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति एवं आपदा आने पर तुरंत सुरक्षात्मक प्रतिक्रिया अपनाएं जाने पर मदद मिल सके ताकि उस से होने वाले जान व माल के नुकसान को कम किया जा सके।

## सोलन व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार, वीरेंद्र सूद बने मुख्य सलाहकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

व्यापार मंडल सोलन के प्रधान कुशल जेठी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसमें वीरेंद्र सूद को वरिष्ठ सलाहकार, विजय वर्मा को वरिष्ठ सलाहकार, रोहित बट्टू को सलाहकार, सुधीर आहूजा को माल रोड सलाहकार, वीरेंद्र साहनी प्रभारी सोशल मीडिया, विजय दुग्गल माल रोड स्टेज सचिव, सुरेंद्र बहल सचिव अपर बाजार, मनोज कुमार सचिव, राजेश पुरी सचिव व सह प्रभारी कोटलानाला, विनोद किड़िया सचिव व सहप्रभारी चंबाघाट बनाया गया है।



इसके अलावा मानव कपूर को सचिव व सहप्रभारी चौक बाजार, अमित आनंद को कार्यकारी सदस्य व सहप्रभारी शूलिनी माता सड़क, अमरजीत (पंजा) को कार्यकारी सदस्य व सहप्रभारी लोअर बाजार, प्रेम मल्होत्रा को कार्यकारी सदस्य, गुरु चरण सिंह को कार्यकारी सदस्य, संजीव वर्मा को सहप्रभारी गंज बाजार–चौक बाजार, लक्कड़ बाजार के अनिल बंसल को कार्यकारी सदस्य, प्रमोद अग्रवाल को कार्यकारी सदस्य प्रभारी लक्कड़ बाजार, हेमंत साहनी को कार्यकारी सदस्य व सहप्रभारी सब्जी मंडी, विनय अग्रवाल को कार्यकारी सदस्य व सह प्रभारी चौक बाजार, ईशान कोहली को कार्यकारी सदस्य व सह प्रभारी सपरून, डीसी कश्यप को कार्यकारी सदस्य व सहप्रभारी शामती, नेमी चंद को कार्यकारी सदस्य व सहप्रभारी बाइपास बनाया गया है।

# अतिक्रमण पर नजर रखने के लिए गठित हो कमेटी

## व्यापार मंडल ने ओल्ड डीसी चौक से कोटला नाला तक उठाई फुटपाथ बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

व्यापार मंडल सोलन में शहर में अतिक्रमण पर नजर रखने के लिए प्रशासनिक कमेटी गठन के साथ ही ओल्ड डीसी चौक से कोटला नाला तक फुटपाथ निर्माण की भी मांग की है।

व्यापार मंडल सोलन के प्रधान कुशल जेठी ने सोलन में पत्रकार वार्ता में कहा कि माल रोड सहित अन्य बाजारों में अतिक्रमण पर नजर रखने के लिए प्रशासनिक कमेटी की गठन जरूरत है, ताकि हर समय इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए जिला जिला प्रशासन के आग्रह को मानते हुए व्यापार मंडल ने अतिक्रमण हटाने की बात मानी है, साथ ही जिन लोगों अतिक्रमण निशानदेही में संदेह है। उन्हें अपनी बात रखने के लिए 20 दिन का समय दी जाने की बात को भी प्रशासन ने माना है।



पत्रकारवार्ता को संबोधित करते व्यापारी नेता कुशल जेठी।

उन्होंने कहा कि आमतौर पर प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को पहले ही सूचना मिल जाती है, ऐसे में जहां अतिक्रमण हुआ है, वहां टीम के पहुंचने तक सामान हटा दिया जाता है, ऐसे में यह व्यवस्था कारगर नहीं हो रही है। इसलिए एक स्थायी निगरानी कमेटी की गठन की मांग की गई है।

उन्होंने कहा कि शहर को सुव्यवस्थित, सुगम, स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ–साथ स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा दी जानी चाहिए। इसमें मुख्यता पार्किंग की सुविधा है। माल रोड पर शाम समय वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित रहती है, ऐसे में लोग माल रोड घूमने तो आते हैं, लेकिन उन्हें पार्किंग की सुविधा नहीं मिलती है, खासकर दोपहिया वाहन चालकों को।

इस समस्या को ध्यान में रखते हुए व्यापार मंडल ने जिला प्रशासन से पुराना बस स्टैंड में दोपहिया वाहनों की पार्किंग रात आठ बजे तक देने की मांग की है, जिसे डीसी सोलन ने मान लिया है। जेठी ने कहा कि व्यापार मंडल ने हमेशा ही प्रशासन का सहयोग किया है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के महासचिव पंकज वर्मा, विनय शर्मा और अन्य भी मौजूद रहे।

## दिव्यांगों की सुविधा के लिए व्हाट्सऐप नंबर किया जारी

**सोलन।** सोलन जिले में आपात स्थिति में मूक एवं बधिर दिव्यांगजनों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए सृजित व्हाट्सऐप ग्रुप के लिए जिला कल्याण अधिकारी सोलन गावा सिंह नेगी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इस संबंध में उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। इस व्हाट्सऐप ग्रुप के लिए नंबर 89889–55601 जारी किया गया है।

इन आदेशों के अनुसार मूक एवं बधिर दिव्यांगजन को अग्नि, भूकंप, रोग, पुलिस सहायता एवं रोगी वाहन सेवा की स्थिति में सहायता प्रदान करने के लिए यह व्हाट्सएप सुविधा आरंभ की गई है। यह व्हाट्सएप सुविधा आपातकालीन परिस्थितियों में मूक एवं बधिर दिव्यांगजन की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

## नेशनल स्कूल धुंधन के बच्चे राष्ट्रीय थ्रो बाल प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंधन के बच्चे राष्ट्रीय स्तर की थ्रो बाल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शारीरिक शिक्षक पूर्ण चंद शर्मा ने बताया कि विद्यालय के तीन छात्र ललित, पुनीत और पुष्पित और तीन छात्राओं राधिका, शिवानी, साक्षी का चयन राष्ट्रीय जूनियर और सीनियर थ्रो बाल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 27 से 29 दिसंबर तक झारखंड के चांडिल में आयोजित होगी।

बच्चों की इस उपलब्धि के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्य भीमा वर्मा, स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य बीआर वर्मा, पीटीए अध्यक्ष कपिल देव, सोलन थ्रो बाल संगठन के अध्यक्ष मनोहर लाल ठाकुर ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

सोलन जिला थ्रो बाल संगठन के सचिव हरेंद्र वर्मा ने हिमाचल थ्रो बाल एसोसिएशन के सचिव जोगेंद्र देव आर्य, रेफरी यशवीर राणा, अध्यक्ष अमन शर्मा और हिमाचल टीम के कोच पूर्ण चंद शर्मा का धन्यवाद किया कि इन लोगों के अथक प्रयासों से ही यह खेल हिमाचल में लोकप्रिय बन रहा है।



थ्रो बाल के लिए चयनित छात्र।

**27 को झारखंड में दिखाएंगे अपने हुनर का जौहर**

## गुग्गाघाट स्कूल में नवाजे मेधावी



गुग्गाघाट स्कूल में पारितोषिक प्राप्त करने वाले बच्चे मुख्य अतिथि व अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुग्गाघाट में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर नरेंद्र सिंह घुम्मन, शिवालिक कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने शिरकत की।

अन्य अतिथियों के तौर पर मदन ठाकुर एसएमसी प्रधान, धरोट पंचायत की प्रधान कमलेश, भारती फाउंडेशन के सोहन लाल और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। सबसे पहले मुख्य अतिथि ने उनकी कंपनी शिवालिक बायोमेटल्स कंट्रोल लिमिटेड सोलन की ओर से निर्मित दो कमरों का उद्घाटन किया, फिर मंच पर दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बच्चों ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिसमें सरस्वती वंदना, केरल सॉन्ग, हरियाणवी डांस, मछुआरा डांस, हिंदी क्लासिकल डांस, पंजाबी डांस और हिमाचली नाटी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्र–छात्राओं की विभिन्न उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया। स्कूल प्रधानाचार्य मीना वर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, जिसमें स्कूल की विभिन्न उपलब्धियों को बताया गया।

इससे पहले विनोद चौहान प्रवक्ता कॉमर्स ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अंत में सुशील शर्मा प्रवक्ता भूगोल ने मुख्य अतिथि का आने के लिए धन्यवाद किया। इस समारोह में स्कूल के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## सोलन में 27 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

बिजली खंड सोलन में 27 दिसंबर को आवश्यक रख–रखाव के दृष्टिगत सोलन के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत मंडल सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी।

राहुल वर्मा ने कहा कि 27 दिसंबर को प्रात: 8.30 से सायं छह बजे तक माल रोड, अपर बाजार, पुराना उपायुक्त कार्यालय, आनंद कांप्लेक्स, न्यायालय परिसर, लोक निर्माण विभाग की कॉलोनी, क्लीन, सेर क्लीन, सन्नी साइड, विवांता माल, चिल्ड्रन पार्क, क्षेत्रीय अस्पताल, अस्पताल मार्ग, फोरेस्ट रोड, जौणाजी, शिल्ली, अश्विनी खड्ड, दामकड़ी, फशकना, फ्लाई, मेला मैदान, हरट, बेल, नेरी, गण की सेर, मनसार, झोखड़ी, हाट मिक्स के आसपास के क्षेत्र, ग्रानी, सलोगड़ा के आसपास के क्षेत्र, सेवला, बरड बस्ती, तरण–तारण ढाबा, पडग, विनसम होटल, दाउंसी, गलोथ, कडहारी, कोठी, कथोग, बजरोल, नडोह, शामती, डमरोग, ऑफिसर कॉलोनी, कोटलानाला, कथेड़, मिनी सचिवालय, लक्कड़ बाजार, गंज बाजार, शिल्ली मार्ग, उपायुक्त आवास क्षेत्र, मोहन कॉलोनी, मधुबन कॉलोनी, हरि मंदिर क्षेत्र, राजगढ़ मार्ग, नगर निगम क्षेत्र, रेनॉल्ट शोरूम तथा आसपास के क्षेत्र, चौक बाजार, सर्कुलर मार्ग, धोबीघाट, आईटीआई, पुराना बस अड्डा, सेंट लयूक्स, अंबुशा होटल, चेस्टर हिल्स, अमित अपार्टमेंट्स, सुंदर सिनेमा, जौणाजी मार्ग में बिजली बाधित रहेगी।

इसके अलावा डिग्री कॉलेज, ठोडो मैदान क्षेत्र, खनोग, मतियूल, खलीफा लॉज, जेबीटी मार्ग, सूर्य विहार, तहसील परिसर, टैंक रोड, खुंडीधार, साइंटिस्ट कॉलोनी, नया बस अड्डा, पुलिस लाइन, सब्जी मंडी, सेरी, चंबाघाट चौक, बसाल मार्ग, कथेड़, बसाल, गुगाघाट, हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र बसाल, घड़याल, डांगरी, शिरी, धाला, पट्टी, दयोली की सेर, गारा, पोकन, बारां, धरोट, सलुमना, ब्लेसिंग हेल्थ केयर, सूर्य किरण, बावरा, गरीब बस्ती, फोरेस्ट कॉलोनी, एनआरसीएम, करोल विहार, डीआईसी कालोनी, मेहर सिंह कालोनी, बेर की सेर, जरोश, बेर पानी, बेर गांव, बेर खास, कोनार्क होटल एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होंने कहा कि इसी दिन प्रात: साढ़े आठ से सायं छह बजे तक आंजी, शमलेच, शराणु, नगाली, शुमती, चेवा, बडोग, बारा, कलोल, कोरो–कैंथली, लघेचघाट, पॉवर हाउस रोड, डाकघर सपरुन, आयुर्वेदिक अस्पताल, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेज एक और दो, रबौन, एससीईआरटी, निगम विहार, देहूंघाट, पडगल, कायलर, देवठी, तार–फेक्टरी, घट्टी, लवीघाट, डोमिनोज, गुरुद्वारा, जिला लोक सम्पर्क अधिकारी कार्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। निर्धारित तिथि व समय में बदलाव किया जा सकता है।

**आयोजन** श्री राम जन्मभूमि मंदिर का अक्षत कलश पहुंचा कफोटा, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

# पारंपरिक वाद्य यंत्रों के बीच श्री राम की जय का उद्घोष

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

शुक्रवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण स्वरूप पूजित अक्षत व कलश सिरमौर के खंड कफोटा पहुंचा। सनातन हिंदू विचार परिवार के सभी संगठनों ने उपमंडल कार्यालय कफोटा के पास पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पूजित कलश व अक्षत का स्वागत, पूजन व अभिनंदन किया।

उपमंडल कार्यालय कफोटा से लेकर पारंपरिक वाद्य यंत्रों की देव धुनों के साथ विजय श्री मंत्र का उद्घोष करते हुए श्री राम भक्तों की टोली आशुतोष महादेव मंदिर सनातन धर्म सभा सदन कफोटा पहुंची, जहां पर बीज मंत्रों के साथ पूजित कलश की स्थापना की गई, तत्पश्चात सभी भक्तजनों को भगवत प्रसाद वितरित किया गया। खंड कफोटा के आशुतोष महादेव मंदिर में स्थापित कलश से पूजित अक्षत व श्री राम जी के निमंत्रण पत्रक कफोटा खंड के अंतर्गत पड़ने वाले नौ मंडलों को 1992 की कार सेवा में शामिल कार सेवकों की ओर से वितरित किए जाएंगे।



अक्षत कलश पहुंचने पर श्री राम की जय का उद्घोष करते ग्रामीण।

मंडल स्तर से पूजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्रक हर गांव के प्रत्येक परिवार को इस शुभ संदेश सहित वितरित किए जाएंगे कि 22 जनवरी, 2024 को ऐतिहासिक श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के भव्य आयोजन के समय अपने अपने गांव व कस्बों के कुल देवता मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद भगवान श्री राम के निमित्त अर्पित करें। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक दिन पूर्व 21 जनवरी की रात को देश के प्रत्येक गांव में रात्रि जागरण व दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया गया है। 22 जनवरी के दिन श्री राम विजय मंत्र की कम से कम एक माला का जाप हर राम भक्त करे और गांव के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से लाउडस्पीकर की ओर से किया जाए।

प्राण प्रतिष्ठा के समय पर पूरे विश्व में एक साथ भगवान श्री राम के निमित्त स्थानीय मंदिर में ही एक साथ एक ही समय पर अक्षत व पुष्पांजलि समर्पित की जाए। यह आह्वान श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति की ओर से किया गया।

इस अवसर पर खंड कफोटा के उपमंडल दंडाधिकारी राजेश वर्मा, खंड कफोटा के संरक्षक मुंशी राम चौहान, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हिमाचल प्रदेश जिला सिरमौर के जिला अध्यक्ष व प्रारंभिक शिक्षा प्रभारी पश्चिमोत्तर प्रभाग एकल अभियान विजय कंवर, सनातन धर्म सभा समिति कफोटा के अध्यक्ष दीप चंद शर्मा, संयोजक खजान दत्त शर्मा, सहसंयोजक गुमान सिंह चौहान उपस्थित रहे।

इसके अलावा सहसंरक्षक कपिल ठाकुर, क्षेत्रीय विकास समिति कफोटा के अध्यक्ष नरेश तोमर, व्यापार मंडल कफोटा के अध्यक्ष वीर विक्रम, कोषाध्यक्ष ज्ञान चौहान, प्रधान पंचायत शावगा दिलीप चौहान, उपप्रधान पंचायत डाबरा प्रेम शर्मा, हिरदा राम पुंडीर, संजीव ठूंडू, प्रवीण पुंडीर, कमलेश पुंडीर, नाथूराम चौहान, तपेंद्र चौहान, एकल अभियान अंचल प्रशिक्षण प्रमुख रक्षा ठाकुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एस्टन विला-शेफील्ड यूनाईटेड ने ड्रॉ खेला

**बर्मिंघम।** एस्टन विला ने शुक्रवार को अंत में किए गए गोल की बदौलत इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में शेफील्ड यूनाईटेड से 1-1 से ड्रॉ खेला। इस नतीजे से एस्टन विला ने लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। मुकाबले के दौरान वीएआर संबंधित कई विवाद हुए। शेफील्ड ने कैमरन आर्चर के 87वें मिनट में किए गोल से 1-0 से बढ़त बनाई, जिसके बाद निकोलो जानियोलो ने 90+7वें मिनट में गोल से एस्टन विला को बराबरी पर ला दिया। एस्टन विला अगर जीत जाता, तो तालिका में आर्सेनल से ऊपर शीर्ष पर पहुंच जाता। पर अब वह आर्सेनल से बराबर अंक के बाद दूसरे स्थान पर चल रहा है।

### अंडर-19 टीम खेलेगी त्रिकोणीय शृंखला

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 टीम अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप से पहले जोहांसबर्ग में मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय शृंखला खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बयान के अनुसार त्रिकोणीय शृंखला जोहांसबर्ग में खेली जाएगी, जिसमें प्रत्येक टीम एक दूसरे से दो बार आमने सामने होगी। भारत की अंडर-19 टीम अपना अभियान 29 दिसंबर को अफगानिस्तान की अंडर-19 टीम के खिलाफ शुरु करेगी और फिर दो जनवरी को दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम से भिड़ेगी। फाइनल 10 जनवरी को खेला जाएगा। अंडर-19 विश्व कप दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोंटेन में 19 जनवरी से शुरू होगा। भारत को ग्रुप ए में बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है और टीम अपना अभियान 20 जनवरी को बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करेगी।

### नोमाल अली ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**सिडनी।** पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली 'अपेंडिक्स' दर्द की वजह से हुई सर्जरी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के बचे हुए हिस्से से बाहर हो गए। नोमान अली इस तरह दो दिन के अंदर दौरा करने वाली पाकिस्तानी टीम से बाहर होने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। अली पिछले हफ्ते पर्थ में पहले टेस्ट में नहीं खेले थे, जिसमें पाकिस्तान को 360 रन से हार मिली थी। उनकी शनिवार को मेलबर्न में 'अपेंडिसाइटिस' के लिए सर्जरी करायी गई। पाकिस्तानी टीम के बयान के अनुसार कि नोमान अली ने कल अचानक पेट में तेज दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उनकी जांच की गई और स्कैन में पता चला कि यह दर्द 'अपेंडिक्स' के कारण हो रहा है। बयान के मुताबिक कि सर्जरी के बाद उनकी हालत स्थिर है और वह ठीक हैं। उन्हें शनिवार को अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद भी वीरवार को पसली के 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बची हुई सीरीज से बाहर हो गए थे, उन्होंने पर्थ में टेस्ट पदार्पण में 128 रन देकर पांच विकेट झटके थे।

### दत्ता बनी भारतीय फुटबाल टीम की कोच

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को अगले साल फरवरी में होने वाली सैफ चैंपियनशिप से पहले शनिवार को देश की अंडर-19 महिला फुटबॉल टीम की कोच नियुक्त किया गया। पूर्व भारतीय अंडर-17 महिला टीम की कोच शुक्ला दत्ता के साथ सभी महिलाओं के सहयोगी स्टाफ में पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्रद्धांजलि समंतारे और गोलकीपिंग कोच लौरेम्बाम रोनिबाला चानू उनकी सहायक होंगी। भारतीय टीम सैफ चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारियों की शुरूआत अगले महीने गोवा में करेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के कार्यकारी महासचिव एम सत्यनारायण ने एक बयान में कहा कि अंडर-19 सैफ महिला टूर्नामेंट हमारे लिए काफी अहम है। यह टूर्नामेंट प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए अगले स्तर तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह शानदार है कि हम अंडर-19 महिला टीम के लिए सभी महिला तकनीकी स्टाफ रख सके।

### अल्टीमेट खो-खो में पहला मैच आज

**भुवनेश्वर।** अल्टीमेट खो-खो का दूसरा सत्र रविवार से शुरू होगा, जिसका पहला मैच कटक में मौजूदा चैंपियन ओडिशा जगरनॉट्स और राजस्थान वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा। ओडिशा जगरनॉट्स के लिए पहला सत्र शानदार रहा था। वह लीग चरण में गुजरात जॉइंट्स के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। इसके बाद उसने फाइनल में तेलुगु योद्धाज को हराकर खिताब जीता था। तेलुगु योद्धाज की टीम भी रविवार को मुंबई खिलाड़ीज के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मुंबई की टीम पहले सत्र में पांचवें स्थान पर रही थी।

### भारतीय डेविस कप टीम जाएगी पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) पंचाट (ट्रिब्यूनल) ने अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) की उस दलील को खारिज कर दिया है कि उसकी डेविस कप टीम को इस्लामाबाद में विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले के दौरान सुरक्षा चिंताओं का सामना करना पड़ सकता है। आईटीएफ पंचाट के इस फैसले से 60 साल में किसी भारतीय टेनिस टीम के लिए पहली बार पाकिस्तान के दौरे का रास्ता साफ हो गया। भारतीय टीम अगर पाकिस्तान की यात्रा करने में विफल रहती है, तो मेजबान देश को इस टाई का विजेता घोषित कर दिया जाएगा। इससे भारतीय टीम विश्व ग्रुप दो में खिसक जाएगी। एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने 'पीटीआई-भाषा' से आईटीएफ से उनकी अपील खारिज होने की पुष्टि की।

### गत चैंपियन चंद्रा ने विजयी शुरुआत की

**चेन्नई।** पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के मौजूदा चैंपियन मनन चंद्रा ने स्नूकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के राउंड-रॉबिन चरण में शनिवार को गुजरात के भद्रेश पांचाल को 3-1 से हराकर विजयी शुरुआत की। तमिलनाडु के सिद्धार्थ राव ने रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के रफत हबीब के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत दर्ज की।



# हरमनप्रीत ने दिलाई भारत को वापसी

## ऑस्ट्रेलिया को मिली 46 रनों की मामूली बढ़त

**मुंबई।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (23 रन देकर 2 विकेट) ने तीसरे दिन शनिवार को अंतिम क्षणों में दो विकेट लेकर भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 233 रन बनाए थे और इस तरह से उसने 46 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 406 रन बनाकर 187 रन की बढ़त हासिल की थी।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने बनाया सर्वाधिक स्कोर का रिकॉर्ड

**सदरलैंड** (41 रन देकर दो विकेट) ने भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कल की अविजित बल्लेबाज पूजा वस्त्राकर (47) और रेणुका सिंह (08) को, जबकि किम गार्थ ने दीप्ति शर्मा (78) को आउट किया, लेकिन इससे पहले भारतीयों ने दो नए रिकॉर्ड बनाए। दीप्ति ने अपनी पारी में 171 गेंद का सामना किया और नौ चौके लगाए। भारत का 406 रन का योग ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर है। दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी भारत की तरफ से नया रिकॉर्ड है।

### कप्तान ने की शानदार गेंदबाजी

**हरमनप्रीत** ने ताहलिया मैकग्रा (177 गेंदों में 73 रन, 10 चौके) को क्लीन बोल्ड किया और फिर खतरनाक दिख रही एलिसा हिली (32) को पगबाधा आउट किया। स्टंप उखड़ने के समय एनाबेल सदरलैंड 12 और एशलीग गार्डनर सात रन पर खेल रही थी। राणा ने राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पहली स्लिप में मैकग्रा का कैच छोड़ा, जिसका फायदा उठाकर यह ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अर्धशतक बनाने में सफल रही। इसके बाद जब वह 52 रन पर खेल रही थी, तब हरमनप्रीत की पहली गेंद पर उन्हें पगबाधा आउट दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस की मदद से वह क्रीज पर टिकी रही। लेकिन हरमनप्रीत कुछ देर बाद ही उनका विकेट लेने में सफल रही। उनकी गेंद मैकग्रा के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विकेटों में समा गई थी।

### स्पिनरों को नहीं मिली खास मदद

**विकेट** से स्पिनरों को खास मदद नहीं मिल रही थी, जिसके कारण भारतीय गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 27 ओवर किए, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उनकी गेंद पर हालांकि हीली को दो जीवनदान मिले थे।



### एकमात्र महिला टेस्ट का तीसरा दिन रहा ऑस्ट्रेलिया के नाम

**तीसरा** दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। भारत ने सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 376 रन से आगे बढ़ाई और उसने आधे घंटे के खेल में ही 30 रन जोड़कर अपने बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (33) और फोएबे लीचफील्ड (18) ने सतर्क शुरुआत की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। रिचा घोष ने मूनी को रन आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्नेह राणा (54 रन देकर दो विकेट) ने लीचफील्ड को बोल्ड किया, जो रिवर्स स्वीप करने से चूक गई थी। एलिस पेरी बड़ी पारी खेलने के मूड में दिख रही थी, लेकिन भारतीय विकेटकीपर यास्तिका भाटिया ने राणा की गेंद पर उनका शानदार कैच लेकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। पेरी ने 91 गेंद पर पांच चौकों की मदद से 45 रन बनाए। उन्होंने मैकग्रा के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की।

### तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होगी सेंचुरियन की पिच : ब्लॉय

**सेंचुरियन।** ब्लॉय ने पीटीआई से कहा कि तापमान काफी कम होगा जैसे 20 डिग्री। अभी तापमान 34 डिग्री है और यह गिरकर 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा। मैं नहीं जानता कि हालात कैसे होंगे कि हमें पहले दिन खेलने को मिलेगा या नहीं। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि कुछ खेल हो और तीसरे दिन यह ठीक रहेगा, लेकिन मुझे नहीं पता कि पिच पर कितना टर्न होगा। ब्लॉय ने कहा कि अगर पिच कवर रहेगी, तो पहले बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा। ब्लॉय ने कहा कि विकेट पर घास है और हमारे पास दो दिन और होंगे जो गर्म रहेंगे, लेकिन मैं खुश हूं कि पिच पर एक समान घास है, जो अच्छी है। उन्होंने कहा कि यह पेचीदा होगा, क्योंकि आप पहले और दूसरे दिन की भविष्यवाणी देख रहे हो। चार दिन तक धूप नहीं होगी और मौसम के अनुसार इस पर कितना टर्न और उछाल होगा, मैं नहीं जानता।

### ऋतुराज गायकवाड़ अंगुली में फ्रेक्चर के कारण जाएंगे एनसीए

**मुंबई।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर अपनी अंगुली में फ्रेक्चर के कारण बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जाएंगे, जबकि हर्षित राणा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच से पहले भारत ए की टीम से बाहर हो गए। बीसीसीआई ने बताया कि गायकवाड़ की दाएं हाथ की अनामिका अंगुली में फ्रेक्चर है। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से होने वाली दो टेस्ट मैचों की शृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बोर्ड के सचिव जय शाह ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गक्बेरहा में दूसरे वनडे मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय गायकवाड़ की दाहिनी अनामिका अंगुली में चोट लग गई। उनका स्कैन कराया गया और विशेषज्ञ परामर्श के बाद, बीसीसीआई मेडिकल टीम ने उन्हें शेष दौरे से बाहर कर दिया है।

## ओलंपिक क्वालीफायर हॉकी के लिए हमारी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका : सलीमा टेटे

**एजेंसी, रांची**

**शीर्ष** भारतीय मिडफील्डर सलीमा टेटे ने शनिवार को कहा कि 13 जनवरी से शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर सिर्फ 2024 पेरिस खेलों के लिए कट हासिल करने के लिए नहीं है, बल्कि महिला हॉकी टीम के लिए यह खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका भी है।

भारत सहित आठ टीम पेरिस ओलंपिक के लिए दाव पर लगे तीन स्थान हासिल करने की कोशिश करेंगी, जिसमें मेजबानों की भिड़ंत शुरुआती दिन अमेरिका से होगी। सलीमा टेटे ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा कि रांची में यह टूर्नामेंट सिर्फ क्वालीफिकेशन के लिए ही नहीं है, बल्कि यह उस खेल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जज्बे को दिखाने का मौका भी होगा, जिसे हम पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं, उम्मीद है कि हम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेंगे। भारत को पूल बी में अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य की टीम हैं। भारतीय टीम हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान ओलंपिक के लिए स्वत: क्वालीफाई करने का मौका चूक गई थी और यहां पेरिस के लिए कट हासिल करने का एक और प्रयास करेगी। टोक्यो ओलंपिक के लिए भारतीय टीम का हिस्सा रहीं 21 साल की खिलाड़ी ने कहा कि घरेलू मैदान पर दर्शकों के समर्थन से टीम को अपना लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। झारखंड के सिमडेगा जिले की खिलाड़ी सलीमा ने कहा कि रांची लौटना हमेशा ही घर वापसी जैसा लगता है। इस शहर का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है, जहां हॉकी के प्रति मेरा लगाव बढ़ा और मैंने अपना कौशल निखारा। उन्होंने कहा कि दर्शकों का समर्थन और उनकी ऊर्जा शानदार है, उनके उत्साह से मैदान पर हमारा भी उत्साह बढ़ता है। हम मैदान पर दर्शकों के लिए ऐसा पल बनाने का प्रयास करेंगे, जो वे संजोकर रखें। भारतीय टीम ने साल के शुरू में रांची में ही महिलाओं की एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हासिल की थी। भारत 14 जनवरी को न्यूजीलैंड से खेलेगा जबकि पूल के अंतिम मैच उसकी भिड़ंत 16 जनवरी को इटली से होगी।

## न्यूजीलैंड ने जीती सीरीज

### बांग्लादेश तीसरे वनडे में नौ विकेट से जीता



सीरीज जीतने के बाद विजेता न्यूजीलैंड की टीम ट्रॉफी के साथ।

**एजेंसी, नेपियर**

- न्यूजीलैंड 31.4 ओवर में महज 98 रन पर आउट
- कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने 42 गेंदों में बनाए नाबाद 51 रन
- बांग्लादेश के अनामुल हक ने 33 गेंदों में 37 रन का दिया योगदान

**बांग्लादेश** को शनिवार को तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराने के लिए महज 15 ओवर लगे, जिससे मेजबान टीम की घरेलू मैदान पर 17 मैचों में चली आ रही जीत की लय टूट गई।

न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की वनडे शृंखला 2-1 से जीत ली। न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में 44 रन और दूसरे वनडे में सात विकेट से जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड को 31.4 ओवर में महज 98 रन पर समेटने के बाद कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने 42 गेंद में नाबाद 51 रन बनाए और अनामुल हक ने 33 गेंद में 37 रन का योगदान दिया, जिससे बांग्लादेश ने 19 प्रयासों में न्यूजीलैंड पर वनडे में पहली जीत हासिल की।

बांग्लादेश ने शनिवार को न्यूजीलैंड को दोनों टीमों के बीच हुए वनडे में उसके न्यूनतम स्कोर पर आउट किया। तंजिम हसन साकिब ने 14 रन देकर तीन विकेट और शोरिफुल इस्लाम ने 22 रन देकर तीन विकेट झटके। इस तरह दोनों ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सौम्य सरकार ने भी 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए, जिससे न्यूजीलैंड की टीम बांग्लादेश के खिलाफ 162 रन के पिछले न्यूनतम वनडे स्कोर से कम स्कोर में सिमट गई। बांग्लादेश के कप्तान शांटो ने टॉस जीतकर मैकलीन पार्क पर गेंदबाजी का फैसला किया, जो आमतौर पर बल्लेबाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पिच पर काफी घास थी, जिसका शोरिफुल और शाकिब ने पूरा फायदा उठाया। न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम चरमरा गया और 70 रन तक उसने छह विकेट गंवा दिए थे। न्यूजीलैंड के लिए पारी की सबसे बड़ी साझेदारी विल यंग (26 रन) और टॉम लाथम (21 रन) के बीच तीसरे विकेट के लिए 36 रन की रही। इन दोनों के अलावा केवल दो अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। इसके बाद सरकार ने जोश क्लार्कसन (16 रन), एडम मिल्ने (04) और आदित्य अशोक (10 रन) के विकेट झटके।

**विजेता** | फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से करारी शिकस्त देकर 2023 में पांचवां खिताब किया अपने नाम

# मैनचेस्टर सिटी बना पहली बार क्लब विश्व कप चैंपियन

**एजेंसी, जेद्दा (सऊदी अरब)**

**मैनचेस्टर** सिटी ने शुक्रवार को क्लब विश्व कप फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से हराकर 2023 में पांचवां खिताब अपने नाम किया।

मैनचेस्टर सिटी ने महज 40 सेकंड के अंदर ही बढ़त बना ली थी, जब जूलियन अल्वारेज ने गोल दागा।

फ्लूमिनेसे के कप्तान निनो के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से मैनचेस्टर सिटी की बढ़त दोगुनी हो गई और फिर फिल फोडेन ने 72वें मिनट में टीम का तीसरा गोल किया।

अल्वारोज ने 88वें मिनट में अपने दूसरे गोल से मैनचेस्टर सिटी को 4-0 पर ला दिया। इससे मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब अपनी झोली में डाला और उसने यूरोप को फीफा की इस क्लब प्रतियोगिता के 17 चरण में 16वीं ट्रॉफी दिलाई।

मैनचेस्टर सिटी इस साल एफए कप, प्रीमियर लीग, चैंपियंस लीग और सुपर कप खिताब जीत चुका है।

इस जीत से पेप गुआर्डियोला तीन विभिन्न टीमों के साथ क्लब विश्व कप जीतने वाले पहले कोच बन गए। उन्होंने बार्सिलोना को 2009 और 2011 में यह खिताब दिलाया था। फिर 2013 में बायर्न म्यूनिख को भी यह ट्रॉफी दिलाई थी।

गुआर्डियोला ने शांति से इस जीत का जश्न मनाया, वह फ्लूमिनेसे के कोच फर्नांडो डिनिज को सांत्वना देने पहुंचे, उनसे हाथ मिलाया और उनके कंधों पर हाथ रखा। फिर वह फेलिपो मेलो के साथ गले मिलते और मुस्कुराते दिखे।



मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से हराकर 2023 में पांचवां खिताब अपने नाम किया। विजेता बनने के बाद खुशी मनाती मैनचेस्टर सिटी टीम।

## इसरो चीफ सोमनाथ बोले- किस समय लैगरेंज प्वाइंट पर पहुंचेगा, यह सही वक्त पर बताएंगे

# छह जनवरी को नियत स्थान पर पहुंचेगा आदित्य एल-1

**एजेंसी, अहमदाबाद**

भारत का इकलौता सोलर मिशन आदित्य एल-एक छह जनवरी को तय जगह, यानी लैगरेंज प्वाइंट पर पहुंच जाएगा। यह जगह धरती से 15 लाख किमी दूर है। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने 23 दिसंबर को यह जानकारी दी। आदित्य एल-1 को छह सितंबर को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था। इस मिशन को सूर्य के अध्ययन के लिए लॉन्च किया गया है।

सोमनाथ ने ये भी कहा कि आदित्य एल-एक किस वक्त अपनी नियत जगह पहुंचेगा, इसकी घोषणा सही समय पर की जाएगी। अहमदाबाद में भारतीय विज्ञान सम्मेलन में पहुंचे इसरो चीफ सोमनाथ ने यह जानकारी दी।




### क्या है लैंगरेंज प्वाइंट?

**लैंगरेंज** प्वाइंट का नाम इतावली-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैंग्रेज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में एल-1 नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच प्वाइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित हो जाता है। साथ ही अपकेंद्रीय बल भी बन जाता है। पहला लैंगरेंज प्वाइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है। इस प्वाइंट पर ग्रहण का प्रभाव भी नहीं पड़ता है।

### एल-1 प्वाइंट पर पांच साल स्थापित रहेगा

**सोमनाथ** के मुताबिक, जब आदित्य 1-एक लैगरेंज प्वाइंट पर पहुंचेगा, हम एक बार फिर इंजन शुरू करेंगे,ताकि यह आगे न बढ़े। जब ये अपने नियत स्थान तक पहुंच जाएगा तो यह उस प्वाइंट के चारों तरफ चक्कर लगाएगा और वहीं बना रहेगा। इसरो चीफ ने यह भी बताया कि एक बार जब आदित्य एल-एक अपने तय स्थान लैगरेंज प्वाइंट पर सफलतापूर्वक स्थापित हो जाएगा तो यह वहां पांच साल रहेगा। आदित्य एल-1 सूर्य में होने वाली गतिविधियों की जानकारी केवल भारत को नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को देगा। यह डाटा सूर्य के डायनामिक्स को समझने में कारगर होगा। इस डाटा से ये भी मदद मिलेगी कि सूर्य कैसे हमारी जिंदगी पर असर डालता है।

### सूर्य का अध्ययन क्यों जरूरी है?

**जिस** सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सौरमंडल के सभी आठ ग्रह सूर्य का चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। सूर्य से लगातार ऊर्जा निकलती हैं। इन्हें हम आवेश कण कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके यह समझा जा सकता है कि सूर्य मे होने वाले बदलाव अंतरिक्ष और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

# लगातार पांचवें हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 615.971 अरब डॉलर पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**9.112 अरब डॉलर से बढ़कर 615.971 अरब डॉलर हुआ देश का विदेशी मुद्रा भंडार**

आर्थिक मोंचे पर अच्छी खबर है। लगातार पांचवें हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर पर है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जारी आंकड़ों में बताया कि 15 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटकर विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 8.349 अरब डॉलर बढ़कर 545.048 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 44.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.577 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार 13.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.323 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में देश का मुद्रा भंडार 18.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.023 अरब डॉलर हो गया। उल्लेखनीय है कि अक्तूबर, 2021 में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक की ओर से पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों के कारण उपजे दबाव के बीच रुपये को बचाने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किए जाने के बाद से इसमें कमी आई है।

## वर्ल्ड न्यूज

### कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे से कई उड़ानें बाधित रहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोहरे की वजह से शनिवार को दृश्यता काफी कम रही। इसके कारण शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों पर असर पड़ा। दिल्ली हवाईअड्डे की उड़ान सूचना प्रदर्शन प्रणाली के अनुसार 11 अंतरराष्ट्रीय व पांच राष्ट्रीय उड़ानें विलंबित रहीं। राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने पहले कहा था कि अगले तीन दिनों में पूरे उत्तर भारत में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है।

### चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सीएम योगी ने 51 किसानों को दिए ट्रैक्टर



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण की सिंह की 121वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत 51 किसानों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी। अच्छी खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के महान सपूत चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। चौधरी जी ने देश के किसानों के लिए बहुत सी बातें की थीं। उन्होंने स्नाकोत्तर की पढ़ाई विधि में की थी लेकिन किसान को लेकर उनका स्पष्ट मत था।

### पाकिस्तान में नियमित हज योजना का ड्रॉ 28 दिसंबर को

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के धार्मिक मामलों और अंतरधार्मिक सद्भाव मंत्रालय ने घोषणा की है कि नियमित हज योजना के लिए 28 दिसंबर को ड्रॉ निकाला जाएगा। इस योजना के लिए मंत्रालय को 66,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार प्रसारक जिओ न्यूज ने मंत्रालय के प्रवक्ता मुहम्मद उमर बट के हवाले से यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है कि अगले साल लगभग 1,79,000 नागरिक हज के लिए सऊदी अरब की यात्रा करेंगे।

### बांग्लादेश में घना कोहरा, छह नौकाएं फंसी रही पद्मा नदी में

**ढाका।** बांग्लादेश में शनिवार सुबह घने कोहरे ने जलमार्ग की फेरी सेवाओं को बाधित कर दिया। छह नौकाएं पद्मा नदी के बीच में फंसी रहीं। खराब दृश्यता के कारण जलमार्ग का परिचालन बुरी तरह प्रभावित रहा। घने कोहरे के बीच खराब दृश्यता के कारण दौलतदिया-पतुरिया जल मार्ग पर फेरी सेवाएं डेढ़ घंटे तक निलंबित रहीं। छह नौकाएं पद्मा नदी के बीच में फंसी रहीं। कोहरा छंटने के साथ दृश्यता में सुधार होने के बाद मार्ग पर नौका सेवाएं सुबह 9:45 बजे फिर से शुरू हो गईं।

### कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल रहे स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपए, डीजल 89.62 रुपए, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए, डीजल 94.27 रुपए, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए, डीजल 92.76 रुपए, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## अमेरिका में शरारती तत्वों ने हिंदू मंदिर की दीवार पर लिखे खालिस्तानी नारे

**एजेंसी, वॉशिंगटन**




अमेरिका में खालिस्तान समर्थक शरारती तत्वों ने एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। इन तत्वों ने इस मंदिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखकर सामाजिक ताने-बाने पर चोट करने की कोशिश की है। यह घटना कैलिफोर्निया के नेवार्क शहर की है। नेवार्क पुलिस ने घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया है।

इस घटना से संबंधित सचित्र विवरण हिंदू अमेरिका फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। इसमें स्वामी नारायण मंदिर की दीवारों पर नारे लिखे दिख रहे हैं। भारत और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ काले रंग के स्प्रे पेंट से यह नारे लिखे गए हैं। हिंदू अमेरिका फाउंडेशन ने मांग की है कि इस घटना की जांच 'घृणा अपराध' के रूप में की जाए।

बताया गया है कि मंदिर से संबद्ध लोगों ने नेवार्क पुलिस और न्याय विभाग को इसकी सूचना दी है। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका में मंदिरों को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाया हो। अमेरिका के अलावा कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि कनाडा के सरे शहर में कुछ समय पहले खालिस्तान समर्थकों ने हिंदू मंदिर के मेन गेट पर पोस्टर चिपकाकर आतंकी हरदीप सिंह निज्जर का समर्थन किया था।

इस वर्ष जनवरी में तीन हिंदू मंदिरों को मेलबर्न में निशाना बनाया गया था। यहां भी खालिस्तानी समर्थकों ने मंदिरों पर नारे लिखे थे।

नेवार्क की घटना पर अमेरिकी-भारतीय राजनीतिज्ञ बर्ट ठाकुर ने एक्स पर लिखा है-'हिंदू समुदाय के भाइयो और बहनों, मैं नफरत और असहिष्णुता की छाया के खिलाफ खड़ा हूं। कैलिफोर्निया के नेवार्क में हमारे पवित्र हिंदू मंदिर का अपमान, केवल एक इमारत पर हमला नहीं है, यह हमारी आत्मा और हमारे मूल्यों पर खुला हमला है। घृणा अपराध हमारे समाज के ताने-बाने पर जहरीला दाग है।'

# इसराइल की मिसाइलों से हमास के आतंकवादी ढेर

## इसराइल की वायुसेना ने लेबनान में धावा बोला

**एजेंसी, तेल अवीव/गाजा पट्टी**

गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 78वें दिन शनिवार सुबह इसराइल की वायुसेना ने लेबनान में धावा बोला। इसके अलावा इसराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा शहर और मध्य गाजा के कई स्थानों पर हमला किया। आईडीएफ ने गाजा में लड़ाई के दौरान फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की लंबी सुरंग में छुपे आतंकवादियों को मार गिराया है।

सीमा पर जारी लड़ाई के बीच इसराइल की वायुसेना ने सुबह से अब तक दक्षिणी लेबनान के कफ्र किला इलाके में कई बार हमला बोला है। इस हमले के पूरे ब्यौरे का इंतजार है। इसराइल के दूसरे अखबार यरुशलम पोस्ट के अनुसार इसराइल की वायुसेना ने गाजा शहर और मध्य गाजा के स्थानों में शनिवार सुबह ताबड़तोड़ मिसाइल और रॉकेट दागे हैं। इससे भारी तबाही हुई है। आईडीएफ ने कहा है कि गाजा शहर में हमास मुख्यालय पर हमला कर आतंकवादियों को खत्म कर दिया गया है। पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के सैनिकों को हमास के खिलाफ अभियान में यह कामयाबी मिली। इसके अलावा गाजा शहर के इस्सा क्षेत्र में हमास की एक लंबी सुरंग को विस्फोटक के जरिये उड़ा दिया गया। आतंकवादी इस सुरंग का इस्तेमाल सुरक्षित रास्ते के लिए कर रहे थे।



### 48 घंटों में 390 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 48 घंटों में गाजा पट्टी पर इसराइली हमलों में 390 फिलिस्तीनी मारे गए और 734 घायल हो गए। समाचार एजेंसी शेंर् न्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि सात अक्तूबर को इसराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में अब तक कम से कम 20,057 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 53,320 घायल हुए हैं। इसराइल पिछले दो दिनों से गाजा पट्टी के अधिकांश हिस्सों पर हवा, जमीन और समुद्र से हमला कर रहा है।

### अरब सागर में कच्चा तेल लेकर आ रहे जहाज पर ड्रोन हमला

**नई दिल्ली।** अरब सागर में एक व्यापारिक जहाज पर ड्रोन अटैक के बाद विस्फोट हो गया जिससे आग लग गई। जहाज में चालक दल के 20 भारतीय शामिल थे। चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। मर्चेंट शिप एमवी केम प्लूटो पर ड्रोन अटैक की खबर मिलने के साथ ही गश्त पर तैनात भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस विक्रम मदद के लिए रवाना हो चुका है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि व्यापारिक जहाज के शनिवार को पोरबंदर तट से 217 समुद्री मील दूर मौजूद होने की सूचना मिली थी। जहाज में कच्चा तेल है और यह सऊदी अरब की एक बंदरगाह से मैंगलोर की ओर जा रहा था, आग बुझा दी गई है। भारतीय तट रक्षक के समुद्री निगरानी विमान ने संकटग्रस्त जहाज एमवी केम प्लूटो के साथ संचार स्थापित किया है। ड्रोन हमले के बाद जहाज ने अपनी स्वचालित पहचान प्रणाली को बंद कर दिया था, जिसका उपयोग जहाज को ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है। यह जानकारी भारतीय तटरक्षक अधिकारी ने दी।

## मीरा चोपड़ा की कजिन्स परिणीति और प्रियंका ने फिल्म इंडस्ट्री में नहीं की मदद

**एजेंसी, मुंबई**

एक्ट्रेस मीरा चोपड़ा का कहना है कि कजिन प्रियंका और परिणीति चोपड़ा ने उनकी कभी मदद नहीं की है। ना ही वो लोग आपस में अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। इस कारण मीरा परिणीति की शादी में भी नहीं गई थीं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रियंका दिल से अच्छी हैं लेकिन उनके बीच बहनों जैसा प्यार नहीं है।

मीरा ने यह भी बताया कि जब उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था, तब उनके पास सपोर्ट की कमी थी। उन्होंने सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में बताया- शुरुआत से ही हमारे बीच में अधिक लगाव नहीं रहा है। अगर मैं जताऊं कि हम अच्छे दोस्त की तरह हैं तो वो झूठ होगा। जब इंडस्ट्री में एक घर की तीन-चार लड़कियां इंडस्ट्री में आती हैं, तो वह एक-दूसरे की मदद करती हैं, मगर मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ। मैंने किसी से मदद मांगी नहीं और ना ही किसी ने मेरी मदद की। मैं वो नहीं जो दूसरों से मदद के लिए कहूं।



### पूरा परिवार एक घर में रहता था

**मीरा** ने बचपन के दिनों को भी याद किया। उन्होंने बताया कि वो एक बड़ी ज्वाइंट फैमिली का हिस्सा थीं और सभी एक घर में ही रहते थे। उन्होंने आगे कहा- जब कोई बड़ा हो जाता है, तो बाकी लोग छोटे लगते हैं।

### फिल्म 1920 लंदन से बॉलीवुड में किया था डेब्यू

**मीरा** चोपड़ा ने 1920 लंदन से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही उन्हें संदीप सिंह के डायरेक्शन में बनी फिल्म सफेद में देखा गया है।

### प्रियंका नहीं उनकी फैमिली के साथ अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं मीरा

**मीरा** ने बताया कि प्रियंका चोपड़ा के परिवार के साथ उनका अच्छा रिश्ता है। वो प्रियंका की शादी में भी गई थीं। मगर वो परिणीति के परिवार से साथ उतना अच्छा बॉन्ड नहीं शेयर करतीं। उनके और परिणीति के परिवार में लंबे समय से बातचीत भी बंद है। इस कारण वो राघव-परिणीति की शादी में शामिल नहीं हुई थीं।

### विश्व शांति के लिए दलाई लामा सहित 33 देशों के विद्वानों ने की प्रार्थना



**बोधगया।** राज्य के बोधगया में महाबोधि मंदिर स्थित स्तूप के समीप शनिवार सुबह बोधि वृक्ष के नीचे विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इसमें तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा के साथ 33 देशों के बौद्ध धर्म के विद्वान और श्रद्धालु शामिल हुए। दलाई लामा ने कहा कि बोधगया पावन भूमि है, जो विश्व के विशेष स्थलों में से एक है। इस पावन भूमि में भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। बोधगया विश्व की खास स्थली है। महाबोधि मंदिर में विश्व शांति की कामना को लेकर हुए विशेष प्रार्थना में बुद्धं शरणम् गच्छामि से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। विश्व शांति की प्रार्थना बौद्ध विद्वानों एवं श्रद्धालुओं ने अपने-अपने देश की भाषाओं में की। भारतीय भाषा के साथ विश्व शांति की कामना की प्रार्थना शुरू हुई। इसके बाद श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, कंबोडिया, ताइवान, कोरिया, वियतनाम, तिब्बत जापान आदि देशों की भाषाओं में विश्व शांति की प्रार्थना की गई।

## भारत के बाहर अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए : एस जयशंकर

**गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बोले विदेश मंत्री**

**एजेंसी, गांधीनगर**



अमेरिका में खालिस्तानी अलगाववादी ताकतों की ओर से एक मंदिर की दीवार पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की घटना पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने कहा कि भारत के बाहर अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। हमारे दूतावास ने वहां की सरकार और पुलिस से इसकी शिकायत की है, जांच जारी है।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर शनिवार को गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। कहा कि यह भारतीय कूटनीति की उपलब्धि रही है कि हम कई प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं। चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भू-राजनीतिक विचार अक्सर विश्वसनीय भागीदारों की पहचान करने के इर्द-गिर्द घूमते हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारतीय कूटनीति की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही कि हम अक्सर प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ संबंध बनाने में सफल रहे हैं।' विदेश मंत्री ने आतंकवाद पर बात करते हुए कहा, 'आप लोग यह नहीं समझें कि आतंकवाद की शुरुआत अभी हुई है। यह हमारी आजादी के समय शुरू हुआ, जब पूरे पाकिस्तान से तथाकथित हमलावर यहां आ गए। इस देश में बहुत कुछ बदल गया है। मेरे लिए सबसे ज्यादा कोई चौंकाने और बदलाव लाने वाला समय है तो वो मुंबई का 26/11 हमला। कई लोग बहुत भ्रमित थे जब तक कि उन्होंने 26/11 के आतंकवाद की वास्तविक तस्वीरें नहीं देखी थीं।' उन्होंने कहा, 'अब हमें सबसे पहले इसका मुकाबला करने की आवश्यकता है। कुछ लोगों ने 26/11 के बाद भारत की दूसरा गाल आगे करने की प्रतिक्रिया की तारीफ की। जबकि मुझे नहीं लगता अब देश का यह मूड है। मुझे नहीं लगता कि इसका कोई मतलब है। मुझे नहीं लगता कि इसका रणनीतिक मतलब है। अगर कोई सीमा पार आतंकवाद का अभ्यास कर रहा है तो आपको जवाब देना चाहिए।'

गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में कुल 414 छात्रों को विभिन्न स्नातकीय उपाधियों से पुरस्कृत किया गया। इसमें 30 डिप्लोमा, 85 स्नातक, 169 स्नातकोत्तर, 127 स्नातकोत्तर डिप्लोमा, और तीन डॉक्टरेट की उपाधियां शामिल हैं।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

**मेष :** जब सेहत से जुड़ा मामला हो तो खुद को अनदेखा नहीं करना चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें। अगर आप अपने करीबी लोगों के साथ समय नहीं गुजारेंगे, तो वे आपसे नाराज हो सकते हैं।

**वृषभ :** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं। खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं, बल्कि थोड़ी देर का पागलपन है।

**मिथुन :** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। अगर आप लंबे वक्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-खासा फायदा हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ेगा, जो आपको तनाव दे सकता है।

**कर्क :** मनोवैज्ञानिक डर आपको बेचैन कर सकता है। सकारात्मक सोच और हालात के उजले पहलू को देखना आपको इससे बचा सकता है। लंबे अरसे को मद्देनजर रखते हुए निवेश करें। अपने घर के वातावरण में कुछ बदलाव करने से पहले आपको सभी की राय जानने की कोशिश करनी चाहिए।

**सिंह:** यह हंसी की चमक से उजला दिन है, जब ज्यादातर चीजें आपके मन के मुताबिक होंगी। आर्थिक समस्याओं ने रचनात्मक सोचने की आपकी क्षमता को बेकार कर दिया है। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे।

**कन्या :** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा। ऐसा दिन है जब काम का दबाव कम रहेगा और आप परिवार के साथ समय बिताने का मज़ा ले पाएंगे। अपने प्रिय के बिना समय बिताने में दिक्कत महसूस करेंगे।

**तुला :** व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। अतिरिक्त आय के लिए अपने सृजनात्मक विचारों का सहारा लें। दोस्तों का सहयोग मिलेगा, लेकिन जीवन-साथी के साथ किसी छोटी-सी बात पर अनबन घर की शांति को भंग कर सकती है।

**वृष्चिक:** खुद को ज्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफरत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी। खर्चों में बढ़ोतरी होगी, जो परेशानी का सबब साबित हो सकती है।

**धनु:** बहुत ज्यादा खाने से बचें और अपने वजन पर नजर रखें। खर्चों में इजाफा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी संतुलित कर देगी। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। आज प्यार की कमी महसूस हो सकती है। आज सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत है।

**मकर :** विश्वास कीजिए कि खुद पर यकीन ही बहादुरी की असली परख है, क्योंकि इसी के बल पर आप लंबे वक्त से चली आ रही बीमारी से निजात पा सकते हैं। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को संभाल लेगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** जल्दबाज़ी में लिया फैसला परेशानी में डाल सकता है। कोई भी निर्णय लेने से पहले ठंडे दिमाग से सोचें। आर्थिक तंगी से बचने के लिए अपने तयशुदा बजट से दूर न जाएं। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मौज-मस्ती करें। निजी मसले नियंत्रण में रहेंगे।

**मीन :** विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। होशियारी से निवेश करें। ऐसा लगता है कि पारिवारिक-मोर्चे पर आप ज्यादा खुश नहीं हैं और कुछ अड़चनों का सामना कर रहे हैं। लंबे वक्त से चले आ रहे झगड़ों को सुलझा लें, क्योंकि हो सकता है कि कल बहुत देर हो जाए।

### आज का पंचांग

**(24 दिसंबर, 2023)**

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** मार्गशीर्ष, **शुभ मुहूर्त:** अभीजित सुबह 11:59 -12:41 दोपहर तक, **तिथि :** त्रयोदशी 05:57 सुबह तक, **नक्षत्र :** कृत्तिका 09:19 रात्रि, **पक्ष :** शुक्ल **राहुकाल :** सुबह 04:12 -05:30 सुबह तक

**सूर्योदय : 07:10 | सूर्यास्त : 05:30**

### व्रत त्योहार

- विशेष अनंग त्रयोदशी व्रत
- प्रदोष व्रत
- राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस।

### श्रीलंका की जेलों में बंद हैं क्षमता से दोगुना कैदी



**कोलंबो।** श्रीलंका की जेलों में क्षमता से दोगुना अधिक कैदी बंद होने से स्थिति गंभीर हो गई है। हाल ही में ड्रग्स और अंडरवर्ल्ड गतिविधियों के खिलाफ हुई कार्रवाई में पकड़े गए 10,000 से अधिक संदिग्धों को जेलों में ठूंसा गया है। अधिकारी विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

श्रीलंका के प्रमुख अखबार डेली मिरर ने अपने ऑनलाइन संस्करण में जेलों की स्थिति पर रिपोर्ट में यह समस्या उठाई है। डेली मिरर के अनुसार, देशभर की 30 जेलों में 30,000 से अधिक कैदी बंद हैं। हालांकि इन जेलों में केवल 13,000 कैदियों को रखने की क्षमता है। जेल में बंद आधे से अधिक कैदी कानूनी प्रक्रिया में देरी के कारण लंबे समय से सलाखों के पीछे फंसे हुए हैं। यह मुकदमे के निस्तारण का इंतजार कर रहे हैं।

**सम्मान** पूर्व राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय प्रतिभाओं को प्रदान किया पुरस्कार

# जनरल वीके सिंह, आचार्य लोकेश मुनि और उमाशंकर पांडेय को जेपी अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राजधानी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय देश की शीर्ष प्रतिभाओं को जेपी अंतरराष्ट्रीय अवार्ड और राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह, आचार्य लोकेश मुनि, पद्मश्री उमा शंकर पांडेय और अर्जुन अवार्डी हरविंदर सिंह भी हैं। समारोह का आयोजन अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम सभागार में किया गया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि जेपी के इस महत्वपूर्ण योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मूलत: वे गांधीवादी भारत के निर्माण के पक्षधर थे। असलियत में वह गांधी मार्ग के पथिक थे। सम्मान समारोह का आयोजन लोकनायक जयप्रकाश अध्ययन केंद्र ने किया। समारोह में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को लाइफ टाइम अचीव मेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही जेपी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से आचार्य लोकेश मुनि (समाजसेवा), पद्मश्री उमाशंकर पांडेय (पर्यावरण), पद्मश्री और कुलपति डॉ. बिमल प्रसाद सिंह, श्री अर्जुन अवार्डी हरविंदर सिंह (हॉकी), सीआईएसएफ की नीना सिंह, पंकज बेरी (फिल्म एंड टेलीविजन), जितेंद्र कुमार नंदा (रोटरी क्लब ) और डॉ. राजीव श्रीवास्तव (सिने व्याख्याता) को नवाजा गया।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517